


ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

वैशाख शुक्ल पक्ष 07, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), मंगलवार, 14 मई 2024, वर्ष-30, अंक- 205, पृष्ठ-12 | मूल्य ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित




**सेंसेक्स** 72,776.13 ▲ +111.66
**डॉलर** 83.508 ▼ -0.040

**पलामू सर्राफा**
सोना (10 ग्राम) 71,960
चांदी (1 किलो) 84,560

## पलामू संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में 59.99 प्रतिशत मतदान

# झारखंड की चार सीटों पर 63.14 फीसदी वोटिंग

### सबसे ज्यादा सिंहभूम, सबसे कम पलामू में वोट पड़े

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** देश के चौथे और राज्य के पहले चरण का मतदान शांतिपूर्ण सम्पन्न हो गया। पलामू , लोहरदगा, सिंहभूम और खूँटी क्षेत्र में मतदाताओं को रूझान सुबह से ही देखने को मिला। शाम में पांच बजे तक पलामू 59.99 प्रतिशत , लोहरदगा में 62. 60 प्रतिशत, खूँटी 65.82 प्रतिशत और सिंहभूम में 66.11 प्रतिशत मतदान हुए हैं। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में मतदाताओं का विशेष रूझान देखने को मिला है। पलामू संसदीय क्षेत्र के बूढ़ा पहाड़ इलाके मतदाताओं की भारी भीड़ देखी गई।

पलामू के हुसैनाबाद के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेनीकला मतदान केन्द्र संख्या 188 पर साढ़े सात बजे तक मतदान का हुआ है। यहां कुल 1350 वोटरों में 675 लोगों ने मतदान किया है। इवीएम में तकनीकी खराबी के कारण यहां विलंब हुआ। इसी तरह पाटन के कररकला गांव में साढ़े आठ बजे तक मतदान होने की सूचना है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के सभी मतदान केन्द्रों पर सात बजे मतदान शुरू हो गया। सभी केन्द्रों पर मतदाताओं की भीड़ देखी गई। हैदरनगर के भाग संख्या 110 पर इवीएम में कुछ खराबी के कारण वोटिंग थोड़ा विलंब से शुरू हुई। इसी तरह हुसैनाबाद के बूथ संख्या 44पर भी इवीएम मशीन के खराब होने पर मतदान देर से शुरू हुआ। हैदरनगर में पश्चिमी पंचायत स्थित मतदान केन्द्र पर मतदाताओं की कतार मतदान समय से पहले ही जमा हो गई थी। मतदान के दौरान कई दिव्यांग और 85 आयु वर्ग के मतदाता भी अपना मत देने पहुंचे। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारी, प्रेक्षक व सेक्टर मजिस्ट्रेट घूमते नजर आये। नौ बजे तक के रूझान के अनुसार 11.47 प्रतिशत वोटिंग हुई। गढ़वा में 10.9 और भवनाथपुर में 12.07 प्रतिशत वोटिंग हुई। वहीं पांच बजे तक मतदान प्रतिशत इस प्रकार रहाः डालटनगंज 60.62विश्रामपुर 58.60, छतरपुर 59.20, हुसैनाबाद 55.03,गढ़वा विधान सभा में 62.74 और भवनाथपुर विधानसभा में 62.11 प्रतिशत मतदान हुआ। संसदीय क्षेत्र का कुल मतदान प्रतिशत 59.99 प्रतिशत रहा। हुसैनाबाद के संडा स्त्रोनत उच्च विद्यालय बूथ पर एसडीपीओ मुकेश महतो काफी सक्रिय दिखाई दिए। इस दौरान भाजपा प्रत्याशी वीडी राम और राजद प्रत्याशी ममता भुइयां सहित सभी उम्मीदवार भ्रमण करते नजर आये।





### गर्मी और धूप में भी मतदाताओं ने मतदान किया इसके लिए हम शुक्रगुजार हैं : डीईओ



**मेदिनीनगर।** पूरे जिलें में शातिपूर्ण मतदान कम्पलीट हो गया है। हमारी पोलिंग पार्टी का आना शुरू हो गया है। 2206 पोलिंग पाटियां सोमवा.र देर रात तक आ जायेंगी। पोलिंग पार्टियां आज मंगलवार को वापस आयेंगी। उक्त बातें जिला निर्वाची शशि रंजन ने जीएलए कॉलेज स्थित डिस्पैच सेंटर में पत्रकारों बात करते समय कही। उन्होंने कहा कि इस पूरे चुनाव में कहीं कोई हिंसा की घटना नही हुई। सोमवार को पांच प्राथमिकी दर्ज की गई। एक प्राथमिकी इसलिए दर्ज की गई कि कुछ लोग बूथ पर जाने से कुछ-एक को रोक रहे थे। बाकी सारे इसलिए किए गए कि एक राजनीतिक पार्टी पर्चा बांटने के दौरान अपनी पार्टी का नारा लिखा हुआ पर्ची मतदाताओं को दे रहे थे। निर्वाची पदाधिकारी ने कहा कि इसके अलावे कई बिंदु हैं। जिसका उल्लेख करना है। इसके अलावे इवीएम को रिफ्रेस किया गया है। साथ ही वीवीपैड को भी कई जगहों पर रिफ्रेस किया गया है। बाकी अन्य जगहों पर इवीएम कोई भी समस्या नहीं पायी गई है। पांच बजे तक मतदान प्रतिशत 60 प्रतिशत है। जो और बढ़ने की संभावना है। एक-दो प्रतिशत बढ़ने की संभावना है। जिसकी सूचना हम दे देंगे। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि हम प्रशासन कई तरह के कार्यक्रमों का आयोजन कर मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया है। युवा और महिलाओं के साथ बुजुर्गो मतदाताओ के लिए कुछ न कुछ एक्टिवीटी की गई है। इसका अच्छा रिसपोंस मिला है। इतनी गर्मी और धूप में भी मतदाताओं ने मतदान किया है। इसके लिए हम सबके शुक्रगुजार हैं।

### करकट्टा में बूथ संख्या 181 पर पड़े 25 वोट, बूथ संख्या 182 पर 9 वोट

#### अपर समाहर्ता कुंदन कुमार व डीडीसी रवि आनन्द ने ग्रामीणों को किया समझाने का प्रयास, ग्रामीण अड़े रहे

**नवीन मेल संवाददाता**



**उंटारी रोड।** पलामू जिले के उंटारी रोड प्रखंड के करकट्टा गांव के ग्रामीणों ने सड़क की खराब हालत को देखते हुए वोट नहीं देने का निर्णय लिया था। जिस कारण स्तरोन्नत उच्च विद्यालय करकट्टा में बूथ संख्या 181 पर 1300 मतदाता की जगह 25 वोट पड़ा। वहीं बूथ संख्या 182 पर 402 मतदाता की जगह 9 वोट पड़ा। दिन भर बूथ स्थल पर सन्नाटा पसरा रहा। रोड की जर्जर हालात को देखते हुए प्रखंड उंटारी रोड अंतर्गत करकटा गांव के ग्रामीणों ने कुछ दिन पूर्व 'रोड नहीं तो वोट नहीं' का पोस्टर लगा कर वोट बहिष्कार की चेतावनी दी थी। लेकिन प्रखंड विकास पदाधिकारी आशा साहू ने करकटा गांव पहुंच कर ग्रामीणों को समझा बुझा कर पोस्टर हटवाया था। पोस्टर हटाते हुए ग्रामीणों ने कहा था कि दो दिन में हमारी मांगों को नहीं माना गया तो पुनः हमलोग पूर्ण रूप से वोट का बहिष्कार करेंगे। वहीं वोट बहिष्कार की सूचना मिलते हीं मौके पर पहुंचे अपर समाहर्ता कुंदन कुमार व डीडीसी रवि आनन्द, प्रखंड विकास पदाधिकारी आशा साहू ने ग्रामीणों के साथ बैठकर कर काफी समझाने का प्रयास किया। इसके बाद वोट करने की अपील की। ग्रामीणों ने डीडीसी व अपर समाहर्ता कुंदन कुमार से सड़क बनाने और अस्पताल में डॉक्टर की नियुक्ति का प्रस्ताव रखा। जिसके बाद उप विकास आयुक्त ने रोड और अस्पताल का निरीक्षण कर चुनाव बाद दोनों मांगें पूरी करने का आश्वासन दिया। वोट करने की अपील किया। परंतु ग्रामीणों ने वोट देने से इंकार कर दिया। वोट नहीं पड़ने से बूथ स्थल पर सन्नाटा पसरा रहा।

### नक्सल इलाकों में वोटरों का टर्नआउट सबसे ज्यादा



- सबसे अधिक सिंहभूम संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में 66.11 प्रतिशत मतदान
- आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के 6 मामले दर्ज, मामूली झड़प के दो मामले दर्ज
- केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, सिंहभूम सांसद गीता कोड़ा सहित 45 प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में कैद

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि झारखंड में चौथे चरण के लिए हुए चार संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान शांतिपूर्ण रहा। इस दौरान आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के 6 मामले दर्ज हुए। वहीं मामूली झड़प के दो मामले भी दर्ज हुए हैं। वहीं पूरे राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के 57 मामले दर्ज किये गये हैं। वह सोमवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डा. नेहा अरोड़ा के साथ मीडिया से मुखातिब थे। उन्होंने बताया कि चार संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में शाम पांच बजे तक अनुमानित वोटर टर्नआउट 63.14 प्रतिशत रहा है। उसमें सिंहभूम (अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में वोटर टर्नआउट सर्वाधिक 66.11 रहा। वहीं खूंटी (अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में 65.82 प्रतिशत, लोहरदगा (अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित) में 62.60 और सबसे कम वोटर टर्नआउट पलामू (अनुसूचित जाति के लिए सुरक्षित) में 59.99 प्रतिशत रहा। खास बात यह रही कि सर्वाधिक नक्सल प्रभावित इलाकों में मतदाताओं का सबसे ज्यादा टर्नआउट देखा गया। पिछले पांच वर्षों में सिंहभूम में सबसे ज्यादा नक्सली घटनाएं हुई हैं। इस बार भी यहां माओवादी नक्सलियों ने चुनाव बहिष्कार का फरमान जारी किया था। लेकिन, व्यापक सुरक्षा बंदोबस्त के बीच सबसे ज्यादा इसी संसदीय क्षेत्र में वोटर निकले। कुछ इलाके तो ऐसे हैं, जहां 20 साल में पहली बार खुलकर वोटिंग हुई है। इन चारों लोकसभा सीटों में बनाए गए 7,595 बूथों में करीब साढ़े चार हजार बूथ नक्सलियों के कारण चुनौतीपूर्ण माने गए थे। मतदान संपन्न होने के बाद खूंटी में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, सिंहभूम में मौजूदा सांसद गीता कोड़ा और झारखंड सरकार की पूर्व मंत्री जोबा मांझी, पलामू में सांसद एवं पूर्व डीजीपी वीडी राम और लोहरदगा में भाजपा एसटी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव एवं कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुखदेव भगत सहित कुल 45 प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में कैद हो गई है।

## एक नजर

### केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने पत्नी के साथ किया मतदान

**सरायकेला।** केंद्रीय जनजातीय कार्य और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री और खूंटी लोकसभा से भाजपा उम्मीदवार अर्जुन मुंडा ने सरायकेला- खरसावां में सोमवार को मतदान किया। मुंडा ने खेलारीसाई के पूर्व प्राथमिक विद्यालय बूथ नंबर 172 में मतदान किया। उनके साथ उनकी पत्नी मीरा मुंडा ने भी मतदान किया।

### नरेन्द्र मोदी आज आएंगे झारखंड

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 14 मई को झारखंड आएंगे। इस दौरान गिरिडीह और कोडरमा लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी चंद्र प्रकाश चौधरी एवं अन्नपूर्णा देवी के लिए आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। मोदी गिरिडीह जिला अंतर्गत बिरनी प्रखंड के पेशम अरवाड़ मैदान में आयोजित जनसभा में एनडीए प्रत्याशी के लिए जनसमर्थन मांगेंगे। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री मोदी का झारखंड में यह तीसरा दौरा है। इसके पहले वह तीन और चार मई को दो दिवसीय दौरे पर झारखंड आये थे। इसके बाद दूसरी बार 11 मई को चतरा में जनसभा को संबोधित किया था।

### धनबाद में वाहन जांच के दौरान 12 लाख रुपये बरामद

**धनबाद।** धनबाद लोकसभा के लिए 25 मई को मतदान होना है। ऐसे में चुनाव के दौरान पैसों का दुरुपयोग रोकने के उद्देश्य से जिला प्रशासन मुस्तैदी से कार्य कर रही है। हर चौक चौराहे पर पुलिस वाहन जांच अभियान चला रही है। इसी क्रम में सोमवार को बैंक मोड़ थाना क्षेत्र और धनसार थाना क्षेत्र में वाहन जांच अभियान के दौरान दो अलग अलग गाड़ियों से 11 लाख 60 हजार 200 रुपये नकद बरामद किया गया।

### आज के मैच




**समय : 14 मई, 7:30 बजे से**
**स्थान : दिल्ली**




## मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने किया मतदान



**सरायकेला।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने सोमवार को सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत अपने पैतृक गांव झिलिंगगोडा के उत्क्रमित मध्य विद्यालय मतदान संख्या 220 में मताधिकार का प्रयोग किया। उनके साथ पत्नी मनको सोरेन, बेटे सिमल सोरेन और बबलू सोरेन समेत दोनों बहू भी मौजूद थीं। मतदान केंद्र पहुंचने पर मुख्यमंत्री ने स्थानीय लोगों का अभिवादन किया। मताधिकार का प्रयोग करने के बाद उन्होंने मीडिया से बातचीत में राज्यवासियों से लोकतंत्र के महापर्व में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की।

## अबकी बार भाजपा जीती तो अगले 10 वर्षों तक नहीं होगा चुनाव : खरगे

### कांग्रेस आएगी तो महिलाओं का मंगलसूत्र तक छीन लेगी का नया झूठ बोल रहे पीएम

**हजारीबाग/लातेहार।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोमवार को हजारीबाग के बरही में ब्लॉक मैदान में इंडी गठबंधन व कांग्रेस प्रत्याशी जेपी पटेल व लातेहार कुंदरी मैदान में कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी के पक्ष में जनसभा कर लोगों से समर्थन मांगा। उन्होंने बरही में कहा कि यह चुनाव देश के लिहाज से बहुत महत्वपूर्ण है। अबकी बार भी यदि भाजपा की जीत होती है तो अगले दस सालों तक चुनाव ही नहीं होंगे। इसलिए अभी के चुनाव में व्यक्ति को ही नहीं चुनना है, संविधान को भी बचाने का प्रयास करना है। यदि जनता ऐसा नहीं चाहती तो उनकी मर्जी लेकिन कांग्रेस आखिरी दम तक संघर्ष करेगी। उन्होंने केंद्र सरकार पर तानाशाही रवैया अपनाने का आरोप लगाया। कहा, केंद्र हेमंत सोरेन को डरा-धमकाकर एनडीए के साथ लाना चाहती थी लेकिन हेमंत के हिम्मत की सराहना होनी चाहिए कि उन्होंने जेल जाना पसंद किया लेकिन भाजपा के सामने झुके नहीं।

#### रॉयल्टी का पैसा मांगने पर जेल में डाल दिया : कल्पना सोरेन

जनसभा में कल्पना सोरेन ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि झारखंड के हिस्से की रॉयल्टी का पैसा मांगने पर नहीं दिया, बल्कि हेमंत सोरेन को जेल में डाल दिया। उपेक्षाओं के बावजूद हेमंत लगातार गरीबों के लिए काम कर रहे थे। अबुआ आवास, सर्वजन पेंशन, राशन कार्ड में नाम जोड़े जाने सहित कई काम किया था। अब लोगों को तय करना है कि उन्हें रंगीला चश्मा पहनना है या कड़वे सच को भी देखना है। कौन आपके लिए काम करने वाला है, यह परखने का समय है। झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर भी चुनावी सभा को संबोधित किया।

## रांची ईडी कोर्ट ने हेमंत सोरेन की जमानत याचिका खारिज की



**रांची।** ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन ने जमीन घोटाला मामले में आरोपित पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत याचिका सोमवार को खारिज कर दी। इससे पहले चार मई को सुनवाई के दौरान हेमंत सोरेन और ईडी की ओर से लगभग एक घंटे से ज्यादा समय तक हुई बहस के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। बहस के दौरान बचाव पक्ष ने हेमंत सोरेन को जमानत देने के लिए दलीलें पेश की जबकि ईडी ने उनकी दलीलों का पुरजोर विरोध किया था। जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अधिवक्ता के माध्यम से 15 अप्रैल को जमानत याचिका दाखिल की थी। इस केस के प्रमुख आरोपित पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और बड़गाईं अंचल के हल्का कर्मचारी भानु प्रताप फिलहाल बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में न्यायिक हिरासत में बंद हैं। हेमंत सोरेन को ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 30 जनवरी की रात इस्तीफा देने के बाद गिरफ्तार कर लिया था।

## इंडिया

# व्यक्ति के अधिकार की लड़ाई अब सर्वोच्च न्यायालय में



सुनील बादल

**व्यक्ति** को जन्म के साथ ही प्रकृति से कुछ अधिकार प्राप्त होते हैं, जिनमें जीवन, स्वतंत्रता और संपत्ति के अधिकार सर्वोपरि हैं। इन निजी अधिकारों की रक्षा करना प्रकृति के नियमों की रक्षा करना है, जो नैसर्गिक न्याय के सिद्धांत का मूल तत्व भी है। इस सामान्य नियम पर अक्सर विवाद होते रहे हैं कि भारत जैसे देश में संसाधनों या संपत्ति पर अधिकार समुदाय का है या फिर निजी व्यक्ति का। ऐसा ही प्रश्न एक बार फिर न्यायालय के समक्ष लाया गया है। संविधान के अनुच्छेद 39 (बी) तथा (सी) के प्रावधानों की व्याख्या नौ-न्यायाधीशों की एक पीठ द्वारा की जाएगी, जो स्वाभाविक रूप से ऐतिहासिक होगी।

लेकिन पहले इस विषय को समझ लेना जरूरी है। गौरतलब है कि कर्नाटक राज्य बनाम रंगनाथ रेड्डी, 1978 मामले में न्यायमूर्ति वी. आर. कृष्णा अय्यर ने कहा था कि संसाधनों पर समुदाय के स्वामित्व की संकल्पना में सभी प्राकृतिक व भौतिक संसाधन तथा सार्वजनिक और निजी संसाधन शामिल होंगे। प्रश्न यह है कि यदि निजी संसाधनों पर व्यक्ति का अधिकार सुरक्षित नहीं है, तो आज की आर्थिक रूप से उदारीकृत व्यवस्था में जब निजी निवेश जरूरी हो गया है, तो हम निवेशकों को कैसे प्रेरित कर पाएंगे? इस पर विचार करने से पहले यह देखना जरूरी है कि संविधान निमार्ताओं ने सार्वजनिक और निजी अधिकारों को किस प्रकार संतुलित किया है और वर्तमान परिदृश्य में उसकी व्याख्या कैसे की जानी चाहिए।

मूल संविधान में उदारवादी और समाजवादी, दोनों ही विचारों को शामिल किया गया है, जिसके आधार पर लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के साथ आवश्यकतानुसार संसाधनों के वितरण पर समान बल है। यही हमारे संविधान की सबसे बड़ी विशेषता है, जिसके लिए वह शासन व्यवस्था को निर्देश देता है, ताकि लोकतांत्रिक समाजवाद के लक्ष्य की प्राप्ति कर भारत को कल्याणकारी राज्य बनाया जा सके। हालांकि हमने समाजवादी विचारों को शामिल करने की प्रेरणा सोवियत संघ से ली है, लेकिन भारतीय समाजवाद अपने आप में अनूठा है, क्योंकि इसमें उदारवादी गुणों का मिश्रण है। इसका अर्थ यह है कि संविधान संसाधनों का आवश्यकतानुसार वितरण कर लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा करने का प्रावधान करता है।

इसी कारण अनुच्छेद 39(बी) और (सी) में क्रमशः भौतिक संसाधनों पर समुदाय के स्वामित्व और उत्पादन के साधनों के कुछ लोगों के पास इकट्ठा होने पर रोक लगाने का प्रावधान है। इन्हीं समाजवादी सिद्धांतों को ध्यान में रखते हुए पहले संशोधन अधिनियम 1951 से अनुच्छेद 31 ए, 31 बी और नौवीं अनुसूची को जोड़ा गया था। राज्य द्वारा भूमि अधिग्रहण और उसके वितरण का प्रावधान करने के लिए भूमि सुधार अधिनियमों को नौवीं अनुसूची में शामिल कर उन्हें न्यायिक समीक्षा से छूट दी गई थी। इसी प्रकार, 25वें संशोधन से अनुच्छेद 31सी जोड़कर भूमि सुधार संबंधी निदेशक तत्वों, विशेष कर अनुच्छेद 39 (बी) और (सी) को संरक्षण दिया गया है।दूसरी ओर, मूल संविधान में अनुच्छेद 31 के तहत व्यक्तियों को संपत्ति का मूल अधिकार देकर उदारवादी लोकतंत्र की स्थापना की गई थी। यानी व्यक्ति के निजी अधिकारों को भी समान महत्व दिया गया था। 1976 में 42वें संशोधन अधिनियम से संविधान की उद्देशिका में ह्यसमाजवादीह्ण शब्द जोड़े जाने के बाद उदारवादी लोकतंत्र और समाजवादी सिद्धांतों के बीच एक टकराव की स्थिति पैदा हो गई, क्योंकि समाजवादी देशों में संपत्ति पर निजी अधिकारों को वरीयता नहीं दी जा सकती है। इसी कारण, 44वें संशोधन अधिनियम, 1978 से इसे मूल अधिकार से हटाकर अनुच्छेद 300ए में एक कानूनी अधिकार बना दिया गया, ताकि राज्य विधि के तहत निजी संपत्ति का नियमन कर सके। पर इसका मतलब यह नहीं है कि देश में लोगों को निजी संपत्ति का अधिकार नहीं है और राज्य समुदाय के स्वामित्व के नाम पर उसका अधिग्रहण नहीं कर सकता है, जब तक कि संपत्ति निर्धारित सीमा से अधिक नहीं हो। ऐसी व्यवस्था जन कल्याण के उद्देश्य से की गई है। आज जब आर्थिक विकास में निजी निवेश की भूमिका अपरिहार्य हो गई है, इसके बिना जन कल्याण की परिकल्पना नहीं की जा सकती।



भारत के संविधान में लोकतंत्र को सर्वोपरि माना गया है और संसाधनों का वितरण अर्थात समाजवादी सिद्धांत उसकी प्राप्ति के साधन हैं। इसके अलावा, संपत्ति का अधिकार एक प्राकृतिक अधिकार भी है, जिसके कारण इसका मूल तत्व नैसर्गिक न्याय है। भारत में जब मूल अधिकारों की प्रेरणा ली गई, तो जीवन और स्वतंत्रता के अधिकारों को एक साथ रखा गया और संपत्ति के अधिकार को सामुदायिक बनाया गया था। पर इसका अर्थ यह नहीं है कि यहां संसाधनों पर निजी अधिकारों का महत्व कम है और इन्हें छीना जा सकता है।भारतीय संविधान की सबसे बड़ी विशेषता है कि यह लोकतांत्रिक है तथा निजी अधिकारों व समाजवादी सिद्धांतों के बीच इसमें संतुलन है। बाजार अर्थव्यवस्था के प्रसार के बाद राज्य, बाजार और नागरिक समाज, सभी हितधारकों द्वारा एक साथ समन्वय बनाते हुए कार्य करना आवश्यक है। ऐसी स्थिति में, संविधान में अंतर्निहित सिद्धांतों की उदारवादी व्याख्या जरूरी है। इसी संदर्भ में अनुच्छेद 39 (बी) में उल्लिखित समुदाय के स्वामित्व वाले प्रावधानों को भी समझा जाना चाहिए। मौजूदा परिस्थिति में यदि निजी अधिकारों को केवल इस आधार पर निर्बंधित किया गया कि संसाधनों में निजी संपत्ति भी शामिल है, तो यह लोकतांत्रिक मूल्यों के विरुद्ध होगा। संविधान में संपत्ति का अर्थ मुख्यतः भूमि संसाधन है, क्योंकि अनुच्छेद 39 (सी) में उल्लिखित शब्द 'उत्पादन के साधन' में मुख्यतः भूमि और पूंजी शामिल हैं, जिनके जमा होने पर रोक लगाई गई है। दूसरी ओर, अनुच्छेद 31सी में भूमि सुधार संबंधी निदेशक तत्वों को अधिकारों पर वरीयता देने का अर्थ निजी अधिकारों को छीनना नहीं है। वस्तुतः अधिकारों और निदेशक तत्वों के बीच सामंजस्य होना चाहिए। अतः संसाधनों पर सामुदायिक स्वामित्व की व्याख्या कर निजी अधिकारों का उल्लंघन नहीं किया जाना चाहिए।

## एक नजर

### प्रखंड में शांतिपूर्ण हुआ लोकसभा चुनाव



**रामगढ़।** प्रखंड में सोमवार को लोकसभा चुनाव के लिए रामगढ़ प्रखंड में 33 बूथों के साथ रामगढ़ प्रखंड के सातों पंचायत में मतदान का आयोजन हुआ। जिसमें प्रखंड विकास पदाधिकारी नितेश भास्कर ने कई बूथों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि 33 बूथों पर 132 मतदान कर्मी के सहयोग से शांति पूर्ण चुनाव संपन्न हुआ। जिसमे रामगढ़ प्रखंड में पुरुषों के अपेक्षा महिला वोटर बड़ चढ़कर अपना मतदान किया। रामगढ़ प्रखंड का वोट प्रतिशत शाम 5 बजे तक 60 प्रतिशत मतदान हुआ।

### बूथ पर एक ही समुदाय के लोग उलझे, मामले को शांत कराया

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड के रामबांध पंचायत के बूथ संख्या 7 पर एक समुदाय के लोगो पर नरेश पासवान व अन्य बीजेपी के चार एजेंटों ने मारपीट कर भगाने का आरोप लगाया गया है। नरेश पासवान, अभिषेक कुमार, अनील कुमार व अन्य ने बताया कि कम आयु की महिलाओं को मतदान में शामिल कराने के बाद आपति व एकतरफा मतदान कराने को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया। घटना के वक्त पुलिस बल की मात्र डंडा पार्टी मौजूद थी। इसकी सूचना मिलने पर इस बूथ पर आर्म्स फोर्स तत्काल मुस्तैद किया गया। उन्होंने बताया कि प्रशासनिक दिशा निर्देश के तहत सभी मतदान सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में कराया गया है। इसके फुटेज ही मामले को उजागर करेगा। इस संबंध में हैदरनगर थाना मे भुक्तभोगी द्वारा लिखित आवेदन दिया गया है।

# हरिहरगंज में 59.33 व पिपरा में 58.60 प्रतिशत हुआ मतदान



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** पलामू लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के हरिहरगंज तथा पिपरा प्रखंड में सोमवार को कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान संपन्न हुआ। इनमें हरिहरगंज प्रखंड के कुल 61 मतदान केंद्रों पर 59.33 प्रतिशत तथा पिपरा प्रखंड में कुल 30 मतदान केंद्रों पर 58.60 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाला। इनमें सबसे अधिक हरिहरगंज प्रखंड के अम्बा मतदान केंद्र संख्या 319 में 76.36 प्रतिशत तथा सबसे कम सुल्तानी के बूथ संख्या 332 पर 41.07 प्रतिशत मतदान हुआ। जबकि पिपरा प्रखंड के बूथ संख्या 274 पर सबसे अधिक 64.77 प्रतिशत मतदान हुआ व सबसे कम बूथ संख्या 261 पर 44.5 प्रतिशत मतदान हुआ। मतदान के लिए युवा, वृद्ध महिला में खासा उत्साह देखा गया। हरिहरगंज में दिव्यांग मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर वोट डाला। हरिहरगंज में कुल 92.45 तथा पिपरा में 81.81 दिव्यांग मतदाताओं ने वोट डाला। सभी बूथों पर सुरक्षा के प्रबंध के साथ-साथ मतदाताओं के सहायता के लिए बीएलओ, स्वयंसेवको की तैनाती की गयी थी। सहायक निर्वाचन पदाधिकारी सह बीडीओ कुमार अरविंद बेदिया प्रखंड कार्यालय स्थित कंट्रोल रूम में पाल-पाल की जानकारी लेते रहें। उधर डेमा स्थित बूथ संख्या 318 पर पूर्व विधायक सह आजसू के केंद्रीय उपाध्यक्ष कुशवाहा शिवपूजन मेहता तथा कन्या मध्य विद्यालय मतदान केंद्र पर भाजपा के किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यकारणी समिति सदस्य मुन्ना विश्वकर्मा अपने परिजनों के साथ जाकर मतदान किया। जबकि हरिहरगंज पुलिस इंस्पेक्टर चंदन कुमार, पिपरा थाना प्रभारी बिमल कुमार व पथरा ओपी प्रभारी मंटू कुमार ने विभिन्न मतदान केंद्रों पर पहुंचकर सुरक्षा का जायजा लिया।

## नावाबाजार प्रखंड में नए मतदाताओं में दिखा उत्साह का माहौल



**नवीन मेल संवाददाता**

**नावाबाजार।** प्रखंड क्षेत्र में लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाता काफी उत्साहित दिखे। प्रखंड के सभी मतदान केन्द्रों पर मतदाता सुबह 7 बजे से हीं लंबी कतार में खड़े होकर शांतिपूर्ण तरीके से मतदान किया। वहीं नए मतदाता जो पहली मतदान करने पहुंचे थे। उनमें काफी उत्साह देखा गया। सभी मतदान केन्द्रों पर वृद्ध व दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हीलचेयर की व्यवस्था की गई थी। वहीं दवा पानी आदि की भी व्यवस्था की गई थी। शांति पूर्ण मतदान को लेकर पुलिस प्रशासन हर बूथ पर मुस्तैद थी। नावा बाजार बीडीओ विजय प्रकाश मरांडी व थाना प्रभारी चिंटू कुमार सभी केंद्रों पर पहुंच निरीक्षण करते हुए मतदाताओं को शांतिपूर्ण तरीके से मतदान कराया। मतदान को लेकर महिला वोटर आगे दिखे। घर का कामकाज कर बूथ पर मतदान के लिए निकले। मौके पर ईएचओ राधेश्याम बैरवा, एमपीडब्ल्यू लाल यादव, एएनएम विभा कुमारी सुभद्रा चौहान, सहिया बसंती देवी बीएलओ आशा देवी, कनीय अभियंता शैलेश कुमार, मिन्हाज आलम, एएसआई सुधीर कुमार, भुनेश्वर तुरी, आनंद रजवार, रोजगार सेवक अमित कुमार सिन्हा, विद्यापति रमाकांत तिवारी, विकास पांडेय सहित कई लोग मौजूद थे।

### हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र में लोकसभा का मतदान हुआ शांतिपूर्ण

## पुलिस प्रशासन रहे सक्रिय, पलामू एसपी, एसडीओ, एसडीपीओ ने लिया कई बूथों का जायजा

### वोटर आईडी रहते हुए भी मतदाता सूची में नाम नहीं रहने के कारण कई मतदाता वोट देने से रहें वंचित



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** लोकसभा चुनाव के चौथे चरण का मतदान सोमवार को शांति पूर्ण संपन्न हो गया। चुनाव को लेकर मतदाताओं में काफी उत्साह रहा। जबकि निर्भीक व शांतिपूर्ण मतदान के लिए स्थानीय प्रशासन व मतदान कर्मी सक्रिय रहें। क्षेत्र में चुनाव के निर्धारित समय से पूर्व ही सभी बूथों पर मतदाताओं की संख्या बढ़ने लगी थी। मतदान का समय शुरू होते ही मतदाताओं की संख्या कतार में जुटने लगी। लू व गर्मी के बावजूद भी मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। जिसमें नए मतदाताओं में काफी उत्साह देखा गया। इसके अलावे बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाता भी अपने-अपने मतों का प्रयोग किया। हुसैनाबाद क्षेत्र के संवेदनशील व अति संवेदनशील मतदान केंद्रों पर लोग निर्भीक होकर अपने-अपने घरों से निकलकर मत का प्रयोग किया। शांतिपूर्ण मतदान के लिए एसडीओ सह निर्वाची पदाधिकारी पीयूष सिन्हा, एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो, सीओ पंकज कुमार, एलआरडीसी गौरांग महतो, थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह समेत पुलिस के जवान सक्रिय रहें। वहीं मतदाता सूची को लेकर भी कई मतदाता परेशान दिखें। उनके पास वोटर आईडी तो था। लेकिन मतदाता सूची में नाम अंकित नहीं था। जिसके कारण वे वोट देने से वंचित रहे। मतदान को लेकर पलामू एसपी रिष्मा रमेशन ने क्षेत्र के कई बूथों का निरीक्षण किया। शांतिपूर्ण मतदान को लेकर पदाधिकारियों को कई निर्देश दिया। वहीं मतदाताओं से निर्भीक होकर मतदान करने की अपील कर रहे थे।

## 12वीं में अमित गुप्ता 91.2 प्रतिशत और रुचि कुमारी 85.6 प्रतिशत अंक लाकर बने स्कूल टॉपर

### संत मरियम स्कूल के वाणिज्य संकाय का परीक्षा परिणाम संतोषजनक



AMIT KUMAR GUPTA 91.2 %



RUCHI KUMARI 85.6 %



PRIYA KUMARI 85 %





JHALAK RAJ 82 %

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** संत मरियम विद्यालय 12 वीं वाणिज्य संकाय में अमित गुप्ता 91.2 प्रतिशत ,रुचि कुमारी 85.6 प्रतिशत के साथ विद्यालय के टॉपर रहे। 12 वीं विज्ञान संकाय (जीवविज्ञान) में अंजली सिंह 95 प्रतिशत,आकांक्षा भारती 93.4 प्रतिशत प्रतीक्षा कुमारी 92.8 प्रतिशत, अंसु कुमारी 86.8 प्रतिशत ,प्रिया कुमारी 85प्रतिशत और झलक राज 82 प्रतिशत के साथ विद्यालय टॉपर रहे। वही 12 वीं विज्ञान संकाय (गणित) में अंकित राज 93.4 प्रतिशत ,सुजल कुमार गुप्ता 92.6 प्रतिशत , अंगद सिंह 88 प्रतिशत ,रश्मि कुमारी 84.2 प्रतिशत ,आयुष रंजन त्रिपाठी 83.8 प्रतिशत ,अभिजीत सोनी 83.2प्रतिशत , किसलय कौशल 82.4प्रतिशत, दिव्यांश अमृत 80.6 प्रतिशत के साथ विद्यालय के शीर्ष छात्र रहे।

## हुसैनाबाद के मतदान केंद्र संख्या 124 पर चिलचिलाती धूप में खड़े रहे मतदाता, लोगों में नाराजगी



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** लोकसभा चुनाव का चौथे चरण जबकि झारखण्ड में प्रथम चरण का मतदान संपन्न हो गया। लेकिन मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के लिए की गयी नाकाफी थी। हुसैनाबाद शहर के कई बूथों पर तो विधिवत टेंट और छाया की व्यवस्था की गई थी लेकिन शहर के मतदान केंद्र संख्या 124 निबंधन कार्यालय हुसैनाबाद के बूथों पर मतदाताओं को लाम्बी कतार दिखी। चिलचिलाती धूप में मतदाता घंटों लाइन में लगे रहे। लोगों ने गमछा और अन्य दूसरे चीजों का सहारा लिया। जनता की नाराजगी और हंगामा को देखते हुए अंचलाधिकारी सह निबन्धन पदाधिकारी व अन्य पदाधिकारियों ने आनन फानन में टेंट लगाने के लिए सक्रिय दिखे। मतदाताओं ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि एक तरफ जिला प्रशासन मतदाता जागरूकता अभियान चलाता है वहीं मतदान केंद्रों पर व्यवस्था के नाम पर शून्य साबित हो रहा है।

## शौर्य 86.4 प्रतिशत अंक लाकर बना रोटरी का स्कूल टॉपर, 12वीं में सभी छात्र प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** बारहवीं का छात्र शौर्य कुमार ने 86.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। रोटरी स्कूल चैनपुर का परिणाम शत प्रतिशत रहा। इस वर्ष 12वीं में कुल 76 परिक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए थे। सभी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। बारहवीं का छात्र शौर्य कुमार ने 86.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। 58 परिक्षार्थी 75 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त किया है। शेष ने 60 प्रतिशत से ऊपर अंक लाए। विज्ञान संकाय में शौर्य कुमार ने86.4 प्रतिशत अंक तथा वाणिज्य संकाय में अनु कुमारी ने 84.2 प्रतिशत , अंक प्राप्त किया है। विद्यालय के चेयर मैन अनुग्रह नारायण शर्मा ने परीक्षा फल पर सन्तोष व्यक्त करते हुए कहा कि हम नित्य नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहे है। कार्यपालक निदेशक एके. तिवारी ने सभी को शुभकामनाये दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के प्राचार्य अश्लेष कुमार पांडेय ने बताया कि इस वर्ष बारहवीं में 76 परिक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए थे तथा दसवीं में 141,जिसमे सभी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। उन्होंने यह भी बताया कि परीक्षा फल मे उत्तरोत्तर सुधार हो रहा है।

### भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लक्ष्मीकांत वाजपेई पहुंचे पांकी, कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया

## पीए नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना हम सभी के लिए बड़े ही सौभाग्य की बात : विधायक



**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह झारखंड के चुनाव प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेई सोमवार की दोपहर चतरा लोक सभा क्षेत्र के पांकी प्रखंड पहुंचे। सर्वप्रथम उनके आगमन पर पांकी विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशी भूषण मेहता, पांकी विधानसभा प्रभारी घूरन राम, भारतीय जनता पार्टी के पलामू जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी, भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष सहसंयोजक शंकर प्रसाद, भाजपा नेत्री लवली गुप्ता, भाजपा मंडल अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह के द्वारा भव्य स्वागत करते हुए उन्हें फूल माला पहनाकर एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह कार्यक्रम के पश्चात बैठक में उपस्थित पांकी विधानसभा क्षेत्र के सभी प्रमुख एवं पन्ना प्रभारियों पंचायत संयोजक एवं सह संयोजक को लोकसभा चुनाव को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। कार्यक्रम के संबोधन में विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशी भूषण मेहता ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना हम सभी के लिए बड़े ही सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि चतरा लोकसभा में भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार की जीत तो सुनिश्चित है लेकिन रिकॉर्ड मतों से विजई करवाना भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं की प्रमुख जिम्मेवारी है। उन्होंने कहा कि इस बार सिर्फ पांकी विधानसभा से दो लाख पार का लक्ष्य है। जिसे हम सभी मिलजुल कर पूरा करेंगे एवं मोदी के हाथों को मजबूत करने का कार्य करेंगे।

कार्यक्रम के संबोधन में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने भाजपा कार्यकर्ताओं को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके पर कार्यक्रम में प्रोफेसर बच्चन ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह, श्याम नंदन ओझा, चुनमुन पांडे, कुंदन सिंह, प्रद्युम्न सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, अखिलेश ठाकुर, भाजपा नेत्री मंजू लता, कार्तिक सिंह समेत सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

### दसवीं की परीक्षा में एमके डीएवी का शत प्रतिशत परिणाम

## 350 छात्रों में 153 को डिस्टिंक्शन मार्क्स मिले

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सोमवार को सीबीएसई का दसवीं का भी परिणाम घोषित किया गया। जिसमें यहां के प्रमुख चार विद्यालयों के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया है। इन सभी स्कूलों का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा है।

**एमके डीएवी स्कूल दसवीं कक्षा का** परीक्षा परिणाम भी शत प्रतिशत रहा। दसवीं में आयुषी पांडे ने 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शीर्ष स्थान पाया है। कुल 350 छात्र परीक्षा में शामिल हुए और सभी छात्र उत्तीर्ण घोषित किए गए । जिसमें 90 प्रतिशत से ऊपर लाने वाले छात्रों की संख्या 29 है तथा 153 विद्यार्थियों ने डिस्टिंक्शन मार्क्स प्राप्त किया। 278 छात्र प्रथम श्रेणी में उतीर्ण घोषित किए गए। प्रज्ञाश्री 96.4 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान तथा मयंक गुप्ता 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरे स्थान पर रहे। कनक शांभवी ने संस्कृत में तथा रोहित राज ने विज्ञान में 100 अंक प्राप्त किया । अंग्रेजी में प्रज्ञा एवं रितिका रंजन पांडे, हिंदी में शशांक शेखर, मैथ्स में गौरव पांडे ने सर्वाधिक अंक प्राप्त किये। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य सह डी.ए.वी.पब्लिक स्कूल्स झारखंड क्षेत्र आई के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डॉक्टर जीएन. खान ने कहा कि यह परिणाम छात्रों एवं शिक्षकों के कठिन परिश्रम एवं विद्यालय के कुशल प्रबंधन का प्रतिफल है।

### दसवीं में संत मरियम स्कूल के अंशु राज को 96.8 प्रतिशत अंक मिले

मेदिनीनगर। 10वीं में अंशु राज 96.8 प्रतिशत प्रियतम कुमारी 94.8प्रतिशत ,प्रशांत कुमार 94प्रतिशत ,आर्यन राज 93.4प्रतिशत, शैलवी कुमारी 92.8प्रतिशत,पायल कुमारी गुप्ता 92.4 प्रतिशत,अंकित कुमार 92.2 प्रतिशत ,आयुष कुमार 91.8प्रतिशत ,रोहिणी कुमारी 90.8प्रतिशत अभय प्रसाद 90.8 प्रतिशत अंको के साथ विद्यालय टॉपर रहे। विद्यालय के शानदार सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि शिक्षकों और विद्यार्थियों के संयुक्त मेहनत का परिणाम है शानदार रिजल्ट । सभी शिक्षक और विद्यार्थी इस शानदार उपलब्धि के लिए बधाई के पात्र हैं।

## सुप्रभात पलामू



**पलामू वासियों को नमस्कार।**

इतनी गर्मी और धूप में सभी आयु वर्ग के मतदाताओं ने मतदान किया है जिसके लिए हम सब के शुक्र गुजार हैं।

**शशि रंजन, उपायुक्त पलामू, झारखण्ड।**

### मतदान केन्द्रों का किया गया निरीक्षण

**मेदिनीनगर।** पलामू में लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण माहौल में कराने तथा शत प्रतिशत मतदान को लेकर सोमवार को ऑब्जर्वर ने टीओपी वन प्रभारी और टाइगर मोबाइल के जवानों के साथ शहर के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। मतदान केंद्रों पर मौजूद मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया।

# मतदान कराकर लौटे मतदानकर्मियों के चेहरों पर खुशी झलक रही थी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नक्सल प्रभावित पलामू संसदीय क्षेत्र में सकुशल चुनाव कराकर लौटने के बाद मतदान कर्मियों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। शाम सात बजे से मतदानकमियों का जीएलए कॉलेज स्थित डिस्पैच सेंटर आना शुरू हो गया था। शहरी क्षेत्र में प्रतिनियुक्त महिला मतदानकर्मी काफी खुश नजर आ रही थीं। मतदान कराकर लौटी कई महिलाकर्मियों ने बताया कि यह मेरे लिए गौरव का पल है। महिला मतदानकर्मी डिस्पैच सेंटर में इवीएम मशीन जमा कराने लाइन में भी तत्परता के साथ खड़ी नजर आयीं। मतदान कराकर लौटनेवाले पोलिंग पाटियों का आना लगातार जारी है। जीएलए कॉलेज के डिस्पैच सेंटर में मेले



### 165 माइक्रो ऑब्जर्बर थे प्रतिनियुक्त

मतदान केंद्रों पर मतदान प्रक्रिया के पर्यवेक्षण हेतु कुल 165 माइक्रो आब्जर्वर की प्रतिनियुक्ति की गयी थी। पलामू में 22 लाख 43 हजार 34 मतदाता नौ प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला किया। सभी की किस्मत ईवीएम में कैद हो गयी है। पूरे लोकसभा क्षेत्र में 2427 मतदान केंद्र बनाए गए थे। सोमवार शाम तक 2206 बूथ के चुनाव कर्मी लौट गए हैं, जबकि 230 बूथों के चुनावकर्मी की रिपोर्टिंग कल की जाएगी। निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए पलामू के इलाके में करीब 40 कंपनी सुरक्षाबलों की तैनात की गई है।

## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में महिला घायल, गंभीर

**मेदिनीनगर।** लातेहार जिले के चंदवा गांव निवासी आनंद पासवान की पत्नी चंपा देवी उम्र 25 वर्ष रविवार की शाम सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गई। इस घटना के बारे में परिजनों ने बताया कि रविवार को दोनों पति-पत्नी चंदवा अपने घर से मेदिनीनगर किसी रिश्तेदार के घर जा रहे थे। इसी बीच रास्ते में चंपा देवी बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। इसके बाद राहगीरों के द्वारा चंपा देवी को इलाज के लिए सतबरवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में इलाज के बाद भी महिला चंपा देवी की स्थिति गंभीर बनी हुई है। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर घायल के अन्य परिजन सदर अस्पताल पहुंचकर अपने देखरेख में चंपा का इलाज करवा रहे हैं।

# मतदान केन्द्रों पर दिखा उत्साह बाजार में पसरा रहा सन्नाटा





**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू लोकसभा चुनाव को लेकर जहां एक ओर प्रत्येक बूथों पर मतदाताओं की लाइनें लगी रही और मतदाता उत्साहित दखे। वहीं जिला मुख्यालय मेदिनीनगर शहर के मुख्य बाजार बंद रहे। ऐसे में बाजार में सन्नाटा छाया रहा। सुबह से ही बाजारों में दुकानें नहीं खुली। सार्वजनिक अवकाश होने के चलते व्यापारियों ने भी स्वैच्छा से अपने प्रतिष्ठान व दुकानो को बंद रखा। हालांकि मेडिकल व दुध डेयरी खुली रही लेकिन किराना दुकाने बंद रही। ऐसे में दुकानों पर जरूरी सामान लेने पहुंचे ग्राहकों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी। व्यापार महासंघ के आह्वान पर व्यापारियों ने मतदान करने के लिए अपने दुकान व प्रतिष्ठान को दिन भर बंद रखा।शहर के मुख्य बाजार में दुकाने बंद नजर आई। बाजारों में मतदान का असर देखने को मिला। सुबह से मतदान के कारण बाजार नहीं खुले चाहे कपड़ा की दुकान हो या फिर किराना की दुकान हर दुकान बंद रही। हालांकि इस दौरान मेडिकल स्टोर खुले रहे। वहीं लोकतंत्र के महापर्व मतदान को लेकर क्षेत्र में देर शाम तक बाजार बंद रहा। स्थिति ये रही कि सुबह सोमवार की सुबह 11 बजे तक मुख्य मार्ग पर भी सन्नाटा पसरा रहा। हालांकि इस दौरान सडकों पर वाहन जरूर दौड़ते दिखाई दिए। दूर-दूर तक सडक मार्ग सूने रहे। वाहनों के आवागमन नहीं होने तथा अधिकांश दुकानें बंद होने से सड़कों पर वीरानगी छाई रही। इक्के-दुक्के लोग पैदल, बाइक व अपने निजी कार से आते-जाते दिखाई दे रहे थे। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में कहीं आम जनजीवन सामान्य रहा तो कहीं बाजार बंद होने से सन्नाटा पसरा रहा। वहीं सड़कों पर प्रशासन की गाड़ियां ज्यदातर दिखाई दे रही थी।

## पहली बार मतदान के लिए पहुंचे युवाओं में दिखा उत्साह

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू लोकसभा चुनाव को लेकर शहरी क्षेत्र के बूथों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान सोमवार की सुबह 7 बजे से शुरू हुआ।शहर में पहली बार युवा मतदाताओं में उत्साह देखने को मिला।शहर के बीएन कॉलेज बूथ संख्या 152 और 153 पर पहली बार मतदाता विजया लक्ष्मी ने मतदान किया। उन्होंने कहा कि यह हमारा लोकतांत्रिक अधिकार है,और राष्ट्र के प्रति कर्तव्य भी। मतदान से सही सरकार चुनें और राष्ट्र के निर्माण में योगदान दें। इस लोक महोत्सव हमारी सक्रिय भूमिका होनी चाहिए। इसका निर्वाह मतदान से हो सकता है।वही बूथ संख्या 205,206और 207 पर पहली बार मतदान करने आई युवा मतदाता प्रियंका कुमारी ने कहा जो युवाओं के लिए रोजगार देंगे मैं उसीको वोट करूंगी. श्वेता कुमारी ने कहा की हमने अपना पहला वोट स्वास्थ्य और निःशुल्क शिक्षा को लेकर दिया है।काजल कुमारी ने भी पहली वार अपने मताधिकार का प्रयोग किया। काजल कुमारी ने कहा की वोट हमारा अधिकार है और हर किसी को वोट अवश्य डालना चाहिए। अधिक से अधिक वोटिंग करके ही हम अपने पसंदीदा प्रत्याशी को जीत दिला पाएंगे। उनकी जीत से ही जिले का विकास संभव हो पाएगा। वहीं युवा मतदाता पंकज कुमार ने बताया कि आज मैंने पहली बार वोट डाला है। सुबह आठ बजे ही मैं अपने परिजनों के साथ मतदान केंद्र पहुंचा क्योंकि मुझे पहले मतदान करना था।

10वीं का परीक्षा परिणाम हुआ घोषित

## 10वीं की परीक्षा में मेदिनीनगर के स्कूलों ने बेहतरीन प्रदर्शन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सोमवार को सीबीएसी के 10वीं के परीक्षा का परिणाम घोषित हुआ। जिसमें में मेंदिनीनगर के सभी विद्यालयों ने अच्छा प्रदर्शन किया है। बात करे रोटरी स्कूल की तो यहां दसवीं में 141 विद्यार्थी परीक्षा में बैठे थे, जिसमे सभी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। वहीं, **ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल**, न्यू टाउनशिप, शाहपुर, मेदिनीनगर के वर्ग दशम का विद्यालय का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। उमाशंकर 95 प्रतिशत प्राप्त कर विद्यालय टॉपर रहा। प्रभात रंजन, श्रेयसी राज 94 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान एवं अभिनव राज, जयंत कुमार गुप्ता 93 प्रतिशत अर्जित कर तृतीय स्थान पर रहे। विद्यालय में कुल नामांकित 53 विद्यार्थियों में 11 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से ऊपर, 20 विद्यार्थियों ने 85 प्रतिशत से ऊपर, 44 विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत से ऊपर शेष विद्यार्थियों ने 60 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त किया है। सोमवार को सीबीएसई का बारहवीं के साथ दसवीं का भी परिणाम घोषित किया गया। जिसमें यहां के प्रमुख चार विद्यालयों के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया है। इन सभी स्कूलों का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा है। **डीएवी दसवीं कक्षा का** परीक्षा परिणाम भी शत प्रतिशत रहा । कुल 350 छात्र परीक्षा में शामिल हुए और सभी छात्र उत्तीर्ण घोषित किए गए । जिसमें 90 प्रतिशत से ऊपर लाने वाले छात्रों की संख्या 29 है तथा 153 विद्यार्थियों ने डिस्टिंक्शन मार्क्स प्राप्त किया। 278 छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण घोषित किए गए। प्रज्ञाश्री 96.4 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान तथा मयंक गुप्ता 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरे स्थान पर रहे। कनक शांभवी ने संस्कृत में तथा रोहित राज ने विज्ञान में 100 अंक प्राप्त किया । अंग्रेजी में प्रज्ञा एवं रितिका रंजन पांडे, हिंदी में शशांक शेखर, मैथ्स में गौरव पांडे ने सर्वाधिक अंक प्राप्त किये। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य सह डी.ए.वी.पब्लिक स्कूल्स झारखंड क्षेत्र आई के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डॉक्टर जीएन. खान ने कहा कि यह परिणाम छात्रों एवं शिक्षकों के कठिन परिश्रम एवं विद्यालय के कुशल प्रबंधन का प्रतिफल है। **संत मरियम स्कूल** में वर्ग 10 वीं में अंशु राज 96.8 प्रतिशत प्रियतम कुमारी 94.8प्रतिशत ,प्रशांत कुमार 94प्रतिशत ,आर्यन राज 93.4प्रतिशत, शैलवी कुमारी 92.8प्रतिशत,पायल कुमारी गुप्ता 92.4 प्रतिशत,अंकित कुमार 92.2 प्रतिशत ,आयुष कुमार 91.8प्रतिशत ,रोहिणी कुमारी 90.8प्रतिशत अभय प्रसाद 90.8 प्रतिशत अंको के साथ विद्यालय टॉपर रहे। विद्यालय के शानदार सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि शिक्षकों और विद्यार्थियों के संयुक्त मेहनत का परिणाम है शानदार रिजल्ट ।

# मेदिनीनगर के स्कूल के बच्चों ने बारहवीं में किया शानदार प्रदर्शन

### कई स्कूलों में लड़कियों ने अपने को श्रेष्ठ साबित किया, लड़के भी कम नहीं




**नवीन मेल संवाददाता**

मेदिनीनगर। शहर के चार प्रमुख स्कूलों ने बारहवीं की परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। ज्ञात हो कि 13 मई सोमवार को दसवीं और बारहवी का परीक्षा फल घोषित किया गया। जिसमें चारो विद्यालयों के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शहर को गौरवान्ति किया है। **डीएवी पब्लिक** स्कूल 12वीं विज्ञान में 94.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सृष्टि एवं श्वेता तथा वाणिज्य में 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर मेघा लाठ टॉपर रहीं हैं। 12वीं कक्षा में छात्रों का परीक्षा परिणाम 71.9 प्रतिशत रहा। 12वीं कक्षा में विज्ञान वर्ग का उत्तीर्ण प्रतिशत 97.93 प्रतिशत तथा वाणिज्य वर्ग का परिणाम 100 प्रतिशत रहा। 12वीं कक्षा में विज्ञान वर्ग में कुल 145 छात्रों में से 142 छात्र उत्तीर्ण घोषित हुए, जिसमें 131 छात्र प्रथम श्रेणी में पास हुए, जबकि 65 छात्रों ने डिस्टिंक्शन अंक प्राप्त किया। वाणिज्य वर्ग में 57 छात्रों में से सभी छात्र उत्तीर्ण घोषित हुए, जबकि 38 छात्रों ने डिस्टिंक्शन अंक प्राप्त किया। वाणिज्य वर्ग में 16 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किया, जबकि विज्ञान वर्ग में पांच बच्चों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किया है।

### ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत रहा

पलामू के बारहवीं के द्वितीय बैच के विद्यार्थियों ने एआइएसएससीइ 2024 की परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। विज्ञान संकाय एवं वाणिज्य संकाय के कुल 33 विद्यार्थियों में से सभी छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। इस प्रकार विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विज्ञान संकाय में कुमारी आकांक्षा 94.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉपर रही । तथा पेंटिंग विषय में 100 अंक प्राप्त की। दूसरे स्थान पर अमन कुमार ने 92.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। 80 प्रतिशत से ऊपर लाने वाले विद्यार्थियों की संख्या 13 है। 75 प्रतिशत से अधिक लाने वाले विद्यार्थियों की संख्या 27 है। वाणिज्य संकाय के आकांक्षा गुप्ता 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉपर रही। विद्यालय के निदेशक डॉ. एस. बी. पी. मेहता ने सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी।

### विश्व नर्स दिवस पर बेस्ट नर्स हुई सम्मानित

# रोगियों की देखभाल में नर्सें अपने आपको समर्पित करती हैः सुरेश कुमार जैन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के नावाहाता रोड स्थित प्रकाशचन्द जैन सेवा सदन हॉस्पिटल में विश्व नर्स दिवस के अवसर पर कार्यक्रय का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मौके पर नर्सों द्वारा केक काटकर एक दूसरे को बधाई दी गयी। साथ ही बेस्ट नर्सिंग इयर 2024 से नर्सों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वहीं नर्सों ने बेहतर नर्सिंग एवं स्वास्थ्य देखभाल को लेकर शपथ लिया। इस मौके पर महासचिव सुरेश कुमार जैन ने कहा कि नर्सों की प्रतिज्ञा दयालु होती है। रोगी की देखभाल में वे अपने आपको समर्पित करती है। उन्होंने कहा कि आधुनिक स्वास्थ्य देखभाल कि जटिलताओं से निपटने में नर्सों कि भूमिका महत्वपूर्ण होती है। संयुक्त सचिव सौमित्रो भट्टाचार्यजी ने कहा कि नर्सो द्वारा भरती मरीजों को देखभाल के लिए सराहनीय भूमिका रहती है। वे तनाव व थकान के समय में प्रतिज्ञा प्रेरणास्त्रोत के रूप मे काम करती है। उन्होंने कहा कि नर्स के जुनून व उद्देश्य कि भावना फिर से जागृत कर सकती है। जिसमें व्यक्तियों को सबसे पहले नर्सिंग की ओर आकर्षित करता है। मौके पर बेस्ट नर्सिंग अवार्ड 2024 से सरोज देवी कां प्रथम, गुलामणि कुजूर को द्वितीय, अंजना तिर्की को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वही बेस्ट लैब मे तकनीशियन विकास कुमार गुप्ता, हाऊस कीपिंग में विजय कुमार राम, कैशियर में राहुल राज, कम्पाऊंडर में अजीत कुमार को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर सौमित्रो भट्टाचार्यजी, डा. पूनम सिन्हा, डा.एस.एस.होरों, डा.शशि सिंह, डा. सुरज सिन्हा, नर्स आरती देवी, प्रमिला देवी, अंबिला खलखो, पुनम मिंज, अनिता देवी, अंजू देवी समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में वार्ड पार्षद घायल, स्थिति गंभीर

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के बैरिया चौक के पास सोमवार की दोपहर सड़क दुर्घटना में वार्ड नंबर 20 बेलवाटीकर निवासी वार्ड पार्षद निरंजन प्रसाद उर्फ लाल बाबू उम्र 40 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। उसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा उन्हें इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सको ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया था, परंतु परिजन उन्हें इलाज के लिए मेदिनीनगर के एक निजी अस्पताल में लेकर गए हैं। वहां भी इलाज के बाद उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। वहीं, इस घटना के बारे में परिजनों ने बताया कि सोमवार की दोपहर लाल बाबू किसी काम से बैरिया चौक गए थे।उधर से लौटते समय रास्ते में एक टेंपो ने उन्हे धक्का मार दिया। इस घटना के बाद से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। वही घटना की जानकारी मिलने पर अन्य परिजन अस्पताल पहुंचकर अपने देखरेख में घायल लाल बाबू का इलाज करवा रहे है।

## नवीन मेल के कैमरे ने देखी लोस चुनाव महापर्व की झलकियां



























# चिलचिलाती धूप और भीषण गर्मी में भी मतदान करने के लिए उत्साहित दिखे मतदाता




**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** पलामू लोकसभा चुनाव का प्रखंड क्षेत्र के चौथे चरण चुनाव सोमवार को सम्पन्न हो गया है। चुनाव सुबह 7:00 से शाम 5:00 बजे तक चला। मतदान करने के लिए मतदाताओं में काफी उत्साहित देखा गया । इसी बीच नगर ऊंटरी प्रखंड क्षेत्र के जंगीपुर में राजकीय मध्य विद्यालय में बनाए गए मतदान केंद्र संख्या 242,243 और 244 में काफी भीड़ हो गया। मतदाता सुबह 7:00 से चिलचिलाती धूप और भीषण गर्मी के बीच लाइन में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार कर रहे । प्रखंड क्षेत्र के मतदाता मतदान को लेकर काफी उत्साहित थे। वृद्धि मतदाता और दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हीलचेयर तथा ऑटो की व्यवस्था की गई थी। जंगीपुर मतदान केंद्र पर धूप से बचाव के लिए टेंट की व्यवस्था नहीं रहने के कारण मतदाताओं को चिलचिलाती धूप में खड़े रहकर अपना मताधिकार का प्रयोग करना पड़ रहा है। प्रचंड धूप और भीषण गर्मी के कारण मतदाता काफी परेशान दिख रहे थे। महिला एवं बुजुर्ग मतदाताओं को मताधिकार का प्रयोग करने में काफी परेशानी हो रही थी। वोट डालने आए लोगों ने बताया कि प्रशासन की ओर से ना तो यहां शमियाना और ना ही पानी की व्यवस्था की गई है। भीषण गर्मी और चिल्लाती के धूप के बीच हम लोग अपना मताधिकार का प्रयोग कर रहे हैं। हालांकि पुलिस चिलचिलाते धूप में खड़े होकर मतदाताओं को मतदान करने में सहयोग कर रही थी। मतदान संख्या 237 पर पहुचकर पूर्व विधायक अनन्त प्रताप देव ने अपना मतदान किया।

## मतदान से वंचित रह गए सादिक अंसारी



नगर ऊंटरी प्रखंड के बरडीहा निवासी सदिक अंसारी मतदान केंद्र संख्या 219 मतदान करने से वंचित रह गए। जानकारी के मुताबिक पंचायत चुनाव में उन्होंने अपना मतदान किया था, लेकिन लोकसभा चुनाव में मतदान से वंचित रह गए सदिक अंसारी ने बताया कि काफी उल्लास के साथ हम बूथ पर मतदान करने आए हुए थे, लेकिन मेरा नाम वोटर लिस्ट से नाम कैसे कट गया हमें खुद मालूम नहीं है काफी मायूस होकर उन्होंने बिना मतदान किए हुए मतदान केंद्र से वापस लौट गए।

## एक नजर

### मतदान केंद्र पर थी व्हील चेयर और ऑटो की व्यवस्था

**खरौंधी। (गढ़वा)** प्रखंड में लोकसभा चुनाव का सोमवार की सुबह 7 बजे से मतदान शुरू हो गया है। लोकसभा चुनाव को लेकर प्रखंड में कुल 48 बूथ है। जहां सुबह से ही मतदाता अपना मतदान करने के लिए कतार में लगे थे। प्रखंड के मतदाता मतदान को लेकर काफी उत्साहित थे। वृद्ध मतदाता और दिव्यांग मतदाता के लिए व्हील चेयर तथा ऑटो की व्यवस्था की गयी थी। प्रखंड के राजी मतदान केंद्र पर राजी निवासी कैनिश कुमार सोनी (पत्नी को मुखागनी देने वाला) मतदान करने पहुंचा था। जहां उसने देशहित में अपना मतदान किया। उसके साहस और धैर्य को देखकर लोग उसका चर्चा कर रहे थे। वही कैनिश कुमार सोनी ने कहा मैं पत्नी को मुखाग्नि देने के बाबजूद मतदान करने आया हूं। मैंने अपना मत देशहित तथा राष्ट्रहित में किया।

## अलग-अलग घटनाओं में तीन ने खाया कीटनाशक, सभी खतरे से बाहर




**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** थाना क्षेत्र के जाटा गांव निवासी नारायण राम का पुत्र प्रिंस कुमार 13 वर्ष में कीटनाशक खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। उसे इलाज के लिए गरबा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि प्रिंस कुमार का छोटा भाई घूमने के लिए गांव में जाना चाह रहा था, लेकिन प्रिंस कुमार ने उसे घूमने जाने से मना किया तो दोनों भाई के आपस में नोक- झोंक हो गई। इसी बात से आक्रोशित होकर प्रिंस कुमार ने कीटनाशक खा लिया । घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने उसे गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों के अनुसार उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताया गया है। वहीं रंका थाना क्षेत्र के मतऊली गांव निवासी सुनील कुमार की पत्नी कविता देवी ने कीटनाशक खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया, उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि आपसी किसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच आपस में नोक झोंक हुई थी। इसी बात से आक्रोशित होकर कविता देवी ने कीटनाशक खा लिया। घटना के जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने उसे गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों के अनुसार उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताया गया है।

## पहली बार मतदान कर रहे युवा मतदाताओं में दिखा उत्साह

**भवनाथपुर ।** लोकसभा चुनाव में पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करने वाले युवा वर्ग खासे उत्साहित नजर आये। जोश से लबरेज युवा मतदाताओं ने चुनावी पिच पर पहली बार बैटिंग करते हुए अपने अपने मताधिकार का उपयोग किया। लोकसभा चुनाव को लेकर सुबह से ही मतदान करने के लिए युवा मतदान केंद्रों पर कतारबद्ध नजर आएं। इस बार युवा मतदाताओं की संख्या में वृद्धि हुई है। इसका असर मतदान केंद्रों पर भी देखने को मिला। अपने पसंदीदा प्रत्याशी को चुनने के लिए युवा मतदाता काफी उत्साहित दिखे। चुनाव में पहली बार मतदान करने पहुंचे युवा शक्ति सिंह ने बताया कि लोकतंत्र की इस महापर्व में अपने पसंदीदा प्रत्याशी के पक्ष में पहली बार अपने मताधिकार का उपयोग कर काफी उत्साहित महसूस कर रहा हूँ।

## मतदान ही लोकतंत्र की ताकत है : मिथिलेश ठाकुर



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता व उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने गढ़वा में सपरिवार मतदान किया। लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में पलामू सांसदीय क्षेत्र में आयोजित चुनाव में मंत्री श्री ठाकुर ने उत्क्रमित मध्य विद्यालय कल्याणपुर स्थित मतदान केंद्र संख्या 207 में सोमवार को मतदान किया। मंत्री जब मतदान करने पहुंचे, उस समय मतदान केंद्र पर मतदाताओं की लंबी कतार लगी थी। मंत्री श्री ठाकुर ने अपनी पत्नी चंचल ठाकुर, पुत्री प्रत्यक्षा ठाकुर के साथ अन्य मतदाताओं के बीच लाइन में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार किया। अपनी बारी आने के बाद ही मंत्री ने सपरिवार मतदान किया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने गढ़वा जिलावासियों सहित पलामू संसदीय क्षेत्र के सभी मतदाताओं से निश्चित रूप से मतदान करने की अपील की। मंत्री ने कहा कि मतदान हमारे लोकतंत्र की ताकत है। अपने इस ताकत का उपयोग करें और लोकतंत्र को मजबूत बनाएं। मतदान लोकतंत्र का महापर्व है। इस कार्य में कोई भी चूक नहीं करें। निश्चित रूप से वोट के ताकत का उपयोग करें। उन्होंने कहा कि एक-एक वोट काफी कीमती होता है। आपके एक वोट से देश की तस्वीर बदल सकती है। देश हित एवं जनहित के लिए सभी लोगों को मतदान करना बहुत जरूरी है। आज सभी लोग अपने सारे काम स्थगित कर पहले मतदान करें, फिर अपना काम करें। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्रिक देश है। सभी लोग मतदान करके ही इस पहचान को और मजबूत बना सकते हैं। मौके पर झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, दिलीप गुप्ता, मुखिया अशोक चंद्रवंशी सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## न्यूज गैलरी

### मतदान केंद्र पर मुखिया ने जलपान का किया प्रबंध

**केतार।** लोकसभा चुनाव के दिन मतदाताओं के लिए मुकुन्दपुर पंचायत के मुखिया मुंगा साह के द्वारा पंचायत के सभी आठ मतदान केंद्रों पर जलपान और शर्बत का प्रबंध किया गया। मुखिया मुंगा ने कहा की चिल्लाती धूप और उमस भरी गर्मी में मतदाता मतदान करने पोलिंग बूथ पर पहुंच रहे हैं। ऐसे में मतदाताओं को किसी तरह का परेशानी नहीं हो इसलिए मतदान केंद्र के बाहर मतदाताओं के लिए शर्बत और जलपान का प्रबंध किया गया। मुखिया मुंगा साह स्वयं मतदाताओं को शर्बत पी लाया। इस मौके पर संतोष प्रसाद, धर्मेन्द्र सिंह, ओमनरायण गुप्ता, रमेश बियार, घुरन साह, शम्भू ठाकुर, हिरामन साह,नागा चंद्रवंशी राजू साह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### पानी भरे नाद में गिरने से दो वर्षीय बालक की मौत

**भवनाथपुर।** मकरी ढेकुलिया निवासी दिलीप गुप्ता के दो वर्षीय इकलौते पुत्र कृष्ण कुमार का पानी भरे नाद में गिरने से मृत्यु हो गई । बताया जाता है कि दिलीप गुप्ता को तीन पुत्री के बाद एक पुत्र हुआ था, जिसके बाद महिला का बंध्यता करण करा लिया था । सोमवार के देर साम चार बजे दिलीप की पत्नी घर के कार्य में लगी थी, तभी दो वर्षीय बालक कृष्ण खेलते- खेलते पालतू जानवर के चारा के लिए बने पानी भरा नाद में गिर गया कुछ देर के बाद जब महिला बच्चे को ढूंढने लगी तो देखा की घर के बाहर नाद में डूबा हुआ था । जिसे तत्काल भवनाथपुर सी एच सी में ईलाज के लिए लाया गया। जहां चिकित्सक रंजन दास ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया । इस घटना के बाद परिजनों रो रो कर बुरा हाल हो गया है । मृतक के पिता बाहर में मेहनत मजदूरी का कार्य से गए हुए है।

### बाइक दुर्घटना में पुत्र सहित दंपति घायल

**गढ़वा।** मेराल थाना क्षेत्र के राजबांधा गांव निवासी अजय राम चंद्रवंशी और उसकी पत्नी अनीता देवी उसका पुत्र सुरेंद्र कुमार चंद्रवंशी मोटरसाइकिल दुर्घटना में घायल हो गये। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में अनीता देवी ने बताया कि सभी लोग कांडी थाना क्षेत्र के सरकी गांव अपने रिश्तेदार के यहां गए हुए थे। सोमवार को अपना वोट गिराने के लिए एक मोटरसाइकिल पर सभी लोग सवार होकर अपना घर आ रहे थे । इसी दौरान माजिया थाना क्षेत्र के करुई गांव के पास उसकी मोटरसाइकिल और नियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। घटना के बाद सभी घायलों को माझिआँव स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सको ने सभी उक्त घायलों को बेहतर इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

### लोक सभा चुनाव को लेकर ग्रामीण व सुदरवर्ती क्षेत्र में 108 एंबुलेस एमरजेंसी

**गढ़वा ।** लोक सभा चुनाव को लेकर ग्रामीण व सुदरवर्ती क्षेत्र में 108 एंबुलेस सेवा पूरी चुनाव परक्रिया तक एमरजेंसी बहाल रहा। वैसे लोग जो बीमार दुर्घटना सहित अन्य मरीजों को 108 एंबुलेंस की सेवा मिला। इस संबंध में सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार ने कहा की लोक सभा चुनाव को लेकर स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से तैयार है। किसी भी परिस्थिति में चुनाव परक्रिया में कोई परेशानी न हो जिसे लेकर स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से अलर्ट है। उन्होने कहा कि प्रत्येक बूथ पर स्वास्थ्य विभाग के कर्मी फस्ट हेड कीट लेकर अपनी ड्यूटी में तैनात किए गए है।

### बाइक दुर्घटना में युवक घायल

**गढ़वा।** थाना क्षेत्र के मेढना कला गांव निवासी मुद्रिका चौधरी का पुत्र कमलेश चौधरी मोटरसाइकिल दुर्घटना में घायल हो गया। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में कमलेश चौधरी ने बताया कि पलामू जिले के मेदनी नगर से अपनी मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपने घर जा रहा था। इसी दौरान लापो गांव के पास एक हाईवे ट्रक ने उसकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दिया।

### रिलोकेट बूथ हेसातु में लगभग 20 वर्ष बाद मतदाताओं ने डाले वोट

## बूथ पर थी सुरक्षा की चाक- चौबंद व्यवस्था

**नवीन मेल संवाददाता**

**बड़गड़ ।** लोकतन्त्र के महापर्व को लेकर मतदाताओं में उत्साह देखा गया। इलाके में जमकर वोट पड़े। बड़गड़ प्रखंड क्षेत्र में स्थापित कुल 22 मतदान केंद्रों पर सोमवार की सुबह 7 बजे से ही मत पड़ने शुरू हो गए। जानकारी के अनुसार पूर्वाह्न 9 बजे तक 14.85 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया । इसी तरह पूर्वाह्न 11बजे तक 37.26 प्रतिशत तथा अपराह्न 1 बजे तक कुल 49.40 प्रतिशत वोट पड़े । प्रखंड क्षेत्र के अति सुदूरवर्ती रिलोकेट बूथ क्रमांक 420 मध्य विद्यालय हेसातू में 20 वर्ष बाद मतदाताओं ने वोट डाले । वोट को लेकर मतदाताओं में खासा उत्साह देखा गया। उक्त केंद्र पर हेसातु सहित सरुअत, कुल्ही, बहेराटोली गांव के मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। यहां अपराह्न 4.10 बजे तक कुल 66 प्रतिशत वोट पड़ गए थे। यहां कुल मतदाताओं की संख्या 721 है। इस केंद्र पर अंशु कोरवा ने पहली बार अपने मत का प्रयोग किया। बूथ पर सुरक्षा की चाक- चौबंद व्यवस्था की गई थी। बूथ के चारों ओर जंगलों में सुरक्षा बलों की घेराबंदी देखी गई। उक्त मतदान केंद्र का अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रोहित रंजन ,थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर चंदन कुमार सिंह ने निरीक्षण किया। इसके पूर्व के वर्षों में कूल्ही गांव स्थित मतदान केंद्र पर वोट पड़ते थे। टेहरी पंचायत अंतर्गत रिलोकेट बूथ क्रमांक 420 पर मतदान के आखरी समय तक 70 प्रतिशत मतदाताओं ने अपना मतदान कर लोकतंत्र के प्रति अपनी आस्था को दर्शाया है। यहां बता दे की इसी बूथ पर चुनाव के पूर्व मतदाता जागरूकता कार्यक्रम जिले के उपायुक्त शेखर जमुआर के द्वारा चलाया गया था। इसके पश्चात राज्य निर्वाचन आयुक्त के रवि कुमार ने भी इस बूथ पर आकर मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करते हुए उनके हौसले को बढ़ाया था। इधर मदगड़ी च स्थित उ. उच्च विद्यालय मतदान केंद्र पर बूथ क्रमांक 421, 423, 424, 425 व 426 के मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। बूथ क्रमांक 421 में बूढ़ा पहाड़, तुरेर, तुमेरा व खपरी महुआ के लोगों ने वोट डाले। उन्हें मतदान केंद्र तक आने में करीब 20 किलोमीटर की यात्रा तय करनी पड़ी । यहां पूर्वाह्न 11.40 बजे तक कुल 30% मतदान हुआ था। इसी तरह टेहरी स्थित बूथ क्रमांक 419 पर अपराह्न 1.30 बजे तक 42 प्रतिशत वोट पड़े थे । इस बूथ पर पहाड़ी की चोटी पर बसे गांव लेटाटोली के मतदाता, करीब 10 किलोमीटर की पैदल यात्रा कर बूथ तक पहुंचे थे। लोकसभा आम चुनाव में सोमवार को मतदान को लेकर महिलाओं में खास उत्साह देखा गया वे सुबह से ही विभिन्न मतदान केंद्रों पर कतारबद्ध होकर अपने मत का प्रयोग करती हुई देखी गई।

## लोकतंत्र का महापर्व में लोगों ने उत्साह से भाग लिया

**डंडाई ।** प्रखंड क्षेत्र में शांतिपूर्ण ढंग से लोकतंत्र का महापर्व लोकसभा का चुनाव सोमवार को संपन्न हो गया । मतदान को लेकर सुबह सात बजे से ही केंद्र पर मतदाताओं का जुटान होना शुरू हो गया था। वहीं कर्मियों के द्वारा एक-एक कर मतदाताओं का मतदान कराने का काम किया गया । डंडाई मध्य विद्यालय के बूथ पर एक पुलिस जवान की एकाएक तबीयत खराब हो गई, जिससे कुछ देर के लिए वहां पर अफरा-तफरी का माहौल हो गया । इसी बीच मतदान कर्मी व मतदाताओं के सहयोग से उन्हें पानी का छिड़काव कर उन्हें होश में लाया गया । इसी बीच आराम के लिए उन्हें दूसरे जगह पर सुला दिया गया । इस दौरान पुलिस निरीक्षक बृष कुमार से लेकर थाना प्रभारी व सेक्टर मजिस्ट्रेट के द्वारा सभी मतदान केंद्रों का नियमित निगरानी की जाती रही। उधर, बैरिया दामर के बूथ पर धीमी वोटिंग होने के कारण मतदाताओं ने खूब हो हंगामा किया । साथ ही इसकी शिकायत उनके द्वारा सेक्टर मजिस्ट्रेट तक पहुंचाई गई । उसके बाद वहां पर तीव्र गति से वोटिंग होना शुरू हो गया । कंट्रोल रूम में बैठे पदाधिकारियों के द्वारा बूथ से लेकर प्रखंड भर के वोटिंग प्रतिशत की जानकारी मिलते रही सोनेहरा बूथ संख्या 490 पर वोटिंग को लेकर महिला मतदाताओं की लंबी लाइन लग गई । लाइन में खड़ी एक दो महिलाओं की तबीयत खराब हो जाने के कारण मौके पर उपस्थित वॉलिंटियर्स लोगों के द्वारा उन्हें आराम के लिए विद्यालय के वर्ग कक्ष में सुला दिया गया।

### लोस चुनाव | मझिआंव के वीरबांधा गांव के ग्रामीणों ने किया वोट बहिष्कार

# सीओ के आश्वासन के बाद 8:57बजे से शुरू हुआ मतदान



**नवीन मेल संवाददाता**

**मझिआंव।** गढ़वा मझिआंव नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 11 बीरबंधा गांव के ग्रामीणों ने बीरबंधा गांव को नगर पंचायत क्षेत्र से अलग करने को लेकर वोट का बहिष्कार कर दिया।राजकीय प्राथमिक विद्यालय बीरबंधा बूथ संख्या 139 पर वोट बहिष्कार की सूचना पाते ही जोनल मजिस्ट्रेट विजय कुमार राय, सहायक निर्वाचि निबंधन पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी शंभू राम, पुलिस निरीक्षक गुलाब सिंह एवं थाना प्रभारी आकाश कुमार ने दलबल साथ पहुंचकर वस्तु स्थिति का जायजा लिया। इसके पश्चात पदाधिकारियों ने ग्रामीण संग बैठक की। बैठक के दौरान ग्रामीण रूकमांगद पाठक, संजय पाठक, फुलेश्वर चौधरी,नागेश्वर चौधरी, चित्रांगद पाठक, रमेश चौधरी एवं इंकलेश चौधरी सहित तमाम मतदाताओं ने कहा कि बीरबंधा गांव बिल्कुल ग्रामीण क्षेत्र है,जहां पर सिर्फ किसानों का बसेरा है। यहां के लोगों का मुख्य पेशा खेती है। कहा कि नगर पंचायत बनने से पूर्व इस गांव का निरीक्षण नहीं किया गया और नगर पंचायत के कोरम को पूरा करने के लिए इस गांव को शामिल कर लिया गया है। शहरी क्षेत्र होने के कारण यहां फसल बीमा नहीं किया जाता। फसल सुखाड़ राहत नहीं दिया जाता।वन जीव द्वारा फसल नष्ट करने की शिकायत करने के बाद वन विभाग के पदाधिकारी के द्वारा बोला जाता है कि आप लोग शहरी क्षेत्र में है। कृषि संबंधी कोई भी सुविधा यहां तक की सरकार को धान तक नहीं बेच सकते। सिंचाई संबंधी कुआं, ट्यूबवेल,चापानल, बोदर,आहार एवं पोखर ये सभी योजनाएं यहां लागू नहीं होती। जबकि कृषि प्रधान इस गांव में इसी कि प्रमुखता है।पीएम किसान योजना लागू नहीं हो सकता।कहा कि इस संबंध में पूर्व में हम सभी ग्रामीण जिला प्रशासन एवं हर स्तर से जनप्रतिनिधियों से प्रार्थना कर थक चुके हैं।लेकिन आज तक कोई नहीं सुना। जिसके कारण बाध्य होकर हम सभी ग्रामीणों ने सार्वजनिक रूप से चुनाव नहीं करने का निर्णय लिया है। इधर ही संबंध में सहायक निवार्ची निबंधन पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी शंभू राम ने सभी ग्रामीण एवं तमाम मतदाताओं से आग्रह करते हुए कहा कि आप सभी मतदाता अपने मतदान का प्रयोग करें।मैं आप सबों की समस्या को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त के पास भेज कर समस्या का समाधान का पहल किया जाएगा। इसके बाद 8:57बजे से ग्रामीणों ने वोट देना शुरू कर दिया। उसके बावजूद भी इस गांव को नगर पंचायत में शामिल कर दिया गया है




## एक नजर

### मयूरहंड में भाजपा के चुनावी कार्यालय का विधायक ने किया उद्घाटन

**मयूरहंड(चतरा)।** मयूरहंड प्रखंड मुख्यालय स्थित दुर्गा मेडिकल के समीप सोमवार को भाजपा के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन सिमरिया विधायक ने विधिवत फीता काटकर किया। कार्यालय उद्घाटन पर आजसू के केंद्रीय सदस्य सह लोकसभा प्रभारी सत्येंद्र जयसवाल के अलावा दर्जनो भाजपा नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे। उद्घाटन के पश्चात भाजपा व आजसू कार्यकताओं के साथ विधायक श्री दास ने बैठक कर घर-घर जाकर केंद्र सरकार की उपलब्धियों को बताने के साथ भाजपा के पक्ष में मतदाताओं से मतदान करने की अपील करने की बात कही। मौके पर भाजपा नेता मनोज कुमार सिंह, विधायक प्रतिनिधि अनिल कुमार सिंह, समाजसेवी शिव कुमार सिंह, संजय सिंह, पूर्व उप प्रमुख भुनेश्वर साव, उपाध्यक्ष रणधीर सिंह, मंडल अध्यक्ष महेंद्र नायक, भाजपा नेता अश्विनी सिंह, बसंत नारायण सिंह, योगेंद्र सिंह, राम दहिन सिंह, भोला प्रसाद सिंह, राजीव रंजन सिंह, बमशंकर सिंह, अच्युत सिंह, नरेश भुइयां, विकास सिंह, दिनेश सिंह आदि मौजूद थे।

### श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने महागठबंधन के चुनावी कार्यालय का किया उद्घाटन

**कुंदा(चतरा)।** कुंदा प्रखंड मुख्यालय स्थित अंबेडकर चौक के समीप अनिल यादव के घर में सोमवार को राज्य के श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने महागठबंधन के चुनावी कार्यालय का विधिवत फीता काटकर उद्घाटन किया। वहीं महागठबंधन के कार्यकर्ताओ को जीत को लेकर हुंकार भरते हुए मंत्री ने कहा कि पुरे देश मे इंडिया गठबंधन का बोलबाला एवं लहर है, जो विकास और रोजगार के मुद्दे पर बात करती है। हमारी महागठबंधन की सरकार एक से बढ़कर एक विकासीय कार्य कर रही है। वही उन्होंने ने काहा की चतरा लोकसभा के महागठबंधन उम्मीदवार केएन त्रिपाठी एक अनुभवी शख्सियत हैं। वे पूर्व झारखंड सरकार में मंत्री भी रह चुके है। इस बार चतरा का बदलाव होकर रहेगा, श्री त्रिपाठी की जीत सुनिश्चित है। इसके लिए राजद, झामूमो, कांग्रेस व अन्य दलो के कार्यकर्ता विभिन्न क्षेत्रों में पसीना बहा रहे हैं। चतरा, सिमरिया में महागठबंधन के दबदबा रहेगा, साथ ही पांकी, लातेहार एवं मनिका विधानसभा क्षेत्रो मे भी महागठबंधन का बोलबाला है। वही प्रधानमंत्री मोदी जी की बातों पर पलटवार करते हुवे मंत्री ने कहा की एनडीए का पहिया ध्वस्त हो चुका है। एनडीए के 400 पार का सपना अधूरा रह जायेगा। चतरा में पूरे 10 वर्ष एक ही पार्टी के सांसद को लोगों ने देखा है जो हमेशा जनता से दूर रहे। इस बार जनता सबक सिखाएगी। वही मौके पर राजद जिलाध्यक्ष नवलकिशोर यादव, युवा राजद प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद भोक्ता, मंत्री प्रतिनीधि भोला प्रसाद, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार साहू, राजद प्रखंड अध्यक्ष बैजनाथ यादव, नागेंद्र आदि मौजूद थे।

### मतदाता जागरूकता को लेकर एकल अभियान की हुई बैठक

**इटखोरी (चतरा)।** जिले के इटखोरी स्थित प्रसिद्ध धार्मिक तीर्थस्थली माता भद्रकाली मंदिर प्रांगण में एकल अभियान के संच प्रखंड अध्यक्ष राम प्रसाद राणा के अध्यक्षता में मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर बैठक हुई। बैठक की शुरूआत माता सरस्वती की तस्वीर पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसमें मुख्य रुप से इटखोरी एवं मयूरहंड प्रखंड के सभी एकल अभियान के आचार्य एवं ग्राम समिति के लोगों ने भाग लिया। जिसमें 20 मई को लोकसभा चुनाव में अपने बूथ पर जाकर शत प्रतिशत मतदाताओं को राष्ट्र हित में मत देने के लिए जागरूक करने पर चर्चा किया गया। कहा गया कि मंगलवार से एकल विद्यालय द्वारा गांव-गांव जाकर मतदाताओं को मत देने के लिए जागरूक किया जाएगा। साथ ही राष्ट्रहित में मतदान करने को लेकर संकल्प लिया गया।

# चतरा संसदीय क्षेत्र के विकास के लिए जनता इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार केएन त्रिपाठी को वोट करे : कल्पना सोरेन





## लातेहार में गरजे राष्ट्रीय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कहा- यह लड़ाई देश के लोकतंत्र और संविधान को बचाने की है

### भाजपा पर बरसते हुए कहा- यह पूंजीपति, व्यवसायियों की सरकार है

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे व जेएमएम नेत्री कल्पना सोरेन ने सोमवार को चतरा संसदीय क्षेत्र के लातेहार सुदूर ग्राम कुन्दरी पहुंच चतरा लोकसभा से प्रत्याशी के एन त्रिपाठी के पक्ष में चुनावी सभा किया. मौके पर प्रत्याशी केएन त्रिपाठी समेत इंडिया गठबंधन के कई नेता उपस्थित रहे। कुंदरी गांव स्थित मैदान में सभा आयोजित हुई। मौके पर श्री खड़गे ने लातेहार में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह लड़ाई बड़ी है यह लड़ाई देश के जमुरियत और संबिधान को बचाने के लिए है।उन्होंने कहा कि फ्रर के पॉलिसी को लागू करने वाला मोदी है। कहा मैं 12 बार चुनाव जीता हूँ। आखिरी में कांग्रेस पार्टी का अध्यक्ष हूं।मैं कभी दल नहीं बदला क्योंकि मेरा उसूल पर विश्वास है।कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने केंद्री की मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि 70 वर्षों में कांग्रेस कुछ नहीं करती तो आप शासन में नहीं होते। हमने जमुरियत कायम किया है, तुमने डिक्टेटिरशिप कायम किया । आज गलत लोगों के हाथ में संविधान है।हेमंत सोरेन को जेल भेजने मामले पर मल्लिकार्जुन खरगे ने हमला करते हुए कहा आप स्वतंत्र होकर चुनाव लड़ो। ढट मोदी पर हमलावर हुए खड़गे। एक भाषण को लेकर कटाक्ष करते कहा जहां जाते हैं। वहीं का झूठा गुणगान करते हैं।मोदी 4 घंटा में धोती, 4 घंटा में कुर्ता बदलते हैं। इसके बावजूद मोदी बोलते हैं, हम गरीब हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने ढट मोदी को कहा झूठों का सरदार आज जनता को मोदी बरगला रहे हैं। वो मूल काम को लोगों के समक्ष रखने के बजाय जाति, धर्म और संपत्ति की बातें करेंगे।कन्नड के कहावत को हिन्दी में रूपांतर किया।

ऐसे लोगों को वोट करेंगे तो देश बर्बाद हो जायेगा। पार्लियामेंट उद्घाटन में राष्ट्रपति को बुलावा नहीं। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में राष्ट्रपति को लेकर नहीं गये।आप मानते हो कि राष्ट्रपति जाते तो मंदिर का शुद्धिकरण कराना होता। कहां आरएसएस का भाजपा यह गरीब लोगों को मारना चाहती है भूख से बेरोजगारी से और अशिक्षा से।कहा संविधान को जिन्दा रखना जरूरी है। एक होकर आगे बढ़ो।

कांग्रेस का पांच न्याय और पच्चीस गारंटी देते हुवे कहा जातिगत जनगणना कर पिछड़े और गरीब लोगों को हक दिलायेंगे। मौके पर कल्पना सोरेन ने लोगों का अभिनंदन करते हुए कहा कि राज्य में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अगुवाई में गठबंधन का सरकार ने इतना काम किया की गरीब पिछड़ा वर्ग के लोगों के लिए और आगे भी जन कल्याण कारी योजना से जनता को लाभान्वित की जा रही है और भाजपा को रास नहीं आई और हेमंत सोरेन को हटाने के लिए जुल्म ढाहने लगे पर हम डरने वाले नहीं हैं हम अड़कर लड़ने वाले हैं। श्रीमती सोरेन ने इंडिया गठबंधन प्रत्याशी केएन त्रिपाठी के पक्ष में लोगों से समर्थन का अपील करते हुए अपार मतों से विजय बनाने का आग्रह किया सभा में उपस्थित लोगों ने हाथ उठाकर जेएमएम नेत्री कल्पना सोरेन को हाथ उठाकर समर्थन दीया। संबोधन से पूर्व कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री खड़गे एवं झामुमो नेत्री कल्पना सोरेन को स्वागत में झारखंडी नृत्य के साथ ढोल नगाड़ा बजाते हुए कार्यक्रम स्थल तक लाया गया जहां गठबंधन के कार्यकताओं ने पगड़ी पहना कर भव्यमाला पहनकर स्वागत किया। कार्यक्रम का मंच संचालन झामुमो जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव ने किया मौके पर उपरोक्त लोगों के अलावे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर विधायक बैधनाथ राम विधायक रामचंद्र सिंह राजद जिला अध्यक्ष रामप्रवेश यादव, कांग्रेस जिला अध्यक्ष मुनेश्वर उरांव, 20 सूत्री लातेहार जिला उपाध्यक्ष अरुण दुबे, मोहर सिंह यादव, समसुल होदा, प्रितलाल यादव,ईस्वर उराँव सहित चतरा-जिला- पांकी सहित पूरे चतरा लोकसभा क्षेत्र से कई इंडिया गठबंधन के जिला अध्यक्ष प्रखंड अध्यक्ष गांव गांव के कार्यकर्ता के साथ-साथ हजारों महिला पुरुष ग्रामीण मौजूद रहे।

**चुनावी सरगर्मी के बीच मनरेगा योजना में मची है लूट**

## गांव के सार्वजनिक तालाब में ही मनरेगा योजना से किया गया है डोभा का निर्माण

**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर(चतरा)**



इन दिनों गिद्धौर प्रखंड में एक तरफ लोकसभा चुनाव की सरगर्मी, तो दूसरी तरफ बिचौलिए व ठेकेदार मनरेगा योजना में जमकर अनियमितता बरत रहे हैं। साथ ही जमकर राशि का दुरुपयोग कर लूट मचा रहे हैं। गिद्धौर प्रखंड के बारियातु पंचायत के लुब्धिया गांव में पूर्व के सार्वजनिक तालाब में ही मनरेगा से डोभा का निर्माण कर दिया गया है। इतना ही नहीं लगभग 40 से 50 हजार रुपए की निकासी भी कर ली गई है। बताया जाता है कि लोकसभा चुनाव को लेकर अधिकारी, कर्मी सभी व्यस्त हैं। वैसे में बिचौलिए व ठेकेदार तत्व के लोग इसका भरपूर लाभ उठा रहे हैं। न कोई जांच करने वाला मिल रहा है और न कोई योजना की देखरेख करने वाला। बताया जाता है कि लुब्धिया गांव के फरेंडवा नामक आहर पूर्व में निर्मित है। इसी आहर में कौशल्या देवी के नाम से मनरेगा योजना के तहत डोभा का निर्माण कर दिया गया है। ग्रामीणों ने इसकी जांच करते हुए संलिप्त लोगों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है।

## चतरा लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी नागमणी ने की कार्यकर्ताओं संग बैठक




**चंदवा।** चतरा लोकसभा क्षेत्र से बीएसपी प्रत्याशी नागमणी कुशवाहा सोमवार को चंदवा पहुंचे जहां उन्होंने कार्यकताओं संग बैठक की। चंदवा पहुंचने पर मो मोजम्मिल के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने उनका हिसरी के समीप जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान कार्यकताओं ने चतरा लोकसभा का सासंद कैसा हो नागमणी जैसा हो,बीएसपी सुप्रीमो मायावती जिंदाबाद आदि नारे लगा रहे थे। इसके बाद नागमणी ने इंदिरा गांधी चौक के समीप स्थित कार्यालय में कार्यकताओं संग बैठक की।कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए नागमणी ने कहा कि जब मै चतरा लोकसभा से सांसद था तब मेरे द्वारा जनहित में कई कार्य किये गए थे।मेरे बाद आने वाले सासंदो की उदासीनता के कारण क्षेत्र काफी पिछड़ा हुआ रह गया है। अगर पुनः जनता मुझे मौका देती है तो मैं क्षेत्र का चहुमुंखी विकास करने का काम करूंगा। उन्होंने आगे कहा कि चंदवा प्रखंड में आरओबी का निर्माण,लातेहार में बॉक्साइट संबंधित उद्योग लगाने,सड़कों का निर्माण आदि कई कार्य मेरी प्राथमिकता सूची में शामिल हैं। मौके पर मो मोजम्मिल, औरंगजेब आलम उर्फ राजू, जावेद अख्तर,दांगी जी, देवी,करीम आलम, मो इरफान,बीरेंद्र कुमार पिंटू, मंसूर अंसारी समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड में नेतरहाट आवासीय विद्यालय के विशाल कुमार 480 नंबर लाकर रहे टॉपर

**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**




नेतरहाट आवासीय विद्यालय में टॉप टेन में 11 छात्रों जगह बनाएं है। जिसमें विशाल कुमार-96%, लमन कुमार महली-95%, सक्षम कुमार- 94.4%, स्वेतआंईद-94%, रविराज- 92.8%,अदिति कुमार- 91.6%,पियुस कुमार-91.2%, आर्यन गुप्ता- 90.6%, अनुराग कुमार-90.2%, विशाल अग्रवाल-90%। वही 12 वीं साइंस में तीन टॉपर हुए जिसमें अंकित मुमु 465 टोटल प्रतिशत 93 ,शिव कुमार 448 प्रतिशत 89% व विश्ववास कुमार टोटल 412 प्रतिशत 82% लाकर टॉप में रहे। साथ ही आर्ट्स में आयर्न कुमार 464 टोटल 92.2% ,पियुस कुमार टोटल 456 प्रतिशत 91% व मनिष कुमार टोटल 432 प्रतिशत 86.4% लाये।

### गोंडवाना फाउंडेशन ने चलाया जागरूकता अभियान

**सिमरिया (चतरा)।** सिमरिया प्रखंड के तेतर मोड स्थित उदयन पब्लिक स्कूल में सोमवार को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम गोंडवाना फाउंडेशन, मटवारी हजारीबाग द्वारा आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता सामाजिक कार्यकर्ता बिंदेश्वर साहू ने किया। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में पुंडरा मुखिया विनोद महतो, संस्था के निदेशक डॉ. चेतलाल प्रसाद, प्रबंधन समिति की सदस्या प्रेमलता चंद्रा, विद्यालय की प्राचार्या टेंसी थॉमस, राजकुमार साव एवं जेएसएलपीएस की संगीता देवी, सुनीता देवी, सुरजी देवी, ललिता देवी सहित विद्यालय परिवार के सभी शिक्षक, शिक्षिका, कर्मचारी व सैंकडों ग्रामीण उपस्थित रहे। मुखिया विनोद महतो ने मतदाता जागरूकता अभियान के तहत बताया कि भारत के संविधान ने हमें अपने अधिकारों को पाने के लिए मत का प्रयोग करना चाहिए।

### श्रीश्री रविशंकर जी का मनाया गया जन्मोत्सव



**टंडवा (चतरा)।** सोमवार को टंडवा प्रखंड क्षेत्र के सिसई में पद्म विभूषण श्रीश्री रविशंकर जी का जन्मोत्सव विधिवत गुरु पूजन व प्रसाद वितरण कर मनाया गया। इस अवसर पर आर्ट ऑफ लिविंग के शिक्षक सह मारवाड़ी कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर जयप्रकाश रजक के नेतृत्व में वर्षों की भांति इस वर्ष भी दर्जनों लोगों ने पर्यावरण संरक्षण की प्रतिबद्धता के साथ वृक्षों में रक्षाबंधन किये। वहीं लोगों को सुखद भविष्य के लिए पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता को बताया गया। इसके साथ हीं जंगल है तो मंगल है पर आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों से भाग लेने वाले सफल प्रतिभागियों को श्री रजक द्वारा पुरस्कृत किया गया। मौके पर सहायक अध्यापक संघ के प्रखंड अध्यक्ष सुमन भारतीय, रिसोर्स शिक्षक मुकेश आनंद, विक्की रंजन, भीम रजक, सागर रंजन, दीपिका कुमारी समेत अन्य मौजूद थे।

## केएन त्रिपाठी के समर्थन में इंडी गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने मांगा जनता से समर्थन



**नवीन मेल सवांददाता। महुआडांड़**

लातेहार प्रखण्ड के ग्राम बरदौनी, लूरगुमी, बराही व गडबुढनी, क्षेत्र में कांग्रेस कार्यकताओं समेत इंडीये गठबंधन के कार्यकताओं ने चतरा लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी के एन त्रिपाठी के पक्ष में समर्थन करने को लेकर जनसंपर्क अभियान चलाया। समेत अन्य कई जगहों पर सभा का आयोजन किया गया। जहां कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि मोहम्मद इस्तेखार ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे लोकसभा क्षेत्र में स्थानीय सांसद नही होने के कारण हमारे क्षेत्र का विकास नही हो पाया है दस वर्षों से यहां भाजपा का बाहरी सांसद रहा जिसके कारण चतरा लोकसभा का विकास कोशों दुर रहा इसी को देखते हुए हमारे इंडीये गठबंधन के द्वारा कांग्रेस ने स्थानीय प्रत्याशी के रुप में के एन त्रिपाठी को उमिदवार को उतारा गया जिससे कि चतरा लोकसभा का विकास हो प्रदेश प्रतिनिधि मो इस्तेखार अहमद ने लोगों से आग्रह किया की 20 माई को अपने अपने घरों से निकल कर चुनाव बुथों में जाकर अपना मत कांग्रेस का चुनाव चिन्ह हाथ छाप पर बंटन दबाकर के एन त्रिपाठी को अधिक वोटों से विजय बनाने के लिए लोगों का समर्थन मांगा। इस चुनावी समर्थन कार्यक्रम में मुख्य रूप से राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि अजीत पाल कुजूर, उप प्रमुख अभय मिंज, मुखिया रेणु तिग्गा,रीता खलखो, सुषमा कुजूर, उषा खलखो मोहम्मद नसीम, किशोर तिर्की, मोहम्मद रानू खान, मोहम्मद नूरुल अंसारी, मो बसारत अली, समेत सैकड़ो की संख्या में इंडिये गठ बंधन कार्यक्रता एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### अनियंत्रित होकर कोयला वाहन दुर्घटनाग्रस्त



**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर थाना क्षेत्र के गांगपुर गांव स्थित दतुआ आहर के समीप सोमवार को कोल वाहन अनियंत्रित होकर दुर्घटना ग्रस्त हो गया। वहीं मौके से चालक फरार हो गया। जबकी कोल वाहन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। बताया जाता है की कोल वाहन टंडवा से कटकमसांडी जा रहा था। इसी क्रम में दतुआ आहर के समीप अनियंत्रित होकर दुर्घटना ग्रस्त हो गया। बताया जाता है तीखी मोड होने के कारण घटना घटी। कई बाइक भी दुर्घटना ग्रस्त हो चुके हैं। वही सूत्रों की माने तो कई कोल वाहन नाबालिक चालकों द्वारा चलाया जा रहा है। जिसके कारण भी कोल वाहन दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। दुसरी ओर जिला परिवहन विभाग कोल वाहनों के विरुद्ध जांच के नाम पर खानापूर्ति कर रही है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अवर निरीक्षक रंजय सिंह घटना स्थल पर पहुंचकर घटना की जानकारी लिया। नोट फोटो।

### 20 छात्र-छात्राओं का राष्ट्रीय मेधा छात्रवृत्ति योजना में हुआ चयन, विद्यालय परिवार में हर्ष



**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड अंतर्गत प्लस टू उच्च विद्यालय द्वारी के कक्षा आठ के 20 छात्र-छात्राओं का चयन राष्ट्रीय मेधा छात्रवृत्ति योजना 2024 के तहत हुआ है। छात्र-छात्राओं के चयन होने पर विद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी को बधाई दिया है। चयनित छात्रों में समर्पित गर्ग, आदर्श कुमार, आर्यन रजक, रोशन कुमार गुप्ता, पूजा कुमारी, उर्मिला कुमारी, विवेक कुमार, सौरभ कुमार, विक्की कुमार, ओमकार गुप्ता, शैली प्रिया, धीरज यादव, सुमन कुमार यादव, सूरज कुमार, अंकित कुमार प्रजापति, प्रिंस कुमार, आयुष कुमार यादव, बंटी कुमार दास, पीयूष यादव व अमित पासवान का नाम शामिल है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अजय कुमार सिन्हा ने छात्र-छात्राओं के सफलता का श्रेय सभी शिक्षकों, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष व सदस्यों को दिया है।

### सीबीएसई के 10वीं बोर्ड में रामकृष्ण परमहंस सेंट्रल स्कूल के छात्रों ने शत-प्रतिशत सफलता प्राप्त की

**सिमरिया (चतरा)।** सिमरिया अनुमंडल मुख्यालय में हजारीबाग रोड स्थित श्री रामकृष्ण परमहंस सेंट्रल स्कूल के छात्रों ने सीबीएसई बोर्ड द्वारा आयोजित दसवीं के परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय से कुल 45 छात्रों ने बोर्ड की परीक्षा दीथी, जिसमें सभी विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। विद्यालय से चन्दन कुमार ने 96 प्रतिशत अंक लाकर पूरे विद्यालय एवं प्रखण्ड में उच्च स्थान प्राप्त किया। साथ ही सम्पूर्ण जिले में दूसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय में सुमित्रा कुमारी ने 94 प्रतिशत अंक लाकर दूसरे, आकांक्षा कुमारी ने 88 प्रतिशत के साथ तीसरे, चांदनी कुमारी 85 प्रतिशत के साथ चौथा एवं अलका कुमारी और रिया कुमारी ने 81 प्रतिशत आंक लाकर संयुक्त रुप से पांचवा स्थान प्राप्त किया। समस्त विद्यालय से लगभग 24 छात्रों ने 80 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय को गौरवान्वित किया। इस सफलता पर विद्यालय के निदेशक प्रवीण प्रकाश सिंह ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामना देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। वहीं विद्यालय के प्राचार्य मुसाफिर सिंह, उप-प्रधानाचार्य दीपक मिश्रा ने शुभकामना देते हुए कहा कि सिमरिया जैसे छोटे जगह के छात्र भी शहर के छात्रों से कम नहीं हैं।


लोकसभा आम निर्वाचन 2024
अति महत्वपूर्ण

**लोकसभा आम निर्वाचन–2024**
पोस्टल बैलेट कोषांग गुमला।
(Email id –postalballotcellgumla@gmail.com)

चुनाव का पर्व DESH KA GARV

**आदेश**

लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के धारा 28 A में निहित प्रावधानानुसार तथा भारत निर्वाचन आयोग पत्रांक 52/2023/SDR/VOL-4 दिनांक 31.10.2023 से प्राप्त निदेश के आलोक में लोकसभा निर्वाचन 2024 के क्रम में मतदान की प्रक्रिया सम्पन्न कराने हेतु प्रतिनियुक्ति मतदान कर्मी यथा मतदान दल के कर्मी, माईक्रो ऑवजरबर, सेक्टर दण्डाधिकारी, विडीयो ग्राफर, पुलिस कर्मी, आवश्यक सेवा के अनुपस्थित मतदाता, आदि के लिये पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान की सुविधा उपलब्ध कराया जाना है। तद् हेतु अनुमण्डल कार्यालय, गुमला में सुविधा केन्द्र Facilitation Centre एवं पोस्टल वोटिंग सेन्टर (PVC) का अधिष्ठापन किया जाता है जो निम्नांकित तिथि पर कार्यशील रहेगा।

| लोकसभा क्षेत्र के मतदाता | मतदान केन्द्र | दिनांकः– | समय |
|---|---|---|---|
| 4–चतरा<br>5–कोडरमा 14–हजारीबाग | पोस्टल वेटिंग सेन्टर | 16.05.2024 | 9:00 AM से 5:00 PM तक |
| | सुविधा केन्द्र (FC) | 17.05.2024 से 18.05.2024 तक | |
| 6–गिरिडीह<br>7–धनबाद<br>8–राँची | पोस्टल वेटिंग सेन्टर | 20.05.2024 | |
| | सुविधा केन्द्र (FC) | 21.05.2024 से 22.05.2024 | |
| 1–राजमहल(अ0ज0जा0)<br>2–दुमका<br>3–गोड्डा | पोस्टल वेटिंग सेन्टर | 29.05.2024 | |
| | सुविधा केन्द्र (FC) | 30.05.2024 | |

**डाक मतदान केन्द्र ( Postal Voting Center )**

| मतदाता का प्रकार | सत्यापन पदाधिकारी | Poll Officer 1 | Poll Officer 2 | Poll Officer 3 |
|---|---|---|---|---|
| Voters on election Duty/zonal/sector/Static magistrate/micro observer/ कोषांग में कार्यरत पदाधिकारी एवं कर्मी | श्री षिव बालक प्रसाद, परीक्ष्यमाण उपसमाहर्ता गुमला । | श्रीमती गीता देवी, प्रधान लिपिक अंचल कार्यालय, सिसई | श्रीमती सरोज मिंज, प्रखण्ड कार्यालय , रायडीह। | श्री कलिन्द्र साहु, परीक्ष्यमाण उपसमाहर्ता गुमला। |

**सुविधा केन्द्र (Facilitation Center)**

| मतदाता का प्रकार | सत्यापन पदाधिकारी | Poll Officer 1 | Poll Officer 2 | Poll Officer 3 |
|---|---|---|---|---|
| अनिवार्य सेवा के अनुपस्थित मतदाता | श्री श्रीराम वारी, जिला नियोजन पदाधिकारी, गुमला। | श्री राहुल उरांव, लिपिक जिला स्थापना शाखा, गुमला। | श्री दिनेष्वर भगत, प्रधान लिपिक जिला पंचायती राज कार्यालय, गुमला। | श्री मुनिन्द्र चीक बड़ाइक, प्रधान लिपिक, जिला आपुर्ति कार्यालय । |

अतिरिक्त सत्यापन पदाधिकारी:–
1. श्री पुनीत मिंज, श्रम अधीक्षक, गुमला
2. श्रीमती साधना जयपुरीयार, कार्य0दण्डा0, गुमला शाखा
3. श्रीमती कंचन सिंह भूमि सुधार उप समाहर्ता, चैनपुर

अतिरिक्त मतदान अधिकारी :–
1. श्री नारायण सिंह, लिपिक अंचल कार्यालय, सिसई
2. श्री अमन कुमार केशरी, लिपिक जिला स्थापना
3. श्री अनिल उरांव, लिपिक जिला स्थापना शाखा

मतदान अधिकारी/सत्यापन पदाधिकारी के अनुपस्थिति में अतिरिक्त कर्मी/पदाधिकारी संबंधित दायित्व का निर्वहण करेगें। मतदान टीम के सभी सदस्य भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निदेश के अनुरूप डाक मतदान कार्य सम्पन्न कराना सुनिश्चित करेगें। Facilitation Center एवं पोस्टल वोटिंग सेन्टर प्रक्रिया के पूर्ण प्रभार में श्री शेखर कुमार, भूमि सुधार उप समाहर्त्ता बसिया सहायक निर्वाची पदाधिकारी (पोस्टल बैलेट) का दायित्व निर्वाहन करेगें।

सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारी और कर्मी भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश का अक्षरशः अनुपालन करना सुनिश्चित करेगें।

वरीय नोडल पदाधिकारी
डाक मत–पत्र कोषांग –
सह–परियोजना निदेषक,
आई0टी0डी0ए0, गुमला।

जिला निर्वाची पदाधिकारी
12–लोहरदगा (ST)–सह–उपायुक्त
गुमला।

PR 324752 Election(24-25)D

# लोहरदगा लोकसभा चुनाव में 62.60 प्रतिशत मतदान

## एक नजर

### भंडरा में वज्रपात से बालक की मौत

**भंडरा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़ागाई में रविवार की देर शाम बारिश के साथ हुई वज्रपात से एक बालक की मौत हो गई। मृत बालक की पहचान बड़ागाई निवासी सुबोध उरांव के पुत्र मोहित उरांव (12 वर्ष) के रुप में हुई है। स्वजनों ने बताया कि मोहित उरांव अपने दोस्तों के साथ बड़ागाई ईंट भट्ठा के समीप खेत में खेल रहा था। इस दौरान बारिश होने पर पेड़ के नीचे बच रहा था। तभी वज्रपात की चपेट में आ गया। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय ग्रामीणों ने मोहित को भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां चिकित्सक में मोहित को मृत घोषित कर दिया।

### बिजली की आंख मिचौनी से मतदान कर्मी व मतदाता परेशान रहे

**कुड़ू।** यह दृश्य देखने को मिला बूथ संख्या 139 व 140 पर। मतदानकर्मी खिड़की एवं वेंटिलेटर की रौशनी मतदान कार्य संपादन कर रहे थे। सुबह मतदान कार्य शुरू होने के पहले बिजली नहीं थी। इतने बड़े चुनावी महापर्व में बिजली न रहे सवाल उठेगा हीं। उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी कुड़ू को इसकी सूचना दी गयी। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने आश्वस्त किया कि कार्यपालक अभियंता विद्यूत विभाग से बात करते हैं तब कहीं जाकर सात बजे के बाद बिजली आपूर्ति की गयी। लेकिन बिजली आना जाना तो कभी लो वोल्टेज की समस्या बरकरार रही। खैर कुड़ू प्रखंड में चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हुआ।

### ईवीएम में आई तकनीकी खराबी, स्लो वोटिंग का रहा शिकायत

**लोहरदगा। लोकसभा** चुनाव के दौरान इवीएम के स्लो होने की शिकायत शहरी व ग्रामीण इलाकों के प्रायः मतदान केन्दों में मतदाताओं ने किया। इवीएम की तकनीकी स्लो होने के कारण मतदान प्रतिशत कम होने की चर्चा है। आम मतदाताओं की शिकायत रही कि विधानसभा में ईवीएम मशीन में एक वोटिंग करने पर 35 से 40 सेकंड न्यूनतम लग रहा था। वीवीपैट पर डिस्प्ले 15 सेकंड में देखने के बावजूद, ईवीएम मशीन में 15 सेकंड तक प्रत्याशी के बगल में दबा बटन का लाल बत्ती जलता रहा। अपेक्षाकृत लंबे समय तक लाल बत्ती जलने से मतदान की गोपनीयता भंग होने का भय मतदाता को लगता था। शहरी क्षेत्र के बूथ संख्या 282, 285, 288, 207, 168 समेत अन्य बूथों में मतदाता एवं के अपेक्षाकृत स्लो काम करने की शिकायत कर रहे थे। मौके पर कई मतदाताओं ने कहा कि ईवीएम के माध्यम से पूर्व में किए गए मतदान में इतना समय कभी नहीं लगता था।

---

- **सूरज निकलने के साथ ही सभी मतदान केंद्रों में मतदाताओं की कतार लग गई थी**
- **लोकतंत्र के महापर्व को लेकर समाज के सभी वर्गों में उत्साह देखा गया**





**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** देश के चौथा व झारखंड के पहले चरण के लोकसभा चुनाव के दौरान सोमवार को लोहरदगा सीट पर शांतिपूर्ण ढंग से मतदान प्रक्रिया संपन्न हुआ। लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में लगभग 62.60 फीसदी मत डाले गए। चाक-चौबंद सुरक्षा के बीच धीमी गति से शुरू हुई मतदान प्रक्रिया दोपहर के बाद जोर पकड़ता गया। सुबह के 7-9 बजे के बीच 11.82 फीसदी मतदान से मतदान की शुरूआत हुई, जो 9-11 बजे के बीच 27.77 प्रतिशत, 11-01 बजे के बीच 43.4 प्रतिशत, 1-3 बजे के बीच 56.72 प्रतिशत , 3-5 बजे के तक 62.60 फीसदी पहुंचकर समाप्त हुई। लेकिन 5 बजे तक लाइन में लगे मतदाताओं का वोट संपन्न होने के बाद यह आंकड़ा बढ़ सकता है। वही लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत 324 मतदान केंद्रो पर लगभग 65.90 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने अपने चहेते उम्मीदवार के पक्ष में वोट डाले। इधर लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में मतदान को लेकर मतदाताओं में जबरदस्त उत्साह देखा गया। सूरज निकलने के साथ ही सभी मतदान केंद्रों में मतदाताओं की कतार लग गई थी। इनमें महिला, युवा और वृद्धों की संख्या भी काफी अधिक थी। गर्मी के बावजूद लोग सबसे पहले वोट देने को लेकर मतदान केंद्रों में पहुंच चुके थे। केंद्र के बाहर सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए हैं। पर्याप्त जांच के बाद ही मतदाताओं को अंदर प्रवेश दिया जा रहा था। किसी भी मतदाता को कोई परेशानी ना हो इसके लिए विशेष रूप से व्यवस्था की गई थी। ग्रामीण इलाकों में भी मतदान को लेकर जबरदस्त उत्साह नजर आ रहा था। अपनी प्रतीक्षा की बारी में मतदाता काफी समय तक खड़े रहने के बावजूद अपना वोट डालकर ही मतदान केंद्र से बाहर निकल रहे थे। युवा और पहली बार वोट डालने वाले मतदाताओं में एक अलग ही उत्साह नजर आ रहा था। लोकतंत्र के इस महापर्व को लेकर समाज के सभी वर्गों में उत्साह देखा जा रहा है। निष्पक्ष मतदान के क्रम में ईवीएम में आई गड़बड़ी के कारण जिले के कई बूथ पर कंट्रोल एवं बैलेट यूनिट बदलकर मतदान प्रक्रिया शुरू कराई गई। मतदान के दिन आपात चिकित्सा सेवा का भी पुख्ता इंतजाम रहा। मतदान प्रक्रिया के दौरान जिले के उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम थे। जंगली-पहाड़ी क्षेत्र के अतिसंवेदनशील एवं संवेदनशील मतदान केंद्रों पर संयुक्त रूप से केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, जैप, आईआरबी, एपीएस एवं अर्द्धसैनिक बल पर थी। जंगली-पहाड़ी क्षेत्र के मतदान केन्द्रों पर मतदान करने पहुंचे मतदाताओं को सुरक्षा बलों द्वारा मतदान केंद्र पर आए कोई भी व्यक्ति के साथ मतदाताओं द्वारा को मेटल डिटेक्टर से पूरी तरह जांच परख के बाद ही उसे मतदान केंद्र में प्रवेश की अनुमति दी जा रही थी।

**उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों के मतदाताओं ने उमंग के साथ दिया वोट :** झारखंड राज्य में पहले चरण के अन्तर्गत लोहरदगा लोकसभा सीट के लिए सुदूर देहाती एवं जंगली-पहाड़ी क्षेत्र के मतदान केंद्रों में भी शुरूआत में धीमा मतदान हुआ परंतु बाद में मतदाताओं की लंबी कतार देखी गई। मतदान कार्य सुव्यवस्थित ढंग से हो इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा विशेष इंतजाम किए गए थे। मतदान के लिए बने कलस्ट प्वाइंट पर मतदानकर्मियों को चुनाव के दो दिन पूर्व ही भेजा गया था। साथ ही जंगली-पहाड़ी क्षेत्र के मतदान केंद्रों व कलस्टर प्वाइंट पर सुरक्षा बलों की तैनाती मतदान के लगभग एक पखवाड़े पहले से ही कर दी गई थी। जिसके कारण उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में भी मतदाताओं के हौसले बुलंद हुए और मतदान की उमंग देखी गई।

### पहली बार वोट देने आए युवक युवतियों में दिखा ज्यादा उत्साह

**लोहरदगा।** पहली बार मतदान कर रहे युवक-युवतियों में खासा उत्साह देखा गया। कई बूथों पर मतदाता पहचान-पत्र होने के बावजूद मतदाता अपने मताधिकार से वंचित रहे। वोट डालने के लिए कहीं पर सुबह से ही मतदाताओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी तो कई स्थानों पर मतदाताओं के बीच हो-हल्ला होता रहा। सुदूरवर्ती क्षेत्रों में मतदान प्रक्रिया में काफी देर बाद मतदाताओं का आना शुरू हुआ। कुछ एक केंद्रों पर तो मतदान शुरू होने के पहले से ही मतदाताओं का आना शुरू हो गया था। मतदान का सुखद पहलू यह रहा कि शहरी क्षेत्र के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों की महिला मतदाता घर की दहलीज से निकल मतदान प्रक्रिया में बढ़-चढ़कर हिस्सा ली।

## लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के 15 प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में कैद

**- लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में लगभग 62.60 प्रतिशत मतदान, लोहरदगा विस क्षेत्र में रिकार्ड 65.90 प्रतिशत मतदान**

**- 2019 की तुलना में इस बार लोकसभा क्षेत्र में 2.18 घटा मतदान**

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के लोकसभा क्षेत्र में लगभग 62.60 प्रतिशत मतदान हुई जबकि, लोहरदगा विस क्षेत्र में रिकार्ड 65.90 प्रतिशत मतदान शांतिपूर्ण ढंग से हुआ । वही लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के मांडर विधानसभा क्षेत्र में लगभग 62.08 प्रतिशत, सिसई विधानसभा क्षेत्र में लगभग 62.07 प्रतिशत, गुमला विधानसभा क्षेत्र में लगभग 62.30 प्रतिशत, विशुनपुर विधानसभा क्षेत्र में लगभग 60.71 प्रतिशत रहा। इस बार पिछले लोकसभा चुनाव की तुलना में लोकसभा क्षेत्र में 2.28% व विधानसभा क्षेत्र में 4.14% मतदान प्रतिशत घट गया। 2019 के लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में लगभग 64.88 प्रतिशत मतदान हुई थी जबकि विधानसभा क्षेत्र में लगभग 70.14 प्रतिशत मतदान हुआ था। बूथ पर आवश्यक मूलभूत सुविधाओं का भी बखूबी इंतजाम किया गया। स्काउट गाईड व एनएसएस के प्रतिनियुक्त दिव्यांग मित्र पीडब्ल्यूडी व वृद्ध मतदाताओं के सहयोग में तत्परता से डटे रहे। प्रत्येक बूथ पर दिव्यांग व वृद्ध मतदाताओं को प्राथमिकता देते हुए उनसे मतदान कराया गया। लोहरदगा लोकसभा संसदीय क्षेत्र के नये व वृद्ध मतदाताओं ने भी बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं मतदाताओं की सुरक्षा के मद्देनजर प्रत्येक बुथ पर पुलिस बल सहित अर्द्धसैनिक बलों की प्रतिनियुक्ति की गई थी। गौरतलब हो कि लोहरदगा लोकसभा संसदीय क्षेत्र में कुल 15 प्रत्याशी चुनावी मैदान में खड़े है। वर्तमान में गिरजानंद उरांव (बहुजन समाज पार्टी), समीर उरांव (भारतीय जनता पार्टी), सुखदेव भगत (इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी ), बिहारी भगत (पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया), मनी मुंडा (भागीदारी पार्टी), महेंद्र उरांव (कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया), रामचंद्र भगत (लोकहित अधिकार पार्टी), अर्जुन टोप्पो (निर्दलीय), अर्पण देव भगत (निर्दलीय), चमरा लिंडा (निर्दलीय), पवन तिग्गा (निर्दलीय), मरियानूस तिग्गा (निर्दलीय),रंजीत भगत (निर्दलीय), सनिया उरांव (निर्दलीय), व स्टेफन किंडो (निर्दलीय) चुनाव मैदान में अपना भाग्य आजमा रहे हैं। इन सभी प्रात्यशियो की किस्मत ईवीएम में बंद हो गई है।

### निवर्तमान राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने किया मतदान



**लोहरदगा।** लोकसभा चुनाव को लेकर लोहरदगा में हो रहे मतदान के तहत सोमवार को निवर्तमान राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने लोहरदगा बालिका मध्य विद्यालय बूथ संख्या 281 पर पहुंचकर अपना मत का प्रयोग किया। धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि देश का सबसे बड़ा पर्व लोकतंत्र है। इसलिए मतदान करने के लिए मतदान केंद्र पर पहुंचकर अपना मतदान किया। झारखंड में चार लोकसभा सीट पर मतदान हो रहा है। राज्यसभा सांसद ने कहा की लोग अपना मतदान अवश्य करें और आज लोकतंत्र का बड़ा पर्व है। इसलिए सभी लोग अपना मत का अधिकार को समझे और अपना मत का प्रयोग अवश्य करें। ताकि हमारा देश दुनिया में विश्वशक्ति बन कर उभरे और देश मजबूत बन सके। इधर रणजी खिलाड़ी व लोहरदगा डिस्ट्रीक आईकॉन, आशीष कुमार, ने लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में अपना मतदान करने के बाद लोगो से अपील किया कि वे मतदान केन्द्र जाए, अपना मत सुनिश्चित करे और लोकतंत्र के इस महापर्व का हिस्सा बने।

### इंडिया गठबंधन प्रत्याशी सुखदेव भगत ने किया मतदान



**लोहरदगा।** लोकसभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत ने अपने परिवार के साथ बूथ संख्या 266 में मतदान किया। इस दौरान उन्होंने जनता से बड़ी संख्या में बूथ पहुंचकर अपने मत का प्रयोग करने की अपील की। उनके साथ बड़े भाई दुर्गा भगत, उनकी पत्नी अनुपमा भगत, बेटा अभिनव सिद्धार्थ मौजूद थे।

## मतदान कार्य शुरू होने से पहले बूथों पर लगी मतदाताओं की लंबी कतार



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** लोकसभा चुनाव को लेकर शहरी और ग्रामीण इलाकों में स्थित मतदान केंद्रों में अहले सुबह से ही महिला और पुरुष मतदाताओं की अलग-अलग लंबी लाइन लग गई थी। 6:30 बजे सुबह तक मतदान केंद्रों में मतदाताओं की कतार लंबी होती गई। निर्धारित समय 7 बजे से मतदान कार्य शुरू किया गया। मतदान केंद्रों में विभिन्न आयु वर्ग के महिला और पुरुष मतदाताओं का उत्साह देखते बन रहा था। मई की गर्मी मौसम को देखते हुए लोग सुबह-सुबह मतदान करने के लिए आतुर रहे। मतदाताओं की भारी भीड़ मतदान केंद्र में पहुंचने के कारण सुबह 9 बजे तक लगभग 12 प्रतिशत मतदाताओं ने अपना वोट डाल दिया। धूप की तपिश बढ़ाने के बावजूद, मतदाताओं के उत्साह में कमी नहीं रही। दोपहर में प्रचंड गर्मी के बावजूद मतदान केंद्रो में मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग किया। दोपहर में मतदान केंद्रों में अपेक्षाकृत भीड़ कम हो गई। अपराह्न लगभग 3 बजे के बाद फिर मतदान केंद्रों में मतदाताओं की भीड़ बढ़ने लगी। शहरी क्षेत्र के कई मतदान केंद्रों में शाम 5 बजे के बाद भी मतदाताओं की लंबी कतार लगी थी। पोलिंग पार्टी उन्हें कैंपस में लेकर मतदान केंद्र का गेट लॉक किया। केंद्र के भीतर जाने वाले सभी मतदाताओं की वोटिंग देर शाम तक किया गया।

### प्रखण्ड चैनपुर में सुबह 7 बजे से ही मतदान शुभारंभ व ग्रामीणों में काफी उत्साह

**चैनपुर।** लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत,जिला गुमला के प्रखण्ड चैनपुर में मतदान प्रारम्भ 7 बजे से हो चुकी है। अभी तक शांति पूर्वक मतदान चल रही है। प्रखण्ड क्षेत्रों में लोकतंत्र को लेकर, लोगों में उत्साह देखा जा रहा है। नए मतदाता के बीच काफी उत्साह देखा जा रहा है। प्रखण्ड चैनपुर में 61 मतदान केंद्र बनाएं गए हैं। जहां मतदाता,मतदान कर रहे हैं। वहीं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर, प्रखण्ड प्रशासन की ओर से व्यवस्था की गई है। साथ ही अति संवेदनशील मतदान केंद्र आरसी प्राथमिक विद्यालय डोकापाट, रा. उत्कृ मध्य विद्यालय चंदगो, कुटमा, कोचागणी, तबेला, कुकरूंजा, राज. उत्का उच्च विद्यालय सिबिल पर पुलिस प्रशासन का पुख्ता इंतिजाम किए गए हैं। साथ ही प्रखण्ड चैनपुर के मतदान आकलन के लिए, ब्लॉक सभागार में बनाया गया है।एवं प्रखण्ड में चुनाव को लेकर, बीडीओ यादव बैठा एक नजर बनाएं हुए हैं। अति संवेदनशील इलाका जो कि नक्सलियों का गढ़ रह चुका है पांच साल के अंदर में नक्सलियों गढ़ से खत्म हुई मतदाता को लेकर काफी उत्सुकता दिखी। प्रखण्ड चैनपुर में कुल बूथ 61 है। साथ ही कुल 41 हजार 847 मतदाता है।जिसमें समय 11 बजे तक,मतदाता 32.51 %मतदान, कर चुके हैं। 64.07% मतदान हो चुकी है। साथ ही मतदान शांति पूर्ण चल रही है। प्रखण्ड क्षेत्रों के बूथ में सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है। प्रखण्ड मुख्यालय में शांति पूर्वक मतदान चल रही है। महिलाएं, पुरुष, युवक, युवती ओर बुजुर्ग लोग भी मतदान करने के लिए लाइन में लगे हुए हैं। कुछ युवक युवती प्रथम बार मतदान करके खुशी महसूस कर रहे हैं। एक बुजुर्ग महिला जिसकी उम्र लगभग 85 वर्ष हो रही है। मतदान करके काफी खुशी हो रहे हैं। प्रखण्ड चैनपुर में लोकतंत्र का महापर्व, अर्थात मतदान शांति पूर्वक चल रही है। पुलिस प्रशासन प्रत्येक मतदान केंद्रों पर चप्पे-चप्पे कमान संभाले हुए हैं।

## भंडरा में कई जगहों में ईवीएम खराब होने से मतदान बाधित

**भंडरा।** लोहरदगा लोकसभा सीट में भंडरा प्रखंड के विशुनपुर विधान सभा क्षेत्र के 24 मतदान केन्द्र और लोहरदगा विधान सभा क्षेत्र के 30 केंद्र कुल 54 बूथों पर मतदान प्रक्रिया सुबह 07 बजे शुरू हो गई है।भंडरा प्रखंड के दो विधानसभाओं के कुल 54 बूथों में 3 यूनिक मतदान केंद्र भी बनाए गए था। इन मतदान केन्द्रों में विशेष साज सजावट के साथ-साथ मतदाताओं की सुविधा का ध्यान रखा गया है। प्रखंड के कई बूथों में ईवीएम मशीन खराब होने से मतदाताओं को परेशानी उठानी पड़ी। विशुनपुर विधान सभा क्षेत्र के भैसमुंदो यूनिक बूथ नंबर 82 में मॉक पोल होने के बाद ईवीएम मशीन खराब हो गया। ईवीएम मशीन ठीक कराने के बाद एक घंटे बीस मिनट बाद पुनः मतदान शुरू हो सका। वही बेदाल बूथ नंबर 87 एवम 88 में ईवीएम खराब खराब होने से क्रमश 30 मिनट और दस मिनट मतदान बाधित हुआ। सोरंदा बूथ नंबर 95 में ईवीएम खराब होने के बाद नया ईवीएम से आधा घंटा देर से मतदान शुरू हुआ।

**वृद्ध और दिव्यांगों के लिए व्हील चेयर की व्यवस्था :** भंडरा प्रखंड में वृद्ध, दिव्यांगों मतदाताओं के लिए सभी मतदान केन्द्रों में व्हील चेयर व ऑटो की व्यवस्था की गई थी। निर्वाचन अधिकारी बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने बताया प्रखंड के कुल 54 मतदान केंद्रों में दिव्यांग एवम वरिष्ठ मतदाता के सुविधा के लिए व्हील चेयर व ऑटो की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा विशुनपुर विधान सभा क्षेत्र में 3 मतदान केंद्र को यूनिक बूथ बनाया गया था।

**युवा नए व वृद्ध मतदाताओं में दिखा उत्साह :** भंडरा लोक सभा चुनाव में नए युवा मतदाताओं में काफी उत्साह देखा गया। बेदाल, मस्मानों, भंडारा कुम्हारिया आदि के सैकड़ों युवा नए मतदाताओं ने पहली बार मतदान किया। वही लोकतंत्र में दिव्यांग व वृद्ध ने भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। भैसमुंदो बूथ में 82 वर्षीय विमला देवी मतदान करने पहुंची। जबकि दिव्यांग शंकर महतो ने व्हील चेयर में मतदान करने बूथ पहुंचे। टोटो में 80 वर्षीय लेचवा देवी भी मतदान करने मतदान केंद्र पहुंची। इस तरह कई बूथों में दिव्यांग एवम वृद्ध ने मतदान कर लोकतंत्र के इस महापर्व में भाग लिया।

**मतदान केंद्रों पर धूप से बचाव और पानी के इंतजाम :** गर्मी को देखते हुए प्रशासन ने सभी मतदान केंद्रों पर धूप से बचाव के लिए टेंट सहित अन्य व्यवस्था की है। इसके अलावा कुछ केंद्रों पर शीतल पेयजल के इंतजाम था। यदि किसी मतदाता की तबियत बिगड़ती है तो उनके प्राथमिक उपचार के लिए भी केंद्र पर उचित दवाएं उपलब्ध थी।

**सुरक्षा के व्यापक इंतजाम :** प्रखंड के लोक सभा चुनाव में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किया गया था। प्रखंड के 54 बूथों में तीन कम्पनी के करीब 325 सुरक्षा कर्मी तैनात किए गए थे। जिसमे एक कंपनी उड़ीसा पुलिस की एक कंपनी जैप इको 49 की जबकि एक कंपनी जिला पुलिस व होमगार्ड जवान की शामिल थे। इसके अलावे सीआरपीएफ के बाइक दस्ता भी प्रखंड के सभी बूथों में दौरा कर सुरक्षा का जायजा ले रही थी। वहीं प्रखंड के 54 बूथों में 216 मतदाता कर्मी को लगाया गया था। जबकि प्रखंड मुख्यालय में रिजर्व में 23 मतदाता कर्मी थे। जबकि कंट्रोल रूम में 30 कर्मियो तैनात किए गए थे।


**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**प्राचार्य का कार्यालय-औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सिमरिया, चतरा**
Email Id-principalitisimariya@gmail.com
Industrial Training Institute

**औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सिमरिया एवं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, किशनपुर (LWE) चतरा में शैक्षणिक सत्र 2024-25-26 में नामांकन से संबंधित सूचना**

निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, राँची द्वारा NCVT से मान्यता प्राप्त राज्य के सभी सरकारी (LWE सहित), निजी पी0पी0पी0,सी0एस0आर0 एवं टी0एस0पी0 मोड पर संचालित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के शैक्षणिक सत्र 2024-25-26 में नामांकन के लिए योग्य आवेदकों से जो झारखण्ड राज्य के स्थायी/स्थानीय निवासी की श्रेणी में आते है और नीचे दिये गये शैक्षणिक योग्यता धारित करते है, उनसे ऑनलाईन (https://iti. jharkhand. gov. in Admission tab) आवेदन -पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

01. औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिमरिया, चतरा में संचालित व्यवसाय एवं रिक्त सीट

| क्र0 सं0 | व्यवसाय का नाम | प्रशिक्षण अवधि | रिक्त सीटों की संख्या | शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|---|
| 1. | विद्युत (Electrician) | 02 वर्षीय | 40 | मैट्रिक पास |
| 2. | फिटर (Fitter) | 02 वर्षीय | 40 | मैट्रिक पास |
| 3. | मैकानिक डीजल (Mechanic Diesel) | 01 वर्षीय | 48 | मैट्रिक पास |
| 4. | वेल्डर (Welder) | 01 वर्षीय | 40 | आठवाँ पास/ मैट्रिक पास |

02. औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान किशनपुर (LWE) चतरा में संचालित व्यवसाय एवं रिक्त सीट-

| क्र0 सं0 | व्यवसाय का नाम | प्रशिक्षण अवधि | रिक्त सीटों की संख्या | शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|---|
| 1. | विद्युत (Electrician) | 02 वर्षीय | 20 | मैट्रिक पास |
| 2. | फिटर (Fitter) | 02 वर्षीय | 20 | मैट्रिक पास |

03. ऑनलाईन करने की तिथि:-

| क्र0 सं0 | विवरणी | तिथि |
|---|---|---|
| 01 | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन एवं आवेदन पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि | 15.05.2024 |
| 02 | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन एवं आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि | 09.06.2024 अपराह्न 5:00 बजे तक |
| 03 | औपबंधिक मेधा सूचियों (आठवीं एवं दसवीं कक्षा) का प्रकाशन | 12.06.2024 अपराह्न 5:00 बजे तक |
| 04 | औपबंधिक राज्य मेधा सूचियों में शामिल आवेदकों द्वारा प्राप्तांक/ प्राप्तांक प्रतिशत, कोटि एवं अन्य प्रविष्टियों में त्रुटि सुधार की अवधि | 13.06.2024 से 15.06.2024 तक |
| 05 | अंतिम मेधा सूचीयों (आठवीं एवं दसवीं कक्षा) का प्रकाशन | 20.06.2024 |

03. डी0जी0टी0 के पत्रांक:-DGT-Aff011/1/2023-0/o DIR(TC)-Part(2)[63756], दिनांक:-03.05.2024 के आलोक में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में नामांकन लेने वाले अभ्यर्थियों का वैध मोबाईल नम्बर, ई-मेल आई0डी0 एवं आधार नम्बर आवश्यक है तथा NTC उत्तीर्णता प्रमाण पत्र प्राप्त होने तक उसमें परिवर्त्तन करने की अनुमति नहीं होगी। डी0जी0टी0 का पत्र https://iti.jharkhand.gov.in के Download Section के Notification Tab में देखा जा सकता हैं।

05. नामांकन संबंधी विस्तृत महत्वपूर्ण सूचना झारखण्ड ITI Webportal (https://iti. jharkhand. gov. in) के Download Section के Notification Tab में देखा/ Download किया जा सकता हैं।

06. किसी प्रकार की महत्वपूर्ण जानकारी हेतु ITI Webportal के Grievance Section में टिकट Raise किया जा सकता है एवं आवश्यकतानुसार मो0 नम्बर- 9334526299/6202102245/9304197311 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

उक्त सूचना को Jharkhand के ITI Webportal (https://iti. jharkhand. gov. in) के Download Section के Notification Tab में देखा/Download किया जा सकता हैं।

नोट:- ऑनलाईन करने संबंधी किसी भी प्रकार के सहायता के लिए औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिमरिया, चतरा में सम्पर्क कर सकते है।

प्रभारी प्राचार्य
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सिमरिया, चतरा

PR 324750 Labour Employment and Traning(24-25)#D



झारखण्ड सरकार
वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग,
वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
चतरा उत्तरी वन प्रमंडल, चतरा।

**आम नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि चतरा उत्तरी वन प्रमण्डल के अन्तर्गत राज्यसात वाहनों (जहाँ है, जिस स्थिति में है) की आम नीलामी द्वारा बिक्री हेतु मुहरबन्द लिफाफे में दिनांक 22.06.2024 के पूर्वाह्न 11:30 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक चतरा उत्तरी वन प्रमंडल के प्रमंडलीय कार्यालय, चतरा में निविदा आमंत्रित की जाती है तथा उसी दिन अपराह्न 03:00 बजे निविदादाता या उनके द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति के समक्ष निविदा खोली जायेगी। किसी भी व्यक्ति को यह आपति हो कि आम नीलामी सूचना में उल्लेखित वाहन संबंधी सुनवाई किसी न्यायालय में विचाराधीन है, तो वे संबंधित मामले में अपना दावा स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से साक्ष्य हेतु दस्तावेज के साथ कार्यालय अवधि में चतरा उतरी वन प्रमण्डल के प्रमण्डलीय कार्यालय, चतरा में दिनांक 21.06.2024 को 5:00 बजे अपराह्न तक या उसके पूर्व समर्पित कर सकते हैं। यदि उक्त तिथि तक उल्लेखित राज्यसात वाहनों पर कोई दावा चतरा उतरी वन प्रमण्डल के प्रमण्डलीय कार्यालय, चतरा में समर्पित नहीं किया जाता है तो यह समझा जायेगा कि उल्लेखित राज्यसात वाहनों की आम नीलामी द्वारा बिक्री करने पर किसी व्यक्ति को कोई आपति नहीं है। नीलामी हेतु राज्यसात वाहनों की सूची, क्रमानुसार विवरणी एवं अन्य शर्तें निम्नांकित है :-

| क्र0 सं0 | वाद संख्या | वाहन का प्रकार | निबंधन संख्या/इंजन संख्या/ चेचीस संख्या | वाहन जहाँ, अवस्थिति है। |
|---|---|---|---|---|
| 1 | थाना काण्ड स0-63/2013 | ट्रक | Reg. No.- BR 02A 8283 | हंटरगंज थाना |
| 2 | कम्पलेन वाद सं0-591/2017 | ट्रक | Reg. No.- CG07CA-1586 | प्रक्षेत्र कार्यालय, हंटरगंज |
| 3 | कम्पलेन वाद सं0-451/2022 | टाटा ट्रक | Reg. No.- JH19A-8605 Ch.No.-MAT466388F1G16693 | प्रक्षेत्र कार्यालय, हंटरगंज |
| 4 | कम्पलेन वाद सं0-451/2022 | अशोका लिलैंड ट्रक | Reg. No.- TS07UG-6100 Ch.No.-MB1KACHD1KPGH9485 | प्रक्षेत्र कार्यालय, हंटरगंज |
| 5 | कम्पलेन वाद सं0-451/2022 | टाटा ट्रक | Reg. No.- JH02S-3377 Ch.No.-MAT466375B2A02374 | प्रक्षेत्र कार्यालय, हंटरगंज |
| 6 | कम्पलेन वाद सं0-451/2022 | टाटा ट्रक | Reg. No.- JH09R-7811 Ch.No.-MAT466385B2P29608 | प्रक्षेत्र कार्यालय, हंटरगंज |
| 7 | कम्पलेन वाद सं0-451/2022 | अशोका लिलैंड ट्रक | Reg. No.- JH02AU-2093 Ch.No.-MB1NACHD6JAFH7906 | प्रक्षेत्र कार्यालय, हंटरगंज |
| 8 | कम्पलेन वाद सं0-1414/2018 | सोनालिका ट्रैक्टर DI35 हल सहित | Ch.No.-AZJSG72764753 En. No.- 3100FL83C719969F3 | प्रक्षेत्र कार्यालय, हंटरगंज |
| 9 | कम्पलेन वाद सं0-968/2020 | महिन्द्रा ट्रैक्टर 265DI ट्रेलर सहित | En. No.- EC5556238R3 | प्रक्षेत्र कार्यालय, प्रतापपुर |
| 10 | कम्पलेन वाद सं0-969/2020 | महिन्द्रा ट्रैक्टर 265DI ट्रेलर सहित | En. No.- RENW00151BD | प्रक्षेत्र कार्यालय, प्रतापपुर |
| 11 | कम्पलेन वाद सं0-970/2020 | महिन्द्रा ट्रैक्टर 265DI ट्रेलर सहित | Ch.No.-226505439C1 En. No.- RAQ000502 | प्रक्षेत्र कार्यालय, प्रतापपुर |
| 12 | कम्पलेन वाद सं0-583/2017 | मोटरसाईकिल | Reg. No.- BR02D-1977 | प्रक्षेत्र कार्यालय प्रतापपुर |

नोट :-
1. विस्तृत सूचना के लिए कार्य दिवस में कार्यालय अवधि के दौरान अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।
2. आम नीलामी की शर्तें एवं वाहनों की सूची https://chatra.nic.in एवं https://forest.jharkhand.gov.in के website तथा कार्यालय वन प्रमंडल पदाधिकारी, चतरा उत्तरी वन प्रमंडल, चतरा के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

वन प्रमंडल पदाधिकारी
चतरा उत्तरी वन प्रमंडल

PR 324746 Forest, Environment and Climate Changes(24-25)D

## एक नजर

### इंडिया गठबंधन के लगभग प्रत्याशी चारसीटेड, देश में मोदी लहर : विद्युत वरण

**आदित्यपुर।** इंडिया गठबंधन के लगभग प्रत्याशी चारसीटेड हैं. देश को एक अच्छे इंसान की जरूरत है, जिसमें हमारे प्रधानमंत्री फिट हैं। आज भी देश में मोदी लहर है। उनका 10 वर्षों का कार्यकाल देशभक्ति, विकास, मजबूत अर्थव्यवस्था और रोजगार सृजन का द्योतक रहा है। उक्त बातें सोमवार को अपने गांव में सपरिवार वोट डालने पहुंचे सांसद विद्युत ने कहा। वे मीडिया कर्मियों से बात कर रहे थे। उन्होंने इंडिया गठबंधन पर हमला बोलते हुए कहा कि उस गठबंधन में एक भी नेता देश का नेतृत्व करने की क्षमता नहीं रखते हैं, यह बात पूरा देश समझ रहा है।नरेंद्र मोदी के आह्वान पर पूरा देश उन्हें वोट कर रहा है और उम्मीद ही नहीं पूरी गारंटी है कि एनडीए गठबंधन 400 पार सीट लाएगी और देश को एक मजबूत सरकार देगी, ताकि हमारी अर्थव्यवस्था 5 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचेगी। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार नरेन्द्र मोदी ने कोरोना जैसे महामारी से देश को बाहर निकाला यह उनके कुशल कार्यकुशलता को दशार्ता है। हमें भी उनके हाथ को मजबूत करने हैं, आज की वोटिंग में झारखंड के सभी सीट एनडीए गठबंधन को जा रहा है।

### साकची के दयाल इंटरनेशनल होटल में चला जेएनएसी का बुलडोजर

**जमशेदपुर।** झारखंड हाईकोर्ट के आदेश के बाद शहर में नक्शा विचलन कर बने भवनों और अतिक्रमण पर कार्रवाई शुरू हो गई है। जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति (जेएनएसी) ने अब तक कई नक्शा विचलन कर भवन का निर्माण करने वालों पर कार्रवाई की है। सोमवार को साकची के होटल दयाल इंटरनेशनल पर जेएनएसी ने कार्रवाई की। इस दौरान होटल के बेसमेंट को तोड़ा गया। होटल के बेसमेंट को व्यवसायिक उपयोग में इस्तेमाल किया जा रहा था। मौके पर मौजूद एसडीओ पारुल सिंह ने बताया कि हाईकोर्ट के आदेश पर यह कार्रवाई की जा रही है। शहर में जितने भी भवन है जहां पार्किंग की जगह व्यवसायिक उपयोग हो रहा है और जिन्होंने नक्शा विचलन कर भवन निर्माण कराया है उन पर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि लोग खुद से ही अवैध निर्माण को हटा ले।

### मतदान प्रतिशत धीमा होने पर भाजपाइयों ने जताई नाराजगी

**आदित्यपुर।** आदित्यपुर नगर निगम क्षेत्र में मतदान प्रतिशत धीमी होने पर भाजपाइयों ने नाराजगी जताया है। सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र के सह संयोजक अमित सिंह ने कहा कि मतदाताकर्मी जान बूझकर मतदान प्रक्रिया को देर कर रहे हैं। एक मतदाता को 10 मिनट वोट देने में लग रहा है। वहीं जिला प्रशासन से प्राप्त आंकड़ों में दोपहर 11 बजे तक सिंहभूम लोकसभा निर्वाचन जिला प्रशासन में मतदान प्रतिशत 29।67% और खूंटी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में 30।26% मतदान का प्रतिशत रहा है।

### शिक्षक मित्र मंडली ने राहगीरों के लिए लगाया प्याऊ

**घाटशिला।** दाहीगोड़ा में शिक्षक मित्र मंडली दाहीगोडा ने बांग्ला नव वर्ष पर राहगीरों के लिए चना, गुड़ और शीतल पेयजल की व्यवस्था महीना भर के लिए सोमवार को शुरू किया। बांग्ला महीना के अंतिम सोमवार को राहगीरों के बीच शरबत का वितरण किया गया।शिक्षक मित्र मंडली दाहीगोड़ा के संयोजक सह संरक्षक अरुण कुमार चंद ने बताया कि राहगीरों के लिए लगाए गए महीना भर के लिए प्याऊ में हर एक रविवार कुछ विशेष व्यवस्था किया जाएगा। शिक्षक मित्र मंडली के अरुण कुमार चंद, सुजीत पांडे, परिमल कुमार मंडल, प्रदीप महतो, विभीषण मंडल, पीयूष माजी, तारक मित्र, भीष्म देव घोष, आलोक मंडल, कालीपद गोराई, बापी पाल, राजकुमार मंडल,। सुबोध मंडल, योगेश्वर कुंभकार, मनोरंजन चटर्जी, जयदीप सरकार, संजय कुमार गण, राजकुमार मंडल, प्रभास दास, उत्पल दास आदि उपस्थित थे।

# पेशम में आज जनसभा को संबोधित करेंगे पीएम नरेंद्र मोदी

**राष्ट्रीय नवीन मेल संवाददाता। बिरनी गिरीडीह**




**बिरनी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 मई को चुनावी सभा को संबोधित करने गिरिडीह जिले के बिरनी प्रखण्ड के पेशम पहुंच रहे हैं। प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर सभा स्थल पर सारी तैयारियां अंतिम चरण में है। कार्यक्रम को लेकर सभा स्थल पर भव्य पंडाल बनाया गया है वहीं भव्य मंच भी तैयार किया गया है। वहीं सभा स्थल से कुछ ही दूरी पर हेलीपैड बनाया गया है। जहां पीएम मोदी की सुरक्षा को लेकर व्यापक प्रबंध किया गया है। प्रधानमंत्री के इस चुनावी सभा को लेकर जहां भाजपा की ओर से पूरे जोर शोर से तैयारी की जा रही है। वहीं गिरिडीह जिला प्रशासन भी पूरी मुस्तैदी से इसमे जुटा है। डीसी नमन प्रियेश लकड़ा और एसपी दीपक शर्मा सभा स्थल की पूरी तैयारी पर अपनी नजर रखे हुए हैं। डीसी एसपी के अलावे अन्य पुलिस व प्रशासन के अधिकारी लगातार सभास्थल का दौरा कर रहे हैं। वहीं स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप (एसपीजी) की टीम ने सभास्थल का जायजा ले लिया और कई निर्देश भी दिए है।

प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के बाबत एसपी दीपक शर्मा ने कहा कि कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा को लेकर चाक चौबंद व्यवस्था की जा रही है। चप्पे-चप्पे पर हथियारबंद जवान तैनात रहेंगे। बताया गया कि सुरक्षा की दृष्टि से दो हजार अतिरिक्त सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की जा रही है। इसमें 50 इंस्पेक्टर, 280 एसआई एवं एएसआई, 1146 लाठी बल, 50 यातायात पुलिसकर्मी, दो बीडीएस की टीम, दो हिट टीम, तीन डॉग स्कवाइड सहित इको की आधा दर्जन टीमं तैनात रहेंगी। आसपास के जिलों और ट्रेनिंग सेंटर से भी पुलिस बल बुलाया गया है। एसपी ने बताया कि कार्यक्रम के मद्देनजर यातायात व्यवस्था भी बदली की जायेगी। ताकि किसी प्रकार की कोई असुविधा उत्पन्न न हो। निरीक्षण के क्रम में एसपीजी की टीम ने डीसी-एसपी के साथ सभास्थल के अलावा हेलीपैड का भी निरीक्षण किया। वहीं एसपीजी की टीम ने अभी से ही सभास्थल पर मोर्चा संभाल लिया है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री के इस कार्यक्रम में लाखों की भीड़ के कार्यक्रम स्थल पर जुटने की संभावना है। प्रधानमंत्री इस चुनावी सभा के माध्यम से न केवल कोडरमा संसदीय क्षेत्र के मतदाताओं को बल्कि गिरिडीह लोकसभा, धनबाद लोकसभा एवं हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के मतदाताओं को भी सम्बोधित करेंगे। जिस कारण गिरिडीह, कोडरमा, धनबाद, बोकारो एवं हजारीबाग जिले के लोगों का जुटान सभा स्थल पर होने की संभावना है। कार्यक्रम के सम्बंध में भाजपा नेता नरयाण पंडे ने कहा कि यह कार्यक्रम कोडरमा संसदीय क्षेत्र और बगोदर विधानसभा क्षेत्र के लिये काफी ऐतिहासिक होगा।

# नवडीहा ओपी पुलिस ने 12 पिकअप वैन से 36 गाय व 24 भैस को किया जब्त

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

सोमवार अहले सुबह नवडीहा ओपी क्षेत्र के बेंगाबाद-चतरो मुख्य मार्ग पर बघैडीह-गरडीह से नवडीहा ओपी पुलिस ने 12 पिकअप वैन से 36 गाय व 24 भैस को जब्त किया। पशु तस्कर एक-एक वैन में 7-8 पशुओं को लोड़कर जा रहे थे एक वैन में क्षमता से अधिक दुधारू पशुओं को लोड़ कर तस्करों ने मानवता को शर्मसार कर दिया। नवडीहा पुलिस द्वारा गश्ती के दौरान उक्त कारवाई की गई। पकड़े गए सभी पशुओं को नवडीहा ओपी परिसर में रखा गया है। पशु चिकित्सक द्वारा उक्त पशुओं का स्वास्थ्य जांच किया जा रहा है?

पशुओं को बिहार के छपरा से धनबाद ले जाया जा रहा था। व्यापारियों का कहना है कि वे लोग दुधारू पशुओं को कागजात के साथ ले जा रहे थे। नवडीहा ओपी पुलिस मामले की गहराई से छानबीन कर रही है.खबर लिखे जाने तक सभी पशुओं को नवडीहा ओपी परिसर में ही रखा गया है।



# अवैध माइका लोड ट्रैक्टर ने बाइक सवार को मारी टक्कर, युवक घायल



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

गावां थाना क्षेत्र के बंगालीबारा के पास सोमवार को एक अवैध माइका लोड ट्रैक्टर ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दिया। घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। बताया जाता है कि बिरने निवासी विजय कुमार उम्र (18) वर्ष पिता शंकर साव और बिरने निवासी मुन्ना साव एक ही बाइक पर सवार होकर मंझने से अपने घर बिरने की ओर जा रहा था। इसी बीच तिलैया जंगल से आ रहे अवैध माइका लोड वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दिया। इससे बाइक सवार विजय कुमार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से जख्मी हो गया। बाद में 108 एम्बुलेंस के सहयोग से उसे गावां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया गया जहां युवक का इलाज चल रहा है। बताया जाता है कि माइका लोड ट्रैक्टर वाहन पिहरा के किसी निवासी का बताया जा रहा है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# विकास को प्राथमिकता देने वाली सरकार के पक्ष में जनता करेगी मतदान : चंद्र प्रकाश चौधरी

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र की जनता विकास को प्राथमिकता देने वाली सरकार के पक्ष में अपना मतदान करेगी। उक्त बातें गिरिडीह संसदीय क्षेत्र से एनडीए (आजसू) प्रत्याशी चंद्र प्रकाश चौधरी ने जनसंपर्क अभियान के दौरान कही। उन्होंने कहा जनसंपर्क अभियान के दौरान क्षेत्र वासियों में केंद्र की मोदी सरकार के प्रति जोश और उत्साह इस बात का गवाह है। लोगों का भरपूर समर्थन और आशीर्वाद मिल रहा है। कहा उन्हें पूर्ण विश्वास है कि क्षेत्र की जनता चुनाव में विकास को प्राथमिकता देंगे। बताते चलें कि सोमवार को सीपी चौधरी ने अपने समर्थकों के साथ गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के बाघमारा विस अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया और जनसंपर्क अभियान चलाया। इस क्रम में उन्होंने क्षेत्र के नौजवानों, बड़े बुजुर्गों और महिलाओं से सीधा संवाद कर समर्थन की अपील की। अपने दौरे के क्रम में एनडीए प्रत्याशी ने हाथुडीह, तिलाटांड़, टंडा बस्ती, कंचनपुर, पासीटांड, रामपुर, मैगजीन एरिया, मलकेरा, रघुनाथपुर सहित अन्य क्षेत्रों का भ्रमण किया और मतदाताओं से आशीर्वाद मांगा।

### लांगों के माहलीसाई में गहराया पेयजल संकट

**डुमरिया।** डुमरिया प्रखंड के लांगो गांव टोला माहलीसाई में रेपो सामाद के घर के सामने स्थित जलमीनार खराब हो गया है. ग्रामीणों को पेयजल के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है। ग्रामीणों ने बताया कि लगभग एक वर्ष से जलमीनार खराब है। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को जलमीनार मरम्मत के लिए अनुरोध किया है। भीषण गर्मी में ग्रामीण पेयजल के लिए तरस रहे हैं। ग्रामीण चांदु देवगम, बाडगी देवगम, शांति देवगम, पिटू बिरुली, मालती साम, सुकुरमनी सामाद, बालेमा तापे समेत अन्य ग्रामीणों ने जलमीनार की जल्द मरम्मती की मांग की है।

### शक्ति केंद्रों में अभियान चलाकर ढुल्लू महतो को वोट देने की अपील की

**बोकारो।** भाजपा बिजुलिया मंडल की ओर से रविवार को सभी शक्ति केन्द्रों में अभियान चलाया गया. इस दौरान मंडल अध्यक्ष राजीव चौबे के नेतृत्व में बैलुंजा, बिजुलिया, चंदाहा, अलकुशा आदि शक्ति केंद्र में सक्रिय सदस्यों के साथ अभियान चलाया गया। मंडल अध्यक्ष ने शक्ति केंद्र और पन्ना प्रमुख से मिलकर अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने का सुझाव दिया। कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का विकास हो रहा है। राजीव चौबे ने कहा कि देश को लगातार विकास के रास्ते पर ले जाने का मिशन एवं विजन जो नरेंद्र मोदी के पास है, वैसा किसी दल के नेतृत्व में नहीं है। इसलिए हर हाल में देश में तीसरी बार पूर्ण बहुमत के साथ भाजपा की सरकार बनेगी। इसके लिए धनबाद लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो को ज्यादा से ज्यादा मतों से जीत दिलाकर केंद्र में मोदी सरकार को स्थापित करना जरूरी है।

## शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र तक मतदाताओं ने दिखाया उत्साह

**नवीन मेल संवाददाता। चक्रधरपुर**

लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा चुनाव के दौरान सोमवार को चक्रधरपुर के शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र के मतदाताओं ने मतदान को लेकर उत्साह दिखाया. चक्रधरपुर के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के मतदान केन्द्रों पर सुबह साढ़े छह बजे से ही मतदाताओं की कतार लग गई थी.सुबह सात बजे से लेकर शाम पांच बजे तक मतदान चली।भीषण गर्मी को दरकिनार करते हुये लोगों ने कतार में लगकर मतदान किया।वहीं चक्रधरपुर प्रखंड के नक्सल प्रभावित क्षेत्र के गांवों में भी मतदाताओं ने घरों से बाहर निकलकर अपने बूथ पर जाकर मतदान किया.शाम पांच बजे तक चक्रधरपुर विधानसभा क्षेत्र में 65.98 प्रतिशत मतदान हुआ.वहीं मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्र में 63.56 प्रतिशत मतदान हुआ।चक्रधरपुर व मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्र के नक्सल प्रभावित क्षेत्र बंदगांव, गोईलकेरा, गुदड़ी समेत अन्य सुदूरवर्ती क्षेत्रों के बूथों पर बीएसएफ के जवान समेत सुरक्षा बल के जवान मोर्चा संभाले हुये थे।वहीं सभी मतदान केन्द्रों पर सीसीटीवी कैमरा लगाकर निगरानी भी की जा रही थी।गर्मी को देखते हुये मतदान केन्द्रों पर पानी पिलाने के लिए वॉलेंटियर की भी व्यवस्था की गई थी।सोमवार को शांतिपूर्ण तरीके से चक्रधरपुर में मतदान संपन्न हो गया। समाचार लिखे जाने तक कहीं से भी किसी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना नहीं थी।

### जिला परिषद सदस्य हिरण्यमय सड़क दुर्घटना में घायल



**पोटका।** पोटका के जिला परिषद सदस्य हिरण्यमय दास सड़क दुर्घटना में घायल हो गए. इस हादसे में वे बाल-बाल बचे गए. घटना सोमवार की सुबह 11 बजे की है. वे डोमजुड़ी स्थित अपने आवास से जादूगोड़ा की ओर आ रहे थे. नरवा पहाड़ पुलिया के समक्ष उनकी मोटरसाइकिल एक अन्य मोटरसाइकिल से टकरा गई.इससे वे सड़क पर ही गिर पड़े. हालांकि पीछे से कोई भारी वाहन नहीं गुजरा. इस वजह से वे बाल-बाल बच गए. इस हादसे में पोटका के जिला परिषद सदस्य हिरण्यमय दास समेत कुल दो लोग घायल हुए हैं. स्थानीय लोगों ने घायलों को यूसिल की नरवा पहाड़ कंपनी अस्पताल पहुंचाया।

### बीएलओ की निष्क्रियता का दंश झेल रहे मतदाता

**आदित्यपुर।** बीएलओ की निष्क्रियता का दंश मतदाताओ को झेलना पड़ा है. बगैर पर्ची के मतदान करने पहुंचे मतदाताओं को काफी भटकना पड़ा है. इन मतदाताओं को सामाजिक कार्यकताओं ने मदद की है. सामाजिक कार्यकर्ता मोबाइल एप्प से पर्ची निकाल कर मतदाताओं को मतदान करने में सहयोग कर मतदान को सफल बनाया है.सुबह सात बजे से ही मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की भारी भीड़ उमड़ी।

## न्यूज | बॉक्स

### बिजली विभाग का एटीपी मशीन ऑपरेटर ग्राहकों का 27 लाख रुपया आईपीएल सट्टे में हारा

**धनबाद।** मुगमा कंचनडीह स्थित बिजली सब स्टेशन में आइडिया इंफिनिटी सॉल्यूशन संस्था के कर्मी द्वारा 27 लाख गबन करने का मामला प्रकाश में आया है. इस मामले में मुगमा बिजली विभाग सब स्टेशन में एटीपी मशीन संचालक कुमारधुबी निवासी विशाल कुमार को शिकायत के बाद निरसा पुलिस ने हिरासत लिया है। बताया जा रहा है कि विशाल निरसा के मुगमा सब स्टेशन में प्राइवेट संस्था के द्वारा एटीपी मशीन संचालक का काम करता था। जहां बिजली उपभोक्ताओं का पैसा जमा लेता था। इस दौरान विशाल ने मार्च माह के ग्राहकों के जमा 27 लाख गबन कर दिया। मामला उजागर तब हुआ जब एसडीओ ने अप्रैल माह का बैंक अकाउंट देखा। विशाल से पूछताछ में पता चला कि विशाल सभी पैसे आईपीएल के ऑनलाइन सट्टे में हार गया। यह सुनकर अधिकारियों के होश उड़ गए। जिसके बाद आइडिया इंफिनिटी सॉल्यूशन संस्था ने शिकायत निरसा थाना में किया। पुलिस ने विशाल को गिरफ्तार कर लिया है। और बिजली विभाग के अधिकारी लगातार विशाल के घर पहुंच कर उसके परिजन से मामले के संबंध में पूछताछ कर रहे हैं। अब सवाल यह उठता है कि अगर विशाल ने एक माह के पैसे को गबन किया तब पैसे की मॉनिटरिंग करने वाले अधिकारी कहां थे ? जब विशाल प्रत्येक दिन बिजली उपभोक्ताओं से पैसे जमा लेता था तो उसके सुपरवाइजर हर दिन का हिसाब क्यों नहीं लेते थे। इस संबंध में मुगमा सब स्टेशन के एसडीओ महेश प्रसाद महतो ने कहा आइडिया इंफिनिटी सॉल्यूशन संस्था के एटीपी मशीन ऑपरेटर द्वारा ग्राहकों का पैसा गबन करने का मामला है। संस्था से बैंक स्टेटमेंट मांगा गया है। जिसके बाद पूरी राशि की जानकारी मिल जाएगी। पैसा वापस करने के लिए संस्था को 30 दिनों का समय दिया गया है। नहीं तो बिजली विभाग द्वारा संस्था के खिलाफ मामला दर्ज किया जाएगा।

### सारंडा में माओवादियों ने सड़क पर पेड़ गिराकर वोटरों को रोकने का किया प्रयास



**सारंडा।** भाकपा माओवादियों ने सारंडा जंगल के सुदूरवर्ती गांवों के मतदाताओं को बूथ स्थल पर जाने से रोकने के लिए रात से ही प्रयास तेज कर दिया है। इसी क्रम में नक्सलियों ने 13 मई की अहले सुबह सारंडा जंगल के छोटानागरा थाना व दीघा पंचायत अंतर्गत हतनाबुरु-मारंगपोंगा के बीच मुख्य ग्रामीण सड़क पर दो जगह पेड़ काटकर गिरा दिया है। इतना ही नहीं नक्सलियों ने चुनाव बहिष्कार से संबंधित बैनर भी लगाया है। पेड़ गिरने से उक्त मार्ग पर आवागमन ठप हो गया है। साथ ही ग्रामीणों में भय का भी माहौल है। इसी मार्ग से सोनापी स्थित मतदान केंद्र जाते हैं मतदातान क्सलियों ने जिस स्थान पर पेड़ काटा है, वहां सड़क के एक तरफ ऊंची पहाड़ी है। वहीं दूसरी तरफ गहरी खाई और नदी है। इसकी वजह से उस रास्ते से बाइक भी पार नहीं हो पा रहा है। सारंडा के कई गांवों में जाने का अकेला यह सड़क मार्ग है। सारंडा के मारंगपोंगा, दीकुपोंगा, उसरुईया, होलोंगऊली, बालीबा, कुमडीह, कुदलीबाद, कोलायबुरु सहित कई गांवों के ग्रामीण इसी मार्ग से सोनापी स्थित मतदान केंद्र वोट देने जाते हैं। सोनापी मतदान केंद्र से उक्त गांवों की दूरी 10 से 25 किलोमीटर तक है। ऐसे में बिना वाहन के बूथ तक जाना मुश्किल है। पूरे क्षेत्र में आज 13 मई को मतदान होना है। विभिन्न सुदूरवर्ती गांवों के मतदाताओं को बूथों तक ले जाकर मतदान कराने के लिए विभिन्न राजनीतिक दलों और प्रशासन द्वारा वाहन की व्यवस्था की जाती है। लेकिन जब तक रास्ते में गिरा पेड़ नहीं हटेगा, तब तक बाइक या चारपहिया वाहन से इस रास्ते को पार कर बूथ पर जाना मुश्किल है। नक्सलियों की इस हरकत से पुलिस-प्रशासन के साथ-साथ मतदाता व राजनीतिक दलों के लोग परेशान हैं।

### डीपीएस बोकारो की साक्षी साइंस में, तो श्रीकृति कॉमर्स में स्कूल टॉपर

**बोकारो।** सीबीएसई 12वीं की बोर्ड परीक्षा में दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस), बोकारो के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है. साइंस की छात्रा साक्षी प्रिया 97.6 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल टॉपर बनी हैं. वहीं, 97 प्रतिशत अंक के साथ तमन्ना रे ने दूसरा, जबकि 95.8 फीसदी अंक के साथ रितिका साहा व सायन कर्माकर ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान हासिल किया है. कॉमर्स में श्रीकृति केडिया 96.4 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल टॉपर बनी हैं. इस बार 12वीं की परीक्षा में विद्यालय के कुल 441 विद्यार्थी शामिल हुए थे और सभी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं. 19 विद्यार्थियों को 95 प्रतिशत व इससे अधिक तथा 139 को 90 प्रतिशत या इससे ज्यादा अंक मिले हैं. वहीं, 340 बच्चों को 80 प्रतिशत तथा 407 को 75 प्रतिशत या इससे अधिक अंक मिले हैं।

# कोडरमा लोस और गांडेय विस क्षेत्र में चला गया जनसंपर्क अभियान



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

गांडेय प्रखंड के फुलची पंचायत क्षेत्र में इंडिया गठबंधन प्रत्याशियों के लिए भाकपा माले और झामुमो ने संयुक्त रूप से जन संपर्क अभियान चलाकर कोडरमा लोकसभा के लिए विनोद सिंह और गांडेय विधानसभा के लिए कल्पना सोरेन को जिताने की अपील की गई। इस दौरान माले नेता राजेश यादव ने कहा कि, इस चुनाव में लोगों की उम्मीदें जुड़ी हुई हैं। मोदी सरकार ने देश की जनता को तबाह किया। मौजूदा शासन में सरकार की नीतियों का विरोध करने वालों को प्रताड़ित किया जाता है। कहा कि, इसके खिलाफ इंडिया गठबंधन की अगुवाई में एकजुटता बनाई गई है। लोग एकजुट हैं। जन विरोधी और झारखंड विरोधी सरकार की हार होगी। उन्होंने लोगों से विनोद सिंह और कल्पना सोरेन को जिताने की अपील की। आज के अभियान में प्रेमचंद मुर्मू, सुफलाल मरांडी, सुफलाल सोरेन, मोहन मरांडी, जीबलाल मरांडी, मोहिलाल हेंब्रम सहित अन्य महिला पुरुष मौजूद थे।

## कोडरमा लोस क्षेत्र के निर्दलीय प्रत्याशी जयप्रकाश वर्मा ने चलाया जनसंपर्क अभियान

# लोस चुनाव में बदलाव का असर दिख रहा और जनता की उम्मीद जगी है जयप्रकाश वर्मा से : गौतम कुमार

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**



जय प्रकाश वर्मा जिंदाबाद व बाल्टी छाप जिंदाबाद नारा लगाते हुए गांडेय प्रखंड अंतर्गत कोडरमा लोकसभा प्रत्याशी प्रो जय प्रकाश वर्मा के पक्ष में बाल्टी छाप पर वोट मांगने गाडियों का काफिला रवाना हुआ। गांडेय प्रखंड के बंधाबाद महेशमुंडा, कुसुमभा, कोरिडीह, चपरा, दासडीह, अंबाडीह, फूलची इत्यादि गाँव पहुंच कर जनसंपर्क करते हुए बाल्टी छाप पर वोट मांगा । उपस्थित जनता जनार्दन ने प्रो जय प्रकाश वर्मा जिंदाबाद का नारा लगाया।

बाल्टी छाप जिंदाबाद। गौतम कुमार ने कहा पुरे लोकसभा में बदलाव का असर दिख रहा और जनता का उम्मीद जयप्रकाश वर्मा पर उम्मीद जगा है। इसलिए इस बार 8 न बाल्टी छाप पर मतदान कर भारी मतों से विजय बनाए। आज कोडरमा लोकसभा के निर्दलीय प्रत्याशी माननीय प्रोफेसर जयप्रकाश वर्मा ने जनसंपर्क अभियान कोडरमा लोकसभा के प्रखण्ड धनवार ग्राम पंचायत गिरिडीह के बरवाडीह गांव में निर्दलीय प्रत्याशी जयप्रकाश वर्मा के पछ में वोट करने के लिए जन संपर्क किया। जयप्रकाश वर्मा जिंदाबाद बाल्टी छाप जिंदाबाद कोडरमा लोकसभा क्षेत्र का नेता कैसा हो जयप्रकाश वर्मा जैसा हो गिरिडीह बरवाडीह में कुशवाहा भाइयों का अपार समर्थन मिला। सघन जनसंपर्क अभियान चलाया गया जिसमें मुख्य रूप से कोडरमा लोकसभा के प्रत्याशी गांडेय निवर्तमान विधायक प्रोफेसर माननीय प्रोफेसर जयप्रकाश वर्मा और तीसरी प्रखंड के ग्राम जलगोड़ा के पंचायत मांसाडीह जयनगर प्रखंड के कमाटांड़ गांव में बुजर्गो एवं चाचा एवं चाची से जयप्रकाश वर्मा के लिए वोट मांगने का अपील किया और समझाया गया की चुनाव चिन्ह क्रमांक संख्या 8 पर बाल्टी छाप पर बटन दबाकर भारी मतों से विजय बनावे और मकतपुर, नंदोडीह गाँव में ग्रामीणों के बीच जनसंपर्क किया गया। ग्राम बदडीहा केंदुआ पंचायत के ग्राम केंदुआ में जनसंपर्क एवं अन्य जनप्रतिनिधि और माननीय लोग उपस्थित रहे इसमें मुझे भी शामिल होने का मौका मिला और सभी पंचायत और ग्रामीण युवाओं माता बहनों किसान मजदूर सभी लोग उपस्थित रहे काफी सैकड़ो की संख्या में संख्या में जिसमें कोडरमा लोकसभा के देव तुल्य मतदाताओं ने और ग्रामीण उपस्थित हुए और सबों ने एक स्वर में कहा सब लोगों की एक ही आस जयप्रकाश जयप्रकाश हम सबों ने ठाना है प्रो जयप्रकाश वर्मा को इस बार कोडरमा लोकसभा से रिकॉर्ड तोड़ मतों से विजय बनाना है। चुनाव चिन्ह ईवीएम क्रम संख्या 8 बाल्टी छाप पर बटन दबाकर विजई बनाएं। सबको देख बारी बारी इस बार कोडरमा लोकसभा से है प्रोफेसर जयप्रकाश वर्मा सर की बारी प्रोफेसर जयप्रकाश वर्मा सर जिंदाबाद कोडरमा के भावी सांसद प्रोफेसर जयप्रकाश वर्मा सर

# आंखें दिखाता नेपाल और पीठ ठोकता चीन

***भारत*** से सांस्कृतिक समानता वाला पड़ोसी नेपाल दशकों से भारत की उपेक्षा के कारण इससे दूर होकर मजबूरी में चीन के पास चला गया था। दो दिसंबर, 1815 को ईस्ट इंडिया कंपनी और नेपाल के बीच सुगौली संधि पर हस्ताक्षर किया गया था और बाद में चार मार्च, 1816 को इसकी पुष्टि की गई थी, जिसने हिमालय साम्राज्य और औपनिवेशिक भारत के बीच सीमा रेखा स्थापित की। सुगौली संधि के अनुसार, काली नदी को दोनों देशों के बीच सीमा के रूप में स्वीकार किया गया था, लेकिन नेपाल लिपुलेख, लिम्पियाधुरा और कालापनी पर अपना स्वामित्व जताता रहा, जिसका जमीनी हकीकत से कोई वास्ता नहीं है। वर्ष 1816 से 2024 के बीच कई तरह के नक्शे प्रकाशित किए, जिसने सीमा के मुद्दे को और जटिल बना दिया। दोनों देशों की सरकारों द्वारा गठित सीमा आयोगों के नतीजों से वांछित परिणाम नहीं मिले हैं। अब नेपाल की कम्युनिस्ट सरकार ने अपनी मुद्रा पर नेपाल का एक नया नक्शा प्रकाशित किया है, जिसमें लिपुलेख, लिम्पियाधुरा और कालापानी जैसे भारतीय क्षेत्र को नेपाल के हिस्से के रूप में दर्शाया गया है, जिससे सदियों पुराने रिश्ते खतरे में पड़ गए हैं, क्योंकि इस तरह के गैर-राजनयिक कदम से भविष्य में खुला टकराव हो सकता है। प्रधानमंत्री मोदी ने नेपाल के साथ संबंधों को मजबूत करने का काफी प्रयास किया है और आधे दर्जन से अधिक बार नेपाल का दौरा किया, जिसमें 2022 में लुंबिनी की यात्रा भी शामिल है, जब उन्होंने भिक्षुओं, बौद्ध विद्वानों और गणमान्य लोगों की सभा को संबोधित किया। मोदी ने कहा कि बुद्ध की प्रासंगिकता किसी भौगोलिक सीमा में सीमित नहीं है, बल्कि वह सबके हैं। उन्होंने भारत-नेपाल रिश्तों की तुलना पहाड़ों की ऊंचाई से करते हुए इसे प्रौद्योगिकी, विज्ञान और बुनियादी ढांचों के विकास तक विस्तार देने की प्राथमिकता जताई। लेकिन लगता है कि नेपाल की कम्युनिस्ट सरकार इस रिश्ते को नष्ट करने पर तुली हुई है, जो कि हिमालयी साम्राज्य के लोगों के हितों के खिलाफ होगा। अब नई दिल्ली में आने वाली नई सरकार के लिए चीन समर्थक नेपाल से निपटने के लिए फिर से एक नई रणनीति तैयार करने की अग्निपरीक्षा होगी। संभवतः नेपाल के साथ संबंध बनाए रखने के लिए भारत लचीला रुख अपना सकता है। कूटनीतिक विशेषज्ञ इस बात पर एकमत हैं कि नेपाल सरकार को चीन भारत पर दबाव बनाने के लिए उकसाता है, जिससे रिश्ते तनावपूर्ण हो सकते हैं और नेपाल में चीन को बढ़त मिल सकती है। प्रचंड के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार, जिसमें चीन समर्थक एवं भारत विरोधी पूर्व नेपाली प्रधानमंत्री केपीएस ओली प्रमुख भागीदार हैं, ने हाल ही में सौ रुपये की नेपाली मुद्रा छापने का आक्रामक फैसला किया, जिसमें नेपाली नक्शे में भारतीय क्षेत्रों को दर्शाया गया है। इस पर प्रतिक्रिया जताते हुए भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने स्पष्ट कर दिया कि नेपाल के इस कदम से जमीनी स्तर पर वास्तविकता नहीं बदलेगी। उन्होंने कहा कि 'हम स्थापित मंच के माध्यम से सीमा मुद्दों पर नेपाल से बातचीत कर रहे हैं। इस बीच नेपाल ने एकतरफा तौर पर अपनी तरफ से कुछ कदम उठाए हैं।' भारत पहले ही नेपाल की ऐसी कोशिशों को नकार चुका है।इसके विपरीत, नेपाल का दावा है कि 1962 के भारत-चीन युद्ध के बाद भारत ने तीन क्षेत्रों पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया, जो विवाद का विषय रहा है, क्योंकि यह वास्तविकता से बहुत दूर है और सुगौली संधि की भावना के खिलाफ है। नेपाल की मुद्रा पर नया नक्शा छापने के नेपाल सरकार के फैसले ने नई दिल्ली में कई लोगों को आश्चर्यचकित कर दिया। इससे पहले भी तत्कालीन नेपाली प्रधानमंत्री ओली ने नया नक्शा तैयार कराया था, जिसमें भारत के इन क्षेत्रों को नेपाल में दिखाया गया था। इससे भारत नाराज हो गया था और इस शरारती कदम को सिरे से खारिज कर दिया था। ओली ने आठ मई, 2020 को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह द्वारा उत्तराखंड के धारचूला से लिपुलेख दर्रे को जोड़ने वाली 80 किलोमीटर लंबी रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण सड़क के उद्घाटन पर भी आपत्ति जताई थी। नेपाल ने भारत के नव उद्घाटित लिंक रोड पर भी असहमति जताई थी, जो लिपुलेख दर्रे से कैलाश मानसरोवर को जोड़ती है।

इन दिनों

# जन स्वास्थ्य का अधिकार और चुनावी शोरगुल



डॉ. अजय खेमरिया

***सुप्रीम*** कोर्ट इस साल दो बार निजी अस्पतालों द्वारा आमजनता से उपचार के नाम पर की जा रही देशव्यापी लूट को लेकर सख्त टिप्पणी कर चुका है। एक जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान पिछले महीने कोर्ट ने यहां तक कह दिया कि अगर केंद्र और राज्य सरकारें निजी अस्पतालों में एकरूपता के साथ उपचार की दरें तय नही कर पाती हैं तो कोर्ट खुद सीजीएचएस यानी केंद्रीय कर्मचारियों के लिए निर्धारित दरों को देश भर में लागू करने के आदेश दे देगा। दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि देश में हर साल 6.3 करोड़ लोग महंगे इलाज के चलते गरीबी के दलदल में फंस जाते है लेकिन देश के आम चुनावों में यह मुद्दा कहीं भी सुनाई नहीं दे रहा है। आरक्षण,संविधान बदलने और धार्मिक तुष्टिकरण, जातिगत जनगणना जैसे मुद्दे इस लोकसभा चुनाव में विमर्श का केंद्रीय बिषय बने हुए है जबकि जनसरोकार की राजनीति के लिए यह जरूरी था कि पक्ष -विपक्ष जन स्वास्थ्य को लेकर भी अपनी चिंताओं को लेकर वोटरों के बीच जाते। अमरीका, इंग्लैंड ,फ्रांस जैसे लोकतंत्र में स्वास्थ्य के अधिकार और सरकारों के प्रदर्शन पर चुनावी चचाएं खूब होती है लेकिन हमारे देश में ऐसा नहीं होता है। इस मामले में हम किसी एक दल को दोषी नहीं ठहरा सकते हैं क्योंकि कोई भी दल शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और अन्य मूलभूत मुद्दों पर चुनावी राजनीति को आगे बढ़ाने में भरोसा नही रखते हैं। कोरोना महामारी के दौरान देश के प्राइवेट अस्पतालों ने जिस तरह संगठित लूट का उदाहरण जनता के साथ प्रस्तुत किया था उसके बाद यह आशा जगी थी कि सरकारें इस महत्वपूर्ण मसले पर नीतिगत रूप से आगे बढ़ेंगी लेकिन सुप्रीम कोर्ट की ताजा रुख से स्पष्ट है कि देश में निजी अस्पतालों पर किसी का अंकुश नही है। स्वास्थ्य राज्य का विषय है इसलिए सीधे इस मामले में जबाबदेह भी राज्य सरकारें ही है। 15 साल पहले क्लिनिकल एस्टब्लिशमेन्ट एक्ट बनाया गया जिसमें निजी अस्पतालों के लिए विनियमित करने के प्रावधान थे लेकिन अभी तक केवल 15 राज्यों ने ही इसे अपने यहां लागू किया है। नतीजतन देश की राजधानी दिल्ली से लेकर एनसीआर, हरियाणा, यूपी, जैसे राज्यों में निजी अस्पताल आम आदमी के लिए लूट के अड्डे बन गए हैं। भारत को दुनिया फार्मा हब कहा जाता है लेकिन इसके बाद भी देश के लोग ब्रांडेड दवाओं के नाम पर महंगी दवाओं पर निर्भर है। इस मामले में एक पूरा इकोसिस्टम काम करता है क्योंकि भारत में अकेले दवाओं का कारोबार ही 2 लाख करोड़ का है।बड़ी कम्पनियां पे रोल पर बड़ी संख्या में डॉक्टरों को अपने यहां रखती हैं जो रिसर्च के नाम पर अलग अलग बीमारियों के लिए ब्रांडेड दवाओं के लिए वातावरण बनाने का काम करते हैं। नतीजतन मोदी सरकार के लाख प्रयासों के बावजूद जन औषधि केंद्रों के जरिये सस्ती दवाओं की उपलब्धता का सपना पूरा नही हो पा रहा है। इसका बड़ा कारण यह भी है कि देश के कुल पंजीकृत एलोपैथी डॉक्टरों का केवल 20 फीसदी ही सरकारी सेवाओं में है यानी 80 फीसदी डॉक्टरों पर सरकार का कोई सीधा नियंत्रण नही है। जाहिर है सस्ती दवाओं को प्रचलन में लाया जाना बगैर डॉक्टरों के संभव नही है। दूसरी तरफ करीब 800 ब्रांडेड दवाओं की कीमत पिछले दो साल में ही 15 फीसदी तक बढ़ गई हैं केंद्र सरकार के अधीन दवा मूल्य नियंत्रण प्राधिकरण ने ही दाम बढ़ाने की अनुमति दी है। कारपोरेट इंडिया की हालिया रिपोर्ट बताती है कि देश में स्वास्थ्य संबधी महंगाई पिछले पांच साल खासकर कोरोना के बाद 14 प्रतिशत बढ़ गई है। यह बढ़ोतरी सामान्य मुद्रा स्फीति के दोगने के बराबर है। वैश्विक रूप से देखे तो भारत में 63 प्रतिशत लोगों का खर्चा अपनी आमदनी के अनुपात में इलाज पर ज्यादा होता है। यानी लोग बगैर सरकारी मदद के अपना इलाज कराते हैं। इसमें खास बात यह है कि इस खर्च में 72 प्रतिशत खर्चा दवाओं और उपकरणों का होता है।यह तब है जब भारत विश्व में दवाओं के निर्माण में अग्रणी देश है। देखा जाए तो सरकारें आज भी आम आदमी के स्वास्थ्य को बुनियादी अधिकार की मान्यता देने में बहुत ही पीछे हैं। संसद में सरकार ने खुद बताया कि भारत में एक साल में एक आदमी पर एक साल में सरकारी खर्च महज अठारह सौ रुपए है जबकि एक सांसद के ऊपर यह इक्यावन हजार आता है। नेशनल हैल्थ अकाउंट्स की रिपोर्ट बताती है कि विगत वर्ष कुल 5.96 लाख करोड़ जन स्वास्थ्य पर खर्च हुए जिसमें केंद्र और राज्य सरकारों ने मिलकर 2.42 करोड़ ही खर्च किये, शेष राशि देश के नागरिकों ने अपनी जेब से खर्च की है। बेशक मोदी सरकार ने आयुष्मान भारत जैसी अच्छी योजना आरम्भ कर करीब 11 करोड़ परिवार और 50 करोड़ लोगों को पांच लाख के स्वास्थ्य बीमा कवरेज प्रदान किया है लेकिन आंकड़े बताते है कि 50409 करोड़ खर्च करने के बाबजूद महज 4 करोड़ 30 लाख लोग ही इसके जरिये प्रत्यक्ष लाभार्थियों में शामिल हुए हैं। यहां भी ध्यान देने वाली बात यह है कि इस आंकड़े में दक्षिण के राज्य सर्वाधिक हैं जहां पहले से ही जन स्वास्थ्य सुविधाएं शेष भारत से बेहतर हैं। जाहिर है देश में स्वास्थ्य बीमा के क्षेत्र में अभी बहुत बड़े पैमाने पर काम की आवश्यकता है। आज भी निजी क्षेत्र के 71 प्रतिशत कर्मचारियों को अपने इलाज के लिए अपनी जेब से खर्च करना पड़ता है, केवल 15 फीसदी कम्पनियां ही अपने कर्मचारियों को बीमा कवरेज देती हैं। नीति आयोग की रिपोर्ट कहती है कि 2023 में कामकाजी लोगों की संख्या 52.2करोड़ है जो 2030 में बढ़कर 56.9 करोड़ हो जायेगी। स्वास्थ्य बीमा कंपनियों का प्रीमियम भी इस बीच लगातार बढ़ रहा है। कोरोना के बाद से इसमें 25 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हो चुकी है। स्वास्थ्य बीमा कंपनियों का दावा है कि उपचार की लागत के साथ बीमा दावे भी बढ़ रहे हैं। इसलिए बढ़ते प्रीमियम ऐसे वर्ग की पहुच से दूर हो रहे हैं जो आयुष्मान या सीजीएचएस जैसे कवरेज में नहीं आते हैं। 2023 के आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार, बीमा पहुंच में 2.7 प्रतिशत से बढ़कर 04 पर आ गई है लेकिन अन्य देशों की तुलना में भारत में स्वास्थ्य बीमा की पहुंच आज भी बहुत कम है। दुनिया भर के लिहाज से भारत दूसरा सबसे कम बीमा कवरेज वाला देश है। एक महत्वपूर्ण पक्ष निजी बीमा कम्पनियों की यह भी है कि करीब 70 फीसदी क्लेम के मामले कम्पनियों द्वारा खारिज कर दिए जाते है या विवादित होकर वे अलग अलग उपभोक्ता आयोग के पास पहुँचते हैं। हालांकि अधिकतर बीमा धारक तो विवाद की स्थिति में कानूनी सहायता से ही परहेज करते हैं। ऐसे में एक देशव्यापी स्वास्थ्य बीमा या गारन्टी की आवश्यकता है जो लोगों को अपनी जेब से खर्च को कम कर एक समावेशी स्वास्थ्य सेवा की उपलब्धता सुनिश्चित करती हो। आज स्थिति यह है। 2022 के आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार अगर कोई व्यक्ति सिर्फ बुखार से पीड़ित होकर सरकारी अस्पताल में भर्ती होता है तो उसे 2,845 रुपये खर्च करने पड़ते है, वहीं प्राइवेट अस्पताल में यह खर्च 15,513 हो जाता है। अन्य बीमारियों के इलाज पर आने वाले खर्च का अंदाजा इससे सहज ही लगाया जा सकता है। सभी जानते है कि हमारे देश में स्वास्थ्य पर कुल जीडीपी का खर्च आज भी 2 फीसदी है जबकि देश में 80 करोड़ लोग गरीब है अगर यह खर्च 4 फीसदी तक बढ़ा दिया जाता है तो करीब 45 फीसदी गरीब लोगों को बेहतर जीवन मुहैया करा सकता है। सरकारी स्वास्थ्य खर्च का बड़ा हिस्सा आज भी बिल्डिंग, उपकरणों और अन्य अनुत्पादकीय मदों में होता है। हालांकि मोदी सरकार ने पिछले दस सालों में नए मेडिकल कॉलेजों की संख्या दोगुनी से ज्यादा करके डॉक्टरों की उपलब्धता को बढ़ाने का प्रयास किया है वह डिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल कॉलेज की योजना से दूरदराज के क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ रही हैं लेकिन बड़ा सवाल यह कि क्या इन कॉलेजों से निकलने वाले डॉक्टर सार्वजनिक सेवाओं को अपनाने के लिए तैयार होंगे जो फिलहाल खराब सरकारी नीतियों के चलते प्राइवेट अस्पतालों को ही प्राथमिकता देते है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## आपकी बात

### चयन की स्वतंत्रता

चुनने की स्वतंत्रता सबको है। वह चाहे सरकार हो या फिर जीवन साथी। लेकिन, अभी सरकार चुनने का दौर चल रहा है। अगर आपकी मनचाही सरकार सत्ता में आ जाये तो आप काफी खुश हो जायेंगे। वहीं आपके घर के लड़के चाहे लड़कियां अपनी पंसद से शादी कर लें तो हाय-तौबा मच जाता है। चयन की इस प्रक्रिया में इतना अंतर क्यों आ जाता है। सब कोई इसी तरह की सोच रखता है। ऐसी बात भी नहीं है। फिर भी समाज अभी इतना लिबरल नहीं हुआ है कि इन सब बातों को आसानी से पचा सके। इसके लिए अभी काफी वक्त लगेगा। धीरे-धीरे लुका-छिपा कर शादी करने की बात अब खत्म होने लगी है। अब लोग अगर अपने पैरों पर खड़े हैं तो शादी-विवाह में उतनी बाधा नहीं आती है। लेकिन देश के कुछ हिस्सों मे ऑनर किलिंग जैसी बातें भी सामने आती रहती हैं तो कहीं धूमधाम से विवाह की बातें भी खुलकर सामने आने लगी हैं। शायद हम अपनी पुरानी प्रथा स्वयंवर को अपनाने लगे हैं। यह एक सुखद संकेत माना जा सकता है। दूसरी ओर समतामूलक समाज की रचना की कल्पना करने वाले लोग इस बात से भी परहेज रखते हैं कि इस तरह की बात समाज में अच्छी नहीं है। कई प्रकार की जातियों में बंटा यह समाज इस बात को इतनी आसानी से खत्म नहीं होने देगा। वैसे जातियों का महागठबंधन हो या फिर पार्टियों का,यह गठबंधन स्थायी हो जाना चाहिए। कई तरह के रीति-रिवाजों वाले इस देश में कोस-कोस पानी बदले , कोस-कोस पर वाणी जैसे कहावत इसकी वकालत करते हैं। इस तरह के गठबंधन सत्ता पर काबिज होने के लिए किया जाता है। जिसका फायदा राजनीतिक दल भी उठाते हैं। आप अपने यहां इस तरह की बात देख और महसूस भी कर सकते हैं। राजनीतिक दल के प्रत्याशी को इसी जातीय समीकरण के आधार पर तय किया जाता है कि उस जाति का उस क्षेत्र में कितनी आबादी है। एक- दो अपवादों को छोड़ दिया जाये तो यह फार्मुला आज भी चल रहा है। लोग कई जगहों पर जाकर अपनी जातीय पहचान भुल जाते हैं और उस समाज की मुख्यधारा में शामिल हो जाते हैं, लेकिन अपने गांव और घर आकर फिर बैतलवा डाल पर... हो जाते हैं। इस तरह समाज सुधार की बातें सिर्फ भाषणों और अखबारों तक ही रह गई है। वैसे तो सरकार चुनने में इवीएम मुख्य भूमिका निभा रहा है। लेकिन रिश्तों का चयन करने में समाज को अपनी भूमिका निभानी होगी। तभी हम सरकार की तरह रिश्तों का भी चयन जल्द और बेहतर तरीके से कर पायेंगे।

**– आन्नद कुमार, मेदिनीनगर।**

राजनीति

# भारत को सशक्त बनाने के लिए पंच परिवर्तन और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ



प्रहलाद सबनानी

***राष्ट्रीय*** स्वयंसेवक संघ समाज में सकारात्मक परिवर्तन के लिए पिछले लगभग 99 वर्षों से निरंतर कार्य कर रहा है। भारतीय समाज में सकारात्मक परिवर्तन को गति देने एवं समाज में अनुशासन व देशभक्ति के भाव को बढ़ाने के उद्देश्य से माननीय सर संघचालक मोहन भागवत ने समाज में पंच परिवर्तन का आह्वान किया है ताकि अनुशासन एवं देशभक्ति से ओतप्रोत युवा वर्ग अनुशासित होकर अपने देश को आगे बढ़ाने की दिशा में कार्य करे। इस पंच परिवर्तन में पांच आयाम शामिल किए गए हैं - (1) स्व का बोध अर्थात स्वदेशी, (2) नागरिक कर्तव्य, (3) पर्यावरण, (4) सामाजिक समरसता एवं (5) कुटुम्ब प्रबोधन। इस पंच परिवर्तन कार्यक्रम को सुचारू रूप से लागू कर समाज में बड़ा परिवर्तन लाया जा सकता है। स्व के बोध से नागरिक अपने कर्तव्यों के प्रति सजग होंगे। नागरिक कर्तव्य बोध

> **सामाजिक समरसता व सद्भाव से ऊंच-नीच जाति भेद समाप्त होंगे। पर्यावरण से सृष्टि का संरक्षण होगा तथा कुटुम्ब प्रबोधन से परिवार बचेंगे और बच्चों में संस्कार बढ़ेंगे।**

अर्थात कानून की पालना से राष्ट्र समृद्ध व उन्नत होगा। सामाजिक समरसता व सद्भाव से ऊंच-नीच जाति भेद समाप्त होंगे। पर्यावरण से सृष्टि का संरक्षण होगा तथा कुटुम्ब प्रबोधन से परिवार बचेंगे और बच्चों में संस्कार बढ़ेंगे। समाज में बढ़ते एकल परिवार के चलन को रोक कर भारत की प्राचीन परिवार परंपरा को बढ़ावा देने की आज महती आवश्यकता है। भारत में हाल ही के समय में देश की संस्कृति की रक्षा करना, एक सबसे महत्वपूर्ण विषय के रूप में उभरा है। सम्भावना से युक्त व्यक्ति हार में भी जीत देखता है तथा सदा संघर्षरत रहता है। अतः पंच परिवर्तन उभरते भारत की चुनौतियों का समाधान करने में समर्थ है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर कार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले जी कहते हैं कि बौद्धिक आख्यान को राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य से बदलना और सामाजिक परिवर्तन के लिए सज्जन शक्ति को संगठित करना संघ के मुख्य कार्यों में शामिल है। इस प्रकार पंच परिवर्तन आज समग्र समाज की आवश्यकता है। पंच परिवर्तन में समाज में समरसता (बंधुत्व के साथ समानता), पर्यावरण-अनुकूल जीवनशैली, पारिवारिक मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए पारिवारिक जागृति, जीवन के सभी पहलुओं में भारतीय मूल्यों पर आधारित 'स्व' (स्वत्व) की भावना पैदा करने का आग्रह जैसे आयाम शामिल हैं। नागरिक कर्तव्यों के पालन हेतु सामाजिक जागृति; ये सभी मुद्दे बड़े पैमाने पर समाज से संबंधित हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**



बोधि वृक्ष

# मीनाक्षी सुंदरेश्वर मंदिर



***तो*** मदुरै में शिव राख में लिपटे और उलझे बालों के साथ पर्वत पर रहने वाले तपस्वी पथिक नहीं हैं। यहाँ वह गहनों और रेशम से सुसज्जित परिवार वाला एक उदार गृहस्थ है। वह रानी की पत्नी हैं क्योंकि मदुरै में वह मीनाक्षी ही हैं जो अभी भी भूमि पर शासन करती हैं और लोगों के दिल में एक विशेष स्थान रखती हैं। यहां, मूर्तिकला और चित्रों में, दिव्य परिवार को सुंदरेश्वर, मीनाक्षी, स्कंद और विनायक के रूप में दर्शाया गया है। मीनाक्षी मंदिर भगवान और देवी दोनों को समर्पित है और प्रत्येक का एक अलग मंदिर है जिसे अम्मान और स्वामी कोइल्स कहा जाता है। योद्धा-राजकुमारी, रानी और देवी, मीनाक्षी ने सदियों से अपने मंदिर में लाखों तीर्थयात्रियों का स्वागत किया है और उनकी हमेशा सबसे पहले पूजा की जाती है। अपने भक्तों के लिए वह बस अम्मां, मां हैं और वे यह मानते हुए आते हैं कि वह सभी देवताओं में सबसे उदार हैं और यदि आप विश्वास और स्पष्ट दिल से पूछेंगे तो वह उनकी प्रार्थनाओं का उत्तर देंगी।

**महान देवी :** हिंदू पौराणिक कथाओं में देवता केवल अपनी पत्नियों, जिन्हें देवी कहा जाता है, के माध्यम से सक्रिय होते हैं। देवी प्रकृति का अवतार हैं और वे देवी ही हैं जो इस संसार को चलायमान रखती हैं। वह उर्वर धरती है और उर्वरता का प्रतीक है और वह आपकी प्रार्थनाओं का उत्तर देने में सबसे उदार है।

(क्रमशः)

## फेसबुक वॉल से

Anjani Kumar Sahay is with Indumati Dwivedi.
2 d ·

The Lake Assal of Djibouti

A short film on the Lowest Point on the African Continent which is also one of the lowest in the world. The picturesque Lake Assal is one of the Saltiest water bodies on our Planet. #DelhiDiary #Africa #Djibouti



211 · 73 comments 5 shares 974 views

Like Comment Send Share

Shailendra Varma
Excellent , thank you so much
Like Reply

## X - से

2:08 4G 75

साहित्यनामा पत्रिका
Kanwaljit Bhullar · 2 d ·

महादेवी वर्मा को जब ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया गया था, तो एक साक्षात्कार के दौरान उनसे पूछा गया था, 'आप इस एक लाख रुपये का क्या करेंगी? '

कहने लगी, 'न तो मैं अब कोई कीमती साड़ियाँ पहनती हूँ , न कोई सिंगार-पटार कर सकती हूँ। ये लाख रुपये पहले मिल गए होते तो भाई को चिकित्सा और दवा के अभाव में यूँ न जाने देती.' कहते-कहते उनका दिल भर आया.

कौन था उनका वो 'भाई'?

हिंदी के युग-प्रवर्तक औघड़-फक्कड़-महाकवि पंडित सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला', महादेवी के मुंहबोले भाई थे।

एक बार वे रक्षा-बंधन के दिन सुबह-सुबह जा पहुंचे अपनी लाडली बहन के घर और रिक्शा रुकवा कर चिल्लाकर द्वार से बोले, 'दीदी, जरा बारह रुपये तो लेकर आना।'

महादेवी रुपये तो तत्काल ले आई, पर पूछा, 'यह तो बताओ भैय्या, यह सुबह-सुबह आज बारह रुपये की क्या जरूरत आन पड़ी? हालाँकि, 'दीदी' जानती थी कि उनका यह दानवीर भाई रोजाना ही किसी न किसी को अपना सर्वस्व दान कर आ जाता है, पर आज तो रक्षा-बंधन है, आज क्यों?

निराला जी सरलता से बोले, "ये दुई रुपया तो इस रिक्शा वाले के लिए और दस रुपये तुम्हें देना है।

आज राखी है ना! तुम्हें भी तो राखी बँधवाई के पैसे देने होंगे।"

ऐसे थे फक्कड़ निराला और ऐसी थी उनकी वह स्नेहमयी 'दीदी'।

गर्व है हमें मातृभाषा को समर्पित ऐसे निराले कवि निराला जी और कवयित्री महादेवी पर। निःस्वार्थ प्रेम।

**अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com**

# मोदी के लिए अपरिहार्य कैसे बने अमित शाह



आर.के. सिन्हा

***राजधानी*** में अपने साउथ ब्लॉक के दफ्तर में जब काम करते होंगे, तब उनके जेहन में भी देश के पहले उपप्रधानमंत्री और गृह मंत्री सरदार पटेल का ख्याल अवश्य आता होगा। लौह पुरुष सरदार पटेल ने भी इसी साउथ ब्लॉक में बने गृह मंत्री कार्यालय से देश की आंतरिक सुरक्षा को नई दिशा दी थी। वे भी बोलने में कम और काम करने में अधिक यकीन करते थे। अमित शाह का एक गुण यह भी है कि वे किसी अनावश्यक विवाद को खत्म करने में देर नहीं करते। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शायद सोचा होगा कि वे अमित शाह को देश का भावी प्रधानमंत्री बता कर एक विवाद खड़ा कर देंगे। पर उनकी यह मंशा सफल नहीं हुई, क्योंकि अमित शाह ने साफ कर दिया कि नरेन्द्र मोदी ही 2029 तक देश के प्रधानमंत्री बने रहेंगे। अमित शाह ने पहले भाजपा के संगठन में रहते हुए और फिर केन्द्रीय गृह मंत्री के रूप में अपनी अमिट छाप छोड़ी है। भाजपा अध्यक्ष रहते हुए उनके संगठनात्मक कौशल को सब ने देखा, लेकिन जो लोग उन्हें गुजरात के दिनों से जानते थे, वे बहुत हैरान नहीं हुए। फिर, 2019 में वह केंद्रीय गृह मंत्री बने और इसके साथ ही शुरू हुआ कई बड़े फैसलों को लेने का दौर। पिछले पांच वर्षों में अमित शाह ने आंतरिक सुरक्षा को नया रूप दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की देखरेख में भारतीय दंड विधान (आईपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और साक्ष्य अधिनियम को बदला गया। अमित शाह मानते हैं कि कोई भी कानून 50 साल के बाद पुराना हो जाता है। 1860 से 2023 तक आईपीसी, सीआरपीसी और साक्ष्य अधिनियम में कोई परिवर्तन नहीं हुआ था। आपको याद होगा जब जब भारत अपना 75वां स्वाधीनता दिवस मना रहा था, तब प्रधानमंत्री मोदी ने लाल किले की प्राचीर से पांच संकल्प किए थे। नए आपराधिक कानून उनमें से एक को पूरा करते हैं। सरकार ने नए कानूनों को भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम नाम दिया है। गृह मंत्री के रूप में अमित शाह को प्रधानमंत्री का विश्वास और पूरा भरोसा प्राप्त है। वास्तव में, जब कोई राजनीतिक या सरकारी मुद्दा प्रधानमंत्री मोदी के समक्ष लाया जाता है, तो कहा जाता है कि वह उस व्यक्ति से अमित शाह से भी सलाह लेने के लिए कहते हैं। 2019 में गृह मंत्री बनने के तीन महीने बाद अमित शाह संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के सरकारी कदम में सबसे आगे थे। इसके लिए कुशल राजनीतिक सूझबूझ की आवश्यकता थी। उन्हें प्रधानमंत्री मोदी का पूरा समर्थन हासिल था। चार साल बाद सुप्रीम कोर्ट ने फैसले की वैधता को बरकरार रखा, जो कि भाजपा ने भारत के अंतिम एकीकरण में सबसे बड़ी बाधा के रूप में देखा था। अमित शाह 2019 के नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) की पीछे प्रेरक शक्ति भी रहे हैं, जिसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान के उत्पीड़ित हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई - जो 31 दिसंबर, 2014 को या उससे पहले भारत में प्रवेश कर चुके हैं- उन्हें भारतीय नागरिकता दी जाए। लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद आशंका थी कि सीएए को विपक्ष मुद्दा बनायेगा।

## टेक वर्ल्ड

# अब ट्रेन की बुकिंग मिनटों में

अगर आप भी ट्रेन टिकट बुकिंग करने के बारे में सोच रहे हैं तो हम आपको एक नए ऐप के बारे में बताने जा रहे हैं। गौतम अडानी लेकर आए नया ऐप अडानी वन, इसकी मदद से आप बुकिंग कर सकते हैं। इसके लिए तामझाम करने की जरुरत नहीं है, बस साइट या ऐप पर जाकर ये प्रोसेस फॉलो कर सकते हैं। गौतम अडानी देश के सबसे बड़े उद्योगपतियों में से एक है। अडानी ने समय के साथ बिजनेस में फापी बदलाव किया है। आज हम आपको अडानी की नई ऐप अडानी वन के बारे में बताने जा रहे हैं। इस एप की मदद से आपको ट्रेन टिकट बुकिंग से लेकर होटल बुकिंग तक में काफी मदद मिलने वाली है। दरअसल, इसका इंटरफेस भी बेहद आसान है जो आपको अलग एक्सपीरियंस देने वाला है। इसे यूज करने से पहले आपको कुछ चीजों के बारे में जरुर पता होना चाहिए। इसके साथ ही आप वेबसाइट से भी टिकट बुकिंग कर सकते हैं। यूजर्स को फ्लाइट, ट्रेन, होटल और बस टिक्ट बुकिंग का भी ऑप्शन दिया जा रहा है। इस ऐप से आप फ्लाइट, ट्रेन को लेकर कोई भी जानकारी हासिल कर सकते हैं। बुकिंग करना भी काफी आसान होता है। अडानी वन ऐप इस ऐप को आसानी से डाउनलोड कर सकते हैं।

**साइट से कर सकते हैं टिकट बुक**

इसके लिए आप टिकट बुक करने के लिए आपको सीधा अॅल्लि डल्ली पर जाना होगा। फिर आप ट्रेन टिकट बुक करना चाहते हैं तो आपको यात्रा की डिटेल दर्ज करनी पड़ेगी। ये करने के बाद आपको सभी ट्रेन की डिटेल मिल जाएगी।

**कैसे करती है ऐप काम**

ट्रेन टिकट बुकिंग ऐप है। यानी आप यहां से ट्रेन टिकट की बुकिंग करेंगे तो कोई ज्यादा परेशानी नहीं होने वाली है। इसके साथ ही होटल बुकिंग का भी सहारा यहां से लिया जा सकता है। याद रहे कि कुछ भी बुकिंग करते समय पेमेंट का भी ध्यान रखें। **(क्रमशः)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# काशी में पीएम का भव्य रोड शो चारों तरफ गूंजे घंटा व घड़ियाल

**एजेंसी। वाराणसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नामांकन से पहले सोमवार को काशी में भव्य रोड शो किया। पीएम मोदी के रोड शो में भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। रोड शो के मार्ग पर जगह-जगह विभिन्न समाज के मंच स्वागत के लिए सजाए गए। हर तरफ शंख और शहनाई गूंजती रही। उनका स्वागत करने के लिए मुस्लिम महिलाएं भी आगे आईं। पीएम मोदी के रोड शो को देखने के लिए छोटे-छोटे बच्चे भी सड़क किनारे खड़े दिखे। जो बच्चे बैरिकेडिंग से देख नहीं पा रहे थे, उन्हें परिजनों ने गोद में उठाकर पीएम मोदी के काफिले को दिखाया। पीएम मोदी के रोड शो का संचालन महिलाएं कर रही थीं। पांच हजार से ज्यादा महिलाएं उनके स्वागत के लिए आगे आगे चल रही थीं। पीएम मोदी के साथ यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ भी रहे। पीएम मोदी खुले वाहन में सवार होकर रोड शो किया। इस दौरान उन्होंने लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। वाराणसी के गोदौलिया चौराहे पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।



## जयपुर के नामी स्कूलों को मिली बम से उड़ाने की धमकी

**जयपुर।** राजधानी जयपुर में सोमवार को उस समय हड़कंच मच गया जब शहर के एक दर्जन नामी स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिलने की जानकारी सामने आई। यह धमकी स्कूलों की ऑफिशियल आईडी पर भेजी गई है। इसकी सूचना पर पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया है। पुलिस सहित बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वायड मौके पर पहुंचा और सर्च ऑपरेशन शुरू किया। ई-मेल भेजने वाले की पहचान की कोशिश जा रही है। हालांकि पुलिस की अब तक की जांच में कोई बमनुमा चीज तक नहीं मिली है। जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसेफ ने बताया कि राजधानी जयपुर के नामी माहेश्वरी स्कूल तिलकनगर, विद्या आश्रम स्कूल, ओटीएस चौराहा, सेंट टेरेसा स्कूल, निवारू रोड, महर्षि पीजी कॉलेज, टोंक रोड, सांगानेर एमजीपीएस, विद्याधर नगर मालवीय कॉन्वेंट स्कूल, मालवीय नगर वॉरेन एकेडमी, आदि स्कूल में सोमवार को बम से उड़ाने का धमकी भरा ईमेल भेजा गया है।

## न्यूज | बॉक्स

### दिल्ली हाईकोर्ट ने पीएम मोदी के खिलाफ कार्रवाई की मांग खारिज की

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को पीएम नरेंद्र मोदी के खिलाफ कार्रवाई की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया। याचिका में आरोप लगाया गया था कि पीएम मोदी और अन्य नेताओं ने लोकसभा चुनाव के प्रचार के दौरान कथित रूप से सांप्रदायिक भाषण दिए हैं, इसलिए उनके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। याचिका में उन पर आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) का उल्लंघन करने का आरोप लगाया गया था। न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने कहा कि याचिका में कोई दम नहीं है। इसलिए याचिका खारिज की जाती है। अदालत ने पिछली टिप्पणियों का हवाला देते हुए कहा कि याचिकाकर्ता के मन में गलत धारणाएं हैं। याचिका में चुनाव आयोग (ईसीआई) को आचार संहिता के उल्लंघन में हेट स्पीच देने वाले आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने समेत कानून के अनुसार तत्काल कार्रवाई करने का आदेश देने की मांग की गई थी। याचिका में राजस्थान और मध्य प्रदेश में दिए गए प्रधानमंत्री के भाषणों का हवाला दिया गया था।



### तेज प्रताप यादव और राजद समर्थकों के बीच धक्का-मुक्की और मारपीट



**पटना।** बिहार की पाटलिपुत्र लोकसभा सीट से महागठबंधन उम्मीदवार मीसा भारती ने अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन के बाद तेज प्रताप यादव और राजद समर्थकों के बीच झड़प हुई है। मिल रही जानकारी के अनुसार मीसा भारती के नामांकन के बाद श्री कृष्ण मेमोरियल हॉल में एक सभा का आयोजन किया गया था। इस दौरान तेज प्रताप यादव और राजद समर्थकों के बीच धक्का-मुक्की और मारपीट हुई है। इस घटना से जुड़ा एक वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में देखा जा सकता है कि मंच से मीसा भारती लोगों का अभिवादन स्वीकार कर रही थीं। इसी बीच तेज प्रताप पार्टी के एक कार्यकर्ता को धक्का देते हैं। इसके बाद मीसा भारती अपने भाई तेज प्रताप यादव को संभालती हैं, मंच पर इस दौरान राबड़ी देवी भी मौजूद थीं।

### चारधाम यात्रा के लिए 25 लाख से अधिक तीर्थ यात्रियों ने कराए रजिस्ट्रेशन

**देहरादून।** उत्तराखंड की चारधाम यात्रा को लेकर लोगों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। जानकारी के अनुसार अब तक करीब 25 लाख से ज्यादा तीर्थ यात्रियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। उत्तराखंड के पर्यटन सचिव सचिन कुर्वे ने बताया कि रविवार शाम 7 बजे तक 25.30 लाख तीर्थयात्रियों ने चारधाम यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन कराए। उन्होंने बताया कि रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया 15 अप्रैल से शुरू हुई। तीर्थ यात्रियों को हर संभव सुविधा मुहैया कराने के लिए यात्रा से जुड़े सभी विभाग मुस्तैदी से काम कर रहे हैं। शासन की ओर से जारी दिशा-निर्देश को सभी अधिकारी गंभीरता से पालन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि फर्जी वेबसाइट के जरिए ठग लोगों से ठगी भी कर रहे हैं। इन सभी फर्जी वेबसाइट पर एसटीएफ और साइबर सेल की नजर है, इन्हें बंद कराया जा रहा है। आपको बताते दे कि हेली सेवा की बुकिंग के नाम पर फर्जी वेबसाइट के जरिए लोगों से ठगी के मामले अक्सर सामने आते हैं। इसको रोकने के लिए पिछले साल से आईआरसीटीसी के जरिए ही हेली सेवाओं की बुकिंग की जा रही है। इस साल 10 मई से चारधाम यात्रा की शुरूआत हुई है।



### 'चीन की स्काई आई' ने खोजे 900 से अधिक नए पल्सर

**बीजिंग।** हाल ही में चीनी विज्ञान अकादमी की राष्ट्रीय खगोलीय वेधशाला के फास्ट संचालन और विकास केंद्र से मिले समाचार के अनुसार अब तक 'चीन की स्काई आई' के नाम से जाना जाने वाले 500 मीटर एपर्चर गोलाकार रेडियो टेलीस्कोप (फास्ट) ने 900 से अधिक नए पल्सर की खोज की है। इससे ब्रह्मांड के मानव अवलोकन की सीमा का काफी विस्तार होता है। दक्षिण पश्चिम चीन के क्वी च्यो प्रांत के पिंगथांग कस्बे में स्थित 'चीन की स्काई आई' दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे संवेदनशील एकल-एपर्चर गोलाकार रेडियो टेलीस्कोप है।

### पुलान बंदरगाह के जरिए चीन में दाखिल हुआ विदेशी पर्यटकों का पहला जत्था

**बीजिंग।** हाल ही में इजरायल से 7 लोगों के एक पर्यटक समूह ने तिब्बत में बंदरगाह पुलान से समूह पर्यटक वीजा के साथ चीन में प्रवेश किया। यह 2024 में पुलान बंदरगाह पर तिब्बत में आने वाला पहला विदेशी पर्यटक समूह है। चीन में प्रवेश करने वाले पर्यटकों के लिए सेवा को सक्रिय रूप से और लगातार सुनिश्चित करने के लिए, पुलान प्रवेश-निकास सीमा निरीक्षण स्टेशन ने पहले से एक सेवा योजना तैयार की और अपनी पेशेवर, उच्च- गुणवत्ता और कुशल सेवाओं के साथ ट्रैवल एजेंसियों और पर्यटकों से सर्वसम्मति से प्रशंसा हासिल की है। पुलान बंदरगाह चीन-भारत और चीन-नेपाल की सीमा पर तिब्बत में अली क्षेत्र के दक्षिण-पूर्व में स्थित है। यह चीन के तिब्बत के विदेशी व्यापार के प्रमुख बंदरगाहों में से एक है। पुलान बंदरगाह ने 1 मई 2023 को सीमा शुल्क निकासी फिर से शुरू की। पिछले वर्ष में, बंदरगाह ने मुख्य रूप से अमेरिका, जर्मनी, ब्रिटिश, दक्षिण अफ्रीका, नेपाल सहित 40 से अधिक देशों से आने वाले और बाहर जाने वाले 1.6 हजार से अधिक यात्रियों की स्क्रीनिंग की है।

### नागापट्टिनम लोस क्षेत्र के सांसद और वरिष्ठ सीपीआई नेता एम. सेल्वराज का निधन

**चेन्नई।** सीपीआई के वरिष्ठ नेता और नागापट्टिनम लोकसभा क्षेत्र से सांसद एम. सेल्वराज का सोमवार सुबह चेन्नई के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। उन्होंने 67 साल की उम्र में आखिरी सांस ली। सेल्वराज तमिलनाडु से चार बार सांसद रहे। वह 1989, 1996,1998 और 2019 में नागापट्टिनम निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा के लिए चुने गए थे। उनके परिवार में उनकी पत्नी कमलाथनम हैं। सेल्वराज का पिछले दिनों किडनी ट्रांसप्लांट हुआ था। उनका कुछ महीनों से इलाज चल रहा था। उन्होंने स्वास्थ्य स्थितियों का हवाला देते हुए 2024 का लोकसभा चुनाव नहीं लड़ा। सीपीआई के राष्ट्रीय नेतृत्व ने पार्टी नेता के निधन पर शोक व्यक्त किया और एक बयान में कहा कि वह एक आदर्श नेता थे, जो लोगों की मदद करने के लिए हमेशा आगे रहते थे। सीपीआई तमिलनाडु यूनिट ने भी सेल्वराज के निधन पर शोक व्यक्त किया। पार्टी ने कहा कि उनका अंतिम संस्कार तमिलनाडु के तिरुवरूर जिले में उनके पैतृक गांव सीतामल्ली में किया जाएगा।



राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को पूर्व राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद को उनकी जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की।

# स्वाति मालीवाल ने केजरीवाल के निजी सचिव पर लगाया मारपीट का आरोप

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष और राज्य सभा सांसद स्वाति मालीवाल ने सीएम हाउस के निजी सचिव विभव कुमार पर सनसनीखेज आरोप लगाया है। मालीवाल ने कहा कि उनके साथ मारपीट की गई है और ये मारपीट करने वाला कोई और नहीं बल्कि विभव कुमार हैं। सूत्रों के मुताबिक, दिल्ली पुलिस को सुबह 10 बजे कॉल कर स्वाति मालीवाल ने बताया कि विभव ने उनकी पिटाई की है। वो इस वक्त सीएम हाउस में मौजूद हैं। इस संबंध में दो दफा पुलिस को फोन किया गया था। बताया जा रहा है कि पहली कॉल में स्वाति मालीवाल ने विभव द्वारा मारपीट का आरोप लगाया और कथित तौर पर दूसरी बार फोन कर उन्होंने कहा कि सीएम केजरीवाल के निर्देश पर उन्हें पीटा जा रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। प्रोटोकॉल के तहत पुलिस सीएम हाउस के अंदर में नहीं जा सकती। हालांकि पुलिस जब सीएम हाउस पहुंची तो वहां स्वाति मालीवाल नहीं मिली। हालांकि, इस संबंध में पुलिस को अब तक कोई लिखित शिकायत नहीं मिली है।



### मालीवाल के साथ हुई मारपीट पर बांसुरी ने साधा आप पर निशाना

नई दिल्ली लोकसभा सीट से बीजेपी प्रत्याशी बांसुरी स्वराज ने दिल्ली महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल के साथ हुई कथित मारपीट को लेकर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा है। बांसुरी ने मुख्यमंत्री की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा, अपने ही नेता की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं कर पाने की स्थिति में केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद पर बने रहने का नैतिक हक नहीं है। आश्चर्य है कि खुद दिल्ली महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद अपने साथ हुई बर्बरतापूर्ण घटना के संबंध में पुलिस को बताती हैं।

### आखिर सीएम आवास से मालीवाल को क्यों फोन करना पड़ा : कपिल मिश्रा

बीजेपी नेता कपिल मिश्रा ने कहा, यह गंभीर बात है। दिल्ली महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल को आखिर मुख्यमंत्री आवास से क्यों फोन करना पड़ा? सबसे पहले तो मैं ईश्वर से यह प्रार्थना करता हूं कि यह खबर झूठी हो। किसी मुख्यमंत्री के घर में एक महिला राज्यसभा सदस्य के साथ हिंसा और अत्याचार होने की ऐसी कोई घटना इस देश में पहले कभी नहीं हुई। अगर यह खबर सच है और विभव ने स्वाति मालीवाल की पिटाई की है और बात इस हद तक पहुंच गई कि उन्हें पुलिस तक बुलानी पड़ी, और मुख्यमंत्री के घर के अंदर से उन्हें फोन करना पड़ा, तो यह बहुत बड़ा अपराध है। उन्होंने आगे कहा, इन सबके जिम्मेदार केजरीवाल होंगे, क्योंकि नौकर ने मारा है। विभव एक नौकर है, लेकिन नौकर ने मालिक के कहने पर मारा है, तो हिंसा के असली अपराधी खुद केजरीवाल होंगे। दिल्ली पुलिस को इसकी जांच करनी चाहिए।

# 4 जून को इंडी गठबंधन की सरकार बनते ही जेल से आ जाऊंगा बाहर : केजरीवाल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अंतरिम जमानत पर जेल से बाहर आने के बाद सोमवार को अपने सभी निगम पार्षदों के साथ बैठक की। उन्होंने निगम पार्षदों को संबोधित करते हुए कहा कि मुझे 2 जून को वापस जेल जाना होगा। अगर आप लोग 4 जून को इंडी गठबंधन की सरकार बनवाएंगे तो मैं 5 जून को ही बाहर आ जाऊंगा। भाजपा वालों ने मुझे यह सोचकर जेल भेजा था कि इससे आम आदमी पार्टी के विधायकों, पार्षदों और कार्यकर्ताओं को तोड़ देंगे। दिल्ली और एमसीडी में सरकार गिरा देंगे। इनकी कोशिश नाकाम हो गई और इससे हमारी पार्टी और भी संगठित होकर लड़ेगी। 'आप' केवल एक पार्टी नहीं बल्कि एक परिवार और विचार है, जिसे तोड़ना असंभव है। उन्होंने आगे कहा कि मुझे जब गिरफ्तार किया गया तब मैं मानसिक तौर पर तैयार था कि मुझे 6 महीने जेल में रहना पड़ेगा। लेकिन, भगवान की कृपा से आज मैं आप सबके बीच हूं। उन्होंने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि आज से तीन महीने पहले तक भाजपा की 400 सीट को लेकर बात होती थी, आज हालात बदल चुके हैं। अब इनके 250 पार जाने पर सवाल उठ रहे हैं। इन्होंने मुझे जेल के अंदर अपमानित करके, बेइज्जत करके और मेरी दवा रोककर तोड़ने का प्रयास किया। इन्होंने मेरी इंसुलिन रोक दी। लेकिन, जब आपने आवाज उठाई तब जाकर मुझे इंसुलिन दी गई। केजरीवाल ने आगे कहा कि मुझे मेरी धर्मपत्नी से मिलने से रोक दिया। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान से मुझे ऐसे मिलवाया, जैसे हम अपराधी हों। मेरे सेल में दो-दो सीसीटीवी लगाकर रखे थे, जिसे 13 अफसर लगातार देखते थे। इसके साथ ही प्रधानमंत्री मोदी भी मुझे देख रहे थे।



# इंडी की सरकार बनी तो किसानों का कर्ज माफ करा दूंगा : राहुल गांधी

**एजेंसी। रायबरेली**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि आपसे मैं वादा करता हूं कि अगर कांग्रेस की सरकार बनी, इंडी गठबंधन के हाथ में पावर आई तो गरीबों और किसानों के कर्ज माफ करा दूंगा। राहुल गांधी सोमवार को पहली बार अपने निर्वाचन क्षेत्र के चुनावी दौरे पर हैं। वह महराजगंज में एक जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे। राहुल गांधी ने कहा कि एक जुलाई 2024 को बहुत बड़ा जादू होने वाला है। 8,500 रुपये महिलाओं के खाते में पड़ेंगे तो यकीन हो जाएगा कि कांग्रेस जो कहती है, वह करती है। राहुल गांधी ने कहा कि आप सभी देखना, 4 जून को केंद्र में इंडी गठबंधन सरकार बनाएगा। आप लोग सिर्फ वोट कीजिए। सोच समझकर कीजिए। आपके वोट से लोकतंत्र की रक्षा ही नहीं होगी बल्कि आपके परिवार की किस्मत भी बदलेगी। कांग्रेस प्रत्याशी ने वादा किया कि केंद्र में सरकार बनते ही एक साल के अंदर युवाओं को पक्की नौकरियां दूंगा और यह वादा आज अपनी कर्मभूमि में खड़े होकर कर रहा हूँ। राहुल ने रायबरेली से चुनाव लड़ने की बाबत कहा कि गांधी परिवार के साथ रायबरेली का 100 साल पुराना रिश्ता है। यहां से मेरी मां सोनिया गांधी, दादी इंदिरा गांधी का कनेक्शन है। रायबरेली मेरी दोनों माताओं की कर्मभूमि है, इसलिए यहां चुनाव लड़ने आया हूं। राहुल गांधी ने कहा कि कुछ दिन पहले जब मैं अपनी मां के साथ बैठा था तो मैंने उनसे कहा कि मैंने एक वीडियो में कहा था कि मेरी दो मां हैं-सोनिया जी और इंदिरा जी। मेरी मां को यह पसंद नहीं था लेकिन मैंने उन्हें समझाया कि मां ही होती है जो बच्चे को रास्ता दिखाती है। उसकी रक्षा भी करती है। मेरी मां और इंदिरा जी दोनों ने मेरे लिए यह किया।



## आज का राशिफल

**मेष:** अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे।

**वृषभ:** महत्त्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। कार्यक्षेत्र में तनाव पैदा होगा। समय व्ययकारी सिद्ध होगा।

**मिथुन:** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पडकर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। खान-पान में सावधानी रखें। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें।

**कर्क:** सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। राजकीय कार्यो से लाभ। मनोबल ऊंचा रखें और काम में लगे रहें।

**सिंह:** अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढने. के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। साक्षात्कार के लिए दिन शुभ रहेगा।

**कन्या:** कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। निकटजनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। बुरी संगति से बचें। सुविधाओं में शनैः-शनैः बाधा आएगी। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है।

**तुला:** पूर्व में किये कार्यो से लाभ मिलेगा। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। शांतिपूर्वक कार्य करें। दान-पुण्य का कार्य करें। यात्रा शुभ रहेगी।

**वृश्चिक:** दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने में सफल होंगे। व्यापार में स्थिति ठीक रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ।

**धनु:** संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा।

**मकर:** मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रहें। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी।

**कुम्भ:** स्वास्थ्य में ताजगी बनी रहने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यो का लाभदायक परिणाम होगा।

**मीन:** सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति होगी।

## गढ़चिरौली जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 3 नक्सली मारे गए

**मुंबई।** गढ़चिरौली जिले में भामरागढ़ तहसील के कटरांगट्टा गांव के पास एक जंगल में सोमवार को मुठभेड़ में तीन नक्सलवादी मारे गए हैं। इनमें पेरमिली दलम के प्रभारी कमांडर वासु और दो महिला नक्सली शामिल हैं। मौके से सी-60 कमांडो की टीम ने घातक हथियार भी बरामद किये हैं। गढ़चिरौली के पुलिस अधीक्षक नीलोत्पल ने सोमवार को बताया कि खुफिया जानकारी मिली थी कि नक्सलियों के पेरमिली दलम समूह के कुछ सदस्य भामरागढ़ तहसील के कटरांगट्टा गांव के पास एक जंगल में डेरा डाले हुए हैं। इसके बाद गढ़चिरौली पुलिस की विशेष विंग सी-60 कमांडो की दो टीमों को तुरंत इलाके में तलाशी के लिए भेजा गया। इसके बाद मौके पर पहुंचकर सी-60 कमांडो की टीमें क्षेत्र में तलाशी अभियान चला रही थीं, इस दौरान नक्सलियों ने उन पर गोलीबारी शुरू कर दी। इसके बाद सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई की। नक्सलियों की ओर से जब फायरिंग बंद हो गई तो पुलिस ने बहुत ही सावधानी से घटनास्थल का मुआयना करना शुरू किया । घटनास्थल पर पुलिस को एक पुरुष और दो महिला नक्सलियों के शव मिले, जिसे पुलिस टीम ने बरामद कर लिया। पुलिस टीम ने घटनास्थल पर एक एके-47 राइफल, एक कार्बाइन, एक इंसास राइफल, नक्सली साहित्य और अन्य वस्तुएं भी बरामद की हैं।



# गांधीधाम एक्सप्रेस से टूटा 14 खम्भों का ट्रैक्शन तार, इंजन का पेंटो डैमेज

**एजेंसी। पटना**

बिहार के गया जिले में एक बड़ा ट्रेन हादसा टल गया। गया-कोडरमा रेल सेक्शन के पहाड़पुर स्टेशन के समीप सोमवार की सुबह गांधीधाम एक्सप्रेस के पेंटो (ट्रेन की छत पर लगा विद्युत उपकरण) में फंसकर 14 खम्भों का ट्रैक्शन तार टूट गया। घटना पहाड़पुर रेलवे स्टेशन के होम सिंग्नल के पहले सुबह 5:55 बजे हुई। हादसे में गांधीधाम एक्सप्रेस ट्रेन के इंजन का पेंटो भी टूट गया। ट्रैक्शन तार टूटने से गया-कोडरमा रेलखंड के डाउन लाइन में पांच घंटे तक ट्रेनों का परिचालन बंद रहा जबकि पेंटो के टूट जाने से गांधीधाम एक्सप्रेस करीब तीन घंटे तक घटनास्थल पर ही रुकी रही। घटना की सूचना मिलते ही तीन टावर वैगन के साथ रेल अधिकारी और कर्मी घटनास्थल पहुंचे और टूटे हुए तार को दुरुस्त करने में जुट गए हैं। इस बीच वैकल्पिक व्यवस्था के तहत बाधित परिचलान को शुरू किया गया है।



### चार घंटे बाद हुआ एक्सप्रेस का परिचालन

दुर्घटना की जानकारी मिलते ही धनबाद रेल मंडल के डीआरएम कमल किशोर सिन्हा विभागीय अधिकारियों की टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। टीम ने स्थिति का जायजा लेने के बाद डीजल इंजन के सहारे गांधीधाम एक्सप्रेस का परिचालन 9:53 बजे शुरू कराया। इस दौरान गांधीधाम एक्सप्रेस में सवार यात्री काफी परेशान रहे।

### कई ट्रेनें हुई प्रभावित

ट्रैक्शन तार टूटने के कारण डाउन लाइन से होकर चलने वाली जनशताब्दी एक्सप्रेस और वंदे भारत एक्सप्रेस सहित कई ट्रेनों के परिचालन पर असर पड़ा। पटना से रांची जाने वाली जनशताब्दी एक्सप्रेस, वंदे भारत एक्सप्रेस, आनन्द विहार-पूरी एक्सप्रेस, अजमेर-सियालदह एक्सप्रेस तथा गया-आसनसोल मेमू ट्रेन को टनकुप्पा से गुरपा स्टेशन के बीच सिंगल वर्किंग लाइन के माध्यम से चलाया गया। इस दुर्घटना से गया-आसनसोल एक्सप्रेस सहित आधा दर्जन ट्रेनों का करीब तीन से पांच घंटे तक परिचालन प्रभावित रहा।






## पाकिस्तान ने आयरलैंड को 7 विकेट से हराया, शृंखला 1-1 से बराबर




**एजेंसी। डबलिन**

पाकिस्तान ने पहले टी20 की हार का बदला चुकता करते हुए दूसरे मैच में आयरलैंड को सात विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर कर दी। शुक्रवार को आयरलैंड ने पहले टी20 में पाकिस्तान को पांच विकेट से हराया था। यह आयरलैंड की टी20 प्रारूप में पाकिस्तान पर पहली जीत थी।

टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरे आयरलैंड ने तीन ओवर में 29 रन जोड़कर तेज शुरूआती की। तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी ने हालांकि चौथे ओवर में दोनों सलामी बल्लेबाजों पॉल स्टर्लिंग और एंड्रयू बॉलबिर्नी को पवेलियन भेज दिया। लोर्कान टकर और हैरी टेक्टर (32) ने तीसरे विकेट के लिए 62 रन जोड़कर पारी को संभाला। टकर ने 34 गेंद में 51 रन बनाए। कर्टिस कैंफर (22) और जॉर्ज डॉकरेल (15) ने उपयोगी पारियां खेली जबकि गैरेथ डेलानी ने 10 गेंद में नाबाद 28 रन बनाकर टीम का स्कोर सात विकेट पर 193 रन तक पहुंचाया। लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान की शुरूआत खराब रही। सैम अयूब पहले ही ओर में पवेलियन लौट गए जबकि कप्तान बाबर आजम दूसरे ओवर में खाता खोले बिना ग्राहम ह्यूम का शिकार बने। मोहम्मद रिजवान (46 गेंद में नाबाद 75) और फखर जमां (40 गेंद में 78 रन) ने हालांकि तीसरे विकेट के लिए 140 रन की साझेदारी करके आयरलैंड की जीत की उम्मीदों पर पारी फेर दिया। आजम खान ने इसके बाद 10 गेंद में नाबाद 30 रन की पारी खेलकर पाकिस्तान को 19 गेंद शेष रहते लक्ष्य तक पहुंचाया। तीसरा टी20 मंगलवार को खेला जाएगा।

# प्लेऑफ की दौड़ में आगे निकलने की कोशिश करेंगे लखनऊ और दिल्ली

**एजेंसी। नई दिल्ली**

खराब फॉर्म से जूझ रही लखनऊ सुपर जाइंट्स की टीम आईपीएल प्ले ऑफ के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीदें जीवंत रखने के लिए मंगलवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स से भिड़ेगी जिसकी नॉकआउट में जगह बनाने की मामूली उम्मीद बरकरार है। सुपर जाइंट्स के कप्तान के रूप में लोकेश राहुल के भविष्य को लेकर काफी अटकलें लगाई जा रही हैं क्योंकि बुधवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 10 विकेट की हार के बाद टीम के मालिक संजीव गोयनका ने उन्हें सार्वजनिक तौर पर फटकार लगाई थी। इस तरह की अटकलें हैं कि राहुल पद छोड़ सकते हैं या टीम का साथ छोड़ने से पहले अंतिम दो मैच में कप्तानी की जिम्मेदारी निभा सकते हैं। दोनों ही स्थितियों में यह भारतीय बल्लेबाज बल्ले से जवाब देकर सत्र का शानदार अंत करना चाहेगा। राहुल काफी अच्छी फॉर्म में नहीं हैं और भारत की टी20 विश्व कप टीम में भी जगह नहीं बना पाए हैं। लखनऊ की टीम भी 12 अंक के साथ सातवें स्थान पर चल रही है और दिल्ली तथा रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) के साथ अभी शीर्ष चार से बाहर है। दिल्ली और आरसीबी के भी 12-12 अंक हैं। राहुल और उनकी टीम को अपनी कमजोरियों को दूर करने के लिए पांच दिन का समय मिला है और रविवार रात आरसीबी के खिलाफ शिकस्त झेलने वाली दिल्ली की टीम के खिलाफ अपना सब कुछ झोंकना चाहेगी।

राहुल के अलावा क्विंटन डिकॉक की खराब फॉर्म के कारण भी सुपर जाइंट्स को मौजूदा सत्र में पावर प्ले में जूझना पड़ा है जिससे मार्कस स्टोइनिस और निकोलस पूरन जैसे खिलाड़ियों पर दबाव बड़ा है। पूरन और आयुष बडोनी पिछले मैच में टीम को चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाने में सफल रहे थे लेकिन गेंदबाज बुरी तरह से विफल रहे जब ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा की सलामी जोड़ी ने 9.4 ओवर में ही 167 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया जो टी20 क्रिकेट में रिकॉर्ड है। टीम को तेज गेंदबाज मयंक यादव के चोटिल होने का खामियाजा भी भुगतना पड़ रहा है क्योंकि यश ठाकुर और नवीन उल हक उनकी कमी को पूरा करने में नाकाम रहे हैं।

मोहसिन खान भी चोट के कारण पिछले मैच में नहीं खेले थे। कृणाल पंड्या और रवि बिश्नोई की स्पिन जोड़ी भी सनराइजर्स के खिलाफ पूरी तरह से नाकाम रही। दूसरी तरफ दिल्ली की टीम को एक मैच के निलंबन के बाद कप्तान ऋषभ पंत की वापसी से मजबूती मिलेगी। टीम को सुपर जाइंट्स के खिलाफ क्षेत्ररक्षण में सुधार करना होगा क्योंकि टीम ने आरसीबी के खिलाफ कई कैच टपकाए।




**दिल्ली कैपिटल्स : जेक फ्रेजर-मैकगर्क, पृथ्वी शॉ, अभिषेक पोरेल, शाई होप, ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), ट्रिस्टन स्टब्स, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मुकेश कुमार, इशांत शर्मा, खलील अहमद**

**लखनऊ सुपर जाइंट्स : केएल राहुल (कप्तान और विकेटकीपर), काइल मेयर्स, मार्कस स्टोइनिस, निकोलस पूरन, आयुष बदोनी, दीपक हुडा, क्रुणाल पंड्या, के गौतम, अरशद खान, रवि बिश्नोई, शमर जोसेफ**

## डॉक्टर बनना चाहती थी लेकिन पिता के जुनून के कारण एथलेटिक्स को चुना : ज्योतिका

**भुवनेश्वर ।** पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाली भारतीय चार गुणा 400 मीटर रिले टीम की सदस्य ज्योतिका श्री डांडी बचपन में डॉक्टर बनना चाहती थी लेकिन उन्होंने पिता के सपने को साकार करने के लिए खेलों में करियर बनाने का विकल्प चुना। आंध्र प्रदेश के पश्चिम गोदावरी जिले के तनुकु शहर की 23 वर्षीय छात्रा ने अपने गृह नगर के मोंटेसरी स्कूल में पढ़ाई की और दसवीं कक्षा में 97 प्रतिशत अंक हासिल किए। फेडरेशन कप में भाग लेने के लिए भुवनेश्वर पहुंची ज्योतिका ने कहा, ह्यमैंने दसवीं कक्षा में 97 प्रतिशत अंक हासिल किए थे। जब मैं स्कूल में थी तब मैं वास्तव में एक डॉक्टर बनना चाहती थी। मैंने खेल में दिलचस्पी लेने के बाद डॉक्टर बनने के बारे में सोचना छोड़ दिया।' उन्होंने कहा, ह्यमेरे पिता को लगा कि मुझमें एथलेटिक्स में अच्छा प्रदर्शन करने और ओलंपिक में देश का नाम रोशन करने की प्रतिभा है। उनके त्याग और मुझे एक सफल एथलीट बनाने के जुनून को देखकर मैंने उनके सपनों को पूरा करने का फैसला किया।' इस खिलाड़ी ने कहा, मैंने उन्हें यह नहीं बताया कि मैं डॉक्टर बनना चाहती हूं क्योंकि मैं उन्हें खुश देखना चाहती थी। 2017 तक मुझे खेलों में रुचि नहीं थी लेकिन 2020 के आसपास मैंने रुचि लेना शुरू कर दिया था।' उनकी मां एक गृहिणी हैं और उनकी एक बड़ी बहन है जिसकी हाल ही में शादी हुई है। ज्योतिका ने कहा, ह्यमेरे पिता युवावस्था में बॉडीबिल्डर थे, लेकिन परिवार से समर्थन न मिलने के कारण उन्होंने बॉडी बिल्डर बनना छोड़ दिया। अब वह एक व्यवसायी हैं। उन्हें खेलों में बहुत रुचि है और उन्होंने मुझे बहुत प्रेरित किया और वह चाहते हैं कि मैं ओलंपिक में भाग लूं।' ज्योतिका ने कहा, उनकी (पिता) वजह से मुझे ज्यादा संघर्ष नहीं करना पड़ा। वह हर चीज का ख्याल रखते हैं।




## पेरिस में कौन सा पहलवान भाग लेगा, इसका फैसला डब्ल्यूएफआई करेगा : संजय

**नई दिल्ली।** छह भारतीय पहलवानों द्वारा ओलंपिक कोटा हासिल करने के बाद डब्ल्यूएफआई के अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा है कि पेरिस 2024 में कौन सा पहलवान भाग लेगा, इसका फैसला महासंघ करेगा, न कि भारतीय ओलंपिक संघ। संजय सिंह ने कहा कि शोपीस इवेंट के लिए अंतिम टीम चुनने के लिए नए सिरे से परीक्षण आयोजित किए जाएंगे। डब्ल्यूएफआई के अध्यक्ष संजय सिंह ने आईएएनएस को बताया, ऱ्पेरिस ओलंपिक में कौन सा पहलवान भाग लेगा, इसका फैसला आईओए नहीं, बल्कि भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) करेगा और साथ ही नए सिरे से ट्रायल भी होंगे।

# टी 20 विश्व कप से पहले अपनी फॉर्म हासिल कर लेंगे रोहित और हार्दिक : मूडी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

रोहित शर्मा और हार्दिक पांड्या के खराब फॉर्म का आईपीएल 2024 में मुंबई इंडियंस (एमआई) के प्रदर्शन पर काफी प्रभाव पड़ा है। दोनों खिलाड़ियों की व्यक्तिगत रूप से और साथ ही टीम पर उनके प्रभाव के लिए खूब आलोचना भी हुई है। इस बीच पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर टॉम मूडी ने 1 जून से शुरू होने वाले टी 20 विश्व कप से पहले रोहित-हार्दिक के फॉर्म में वापसी का विश्वास जताया है। टॉम मूडी ने कहा, मैं इस स्तर पर रोहित शर्मा के फॉर्म को लेकर ज्यादा चिंतित नहीं हूं। जब अपने देश का प्रतिनिधित्व करने की बात आती है, तो आईसीसी विश्व कप जैसे प्रमुख आयोजनों के लिए मैं रोहित शर्मा के अनुभव को न केवल बल्लेबाज के तौर पर, बल्कि कप्तान के रूप में भी बहुत महत्वपूर्ण मानता हूं। आधिकारिक टीवी ब्रॉडकास्टर स्टार के क्रिकेट विशेषज्ञ और कमेंटेटर मूडी ने आईएएनएस के साथ एक खास बातचीत में कहा, जब रोहित शर्मा जैसे खिलाड़ियों के लिए फॉर्म की बात आती है, तो जिस तरह से इवेंट की संरचना की जाती है, उसमें खिलाड़ियों के लिए कम प्रतिस्पर्धी टीमों के खिलाफ कुछ फॉर्म हासिल करने के लिए ग्रुप स्टेज में कई मैच होते हैं। दूसरी ओर, हार्दिक के लिए यह सीजन उतार-चढ़ाव वाला रहा है।



## आईपीएल के बीच लियाम लिविंगस्टोन लौटे इंग्लैंड

**नई दिल्ली।** पंजाब किंग्स के ऑलराउंडर लियाम लिविंगस्टोन टी20 विश्व कप 2024 से पहले पूरी तरह फिट और अपने घुटने की समस्या से ठीक होने के लिए इंग्लैंड लौट चुके हैं। आईपीएल में प्लेऑफ की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकी पंजाब किंग्स के लिए यह दूसरा झटका है। पिछले महीने लखनऊ से हार के दौरान मैदान पर उतरने के बाद वह आईपीएल सीजन के शुरूआती दो मैच खेलने से चूक गए थे। लिविंगस्टोन पिछले दो साल से चोट से जूझ रहे हैं। हालांकि, गुरुवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से मिली हार के दौरान उन्होंने टीम में वापसी की।

## हॉकी खिलाड़ियों ने मतदाताओं का फूलों से किया स्वागत

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

खूंटी लोकसभा के लिए सिमडेगा जिला के मतदान केन्द्र में आने वाले मतदाताओं का हॉकी खिलाड़ियों ने फूलों से स्वागत किया। देश को कई राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी देने वाले आर सी उत्क्रमित मध्य विद्यालय करंगागुड़ी को ए सी =70 भाग संख्या 216 को हॉकी बूथ का नाम दिया गया।इस बूथ में देश के लिए प्रेरणाश्रोत अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ियों के फोटोग्राफ से सजा द्वार और रस्ते में फोटो ग्राफ लगाया है। साथ ही इस मतदान केंद्र में मतदान करने आ रहे मतदाताओं का प्रशिक्षु हॉकी खिलाड़ी हॉकी कोच सुभिला मिंज की अगुवाई में पारंपरिक रीति रिवाज एवम पुष्प वर्षा कर स्वागत किया है। वही मातदाओ के लिए शेल्फी प्वाइंट लगाया गया है, जिसमे लिखा हुआ है मैं हॉकी मतदान केंद्र में अपना मतदान किया जिसमें मतदाता अपना मत देने के बाद शेलफी ले रहे हैं। इसके अलावा जिला मुख्यालय स्थित मतदान केंद्र संख्या, 162,163 में हॉकी खिलाड़ी के द्वारा मतदाताओं का स्वागत पारंपरिक रीति रिवाज एवम पुष्प गुच्छ देकर किया गया है। इसी मतदान केंद्र के परिसर में एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम है जिसमे से अभ्यास करते हुए भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सलीमा टेटे ,सहित संगीता कुमारी,ब्यूटी डुंगडुंग ,दीपिका सोरेंग इत्यादि त्यार हुए है।



## व्यापार/लाइफ व साइंस

### ब्लिंकिट पर खरीद सकते हैं मोकोबारा बैग

**नई दिल्ली।** अब ब्लिंकिट पर आपको 10 मिनट में मोकोबारा बैग मिल जाएगा। मोकोबारा बैग इन दिनों काफी चर्चा में बने हुए हैं। लोगों को यह काफी पसंद आ रहे हैं। अब इन्हें ब्लिंकिट से भी खरीदा जा सकता है। ब्लिंकिट के सीईओ अलबिंदर ढींडसा ने ट्वीट करके इसकी जानकारी दी है। उन्होंने लिखा है कि कस्टमर अब 10 मिनट में ब्लिंकिट पर मोकोबोरा बैग खरीद सकते हैं। इसे कंपनी ने कई शहरों में लॉन्च किया है। इसके बाद इसका अन्य शहरों में विस्तार किया जाएगा। अभी कंपनी ने जिन शहरों में इसे लॉन्च किया है, उनमें लखनऊ, नोएडा, गाजियाबाद, दिल्ली, कोलकाता, गुरुग्राम, पुणे, कानपुर, फरीदाबाद, बेंगलुरु, हैदराबाद, जयपुर और मुंबई में चुनिंदा स्थान शामिल हैं। इन शहरों में रहने वाले लोग ब्लिंकिट पर इसे खरीद सकते हैं। वहीं कस्टमर को 10 मिनट में मोकोबारा बैग की डिलीवरी कर दी जाएगी। मोकोबोरा बैग्स को कंपनी ने ऑफिस, ट्रेवलिंग, कॉलेज आदि के लिए खासतौर पर डिजाइन किया है। इसमें लैपटॉप के अलावा, पानी की बोतल के लिए अलग स्पेस, छाता रखने के अलग स्पेस, अपने लुक के अनुसार कई कलर ऑप्शन उपलब्ध हैं।

### प्राइवेसी को लेकर व्हाट्सएप करेगा बड़ा अपडेट

**नई दिल्ली।** व्हाट्सएप मैसेज एप का देश में काफी बड़े स्तर पर इस्तेमाल होता है। चैटिंग के लिए व्हाट्सएप का इस्तेमाल लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में मेटा यूजर्स को बेहतर सुविधा देने के लिए इस एप में लगातार सुधार कर रहा है। कंपनी यूजर्स की सेफ्टी और प्राइवेसी के लिए समय-समय पर नए-नए अपडेट लेकर आती है। ऐसे में एक बार फिर व्हाट्सएप यूजर्स के लिए एक खास फीचर लेकर आ रहा है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के आने वाले फीचर से यूजर्स की सेफ्टी और प्राइवेसी में काफी सुधार आएगा। व्हाट्सएप पर आने वाले अपडेट पर नजर रखने वाली कंपनी वाबेटाइंफो ने बताया है कि व्हाट्सएप जल्द ही यूजर्स की सेफ्टी और प्राइवेसी के लिए एक खास फीचर लाने वाला है। यहां पर आपको बता दें कि व्हाट्सएप का ये फीचर पहले से ही एंड्रॉयड यूजर्स के लिए उपलब्ध है। ऐसे में अब इसे आईओएस यानी आईफोन यूजर्स के लिए जारी किया जाएगा। व्हाट्सएप यूजर्स की सेफ्टी पहले से बेहतर होगी। साथ ही प्राइवेसी में भी सुधार होगा। इस फीचर के आने के बाद यूजर्स की प्रोफाइल फोटो को कोई भी अवैध तरीके से शेयर नहीं कर पाएगा। इस फीचर की मदद से कोई भी एप में लगी हुई प्रोफाइल फोटो का स्क्रीनशॉट नहीं ले पाएगा। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि अभी ये फीचर डेवलपमेंट स्टेज पर है। ऐसे में इस फीचर को रोलआउट होने में अभी थोड़ा इंतजार है। मगर जब ये फीचर पूरी तरह से एप में आ जाएगा तो यूजर्स का प्रोफाइल फोटो स्क्रीनशॉट लेने का डर समाप्त हो जाएगा।

**व्हाट्सएप ला रहा है कई खास फीचर्स**

आपकी जानकारी के लिए बता दें कि व्हाट्सएप इसके अलावा कई फीचर्स पर काम कर रहा है। कंपनी प्लेटफॉर्म पर कॉलिंग बेहतर करने के लिए ऑडियो कॉल बार फीचर लेकर आ रही है। इसके अलावा कंपनी यूजर्स की स्टोरेज की परेशानी को भी खत्म करने वाला है। इस फीचर का लंबे समय से इंतजार किया जा रहा है। ये फीचर यूजर्स को बेहतर स्टोरेज स्पेस देगा। फिलहाल ये टेस्टिंग स्तर पर है। इसके लिए यूजर्स को थोड़ा इंतजार करना होगा।

# अगले महीने लांच होगी रॉयल एनफील्ड गुरिल्ला 450

**एजेंसी। नई दिल्ली**

रॉयल एनफील्ड गुरिल्ला 450... जी हां, आपने बीते कुछ महीनों में इस नाम की चचाएं सुनी होंगी और अब रॉयल एनफील्ड ने इस नाम को रजिस्टर्ड करा दिया है। इसके बाद से ये खबरें रोडस्टर बाइक लवर्स को दिलों में बिजली दौड़ाने लगी है कि रॉयल एनफील्ड की नई रोडस्टर बाइक गुरिल्ला 450 जल्द लॉन्च होने वाली है और यह लुक-फीचर्स और पावर के मामले में बाकी कंपनियों की हवा बिगाड़ सकती है। वैसे भी रॉयल एनफील्ड की हर नई मोटरसाइकल को देखकर लोगों में जबरदस्त उत्सुकता होती है और अब गुरिल्ला 450 की टेस्टिंग के दौरान कैप्चर स्पाई इमेज ने लोगों को दीवाना बना दिया है।




### लुक-डिजाइन और फीचर्स

रॉयल एनफील्ड गुरिल्ला 450 लुक और डिजाइन के मामले में अपने रोडस्टर डीएनए को जस्टिफाईइ करते हुए बेहतरीन होगी। बाद बाकी इसमें सिंगल पॉड कलर टीएफटी इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर, स्मार्टफोन कनेक्टिविटी, टर्न-बाय-टर्न नैविगेशन सिस्टम, ट्रैक्शन कंट्रोल, डुअल चैनल एबीएस, डिस्क ब्रेक्स, यूएसडी फ्रंट फॉर्क्स और रियर में मोनोशॉक सस्पेंशन के साथ ही काफी सारे और भी फीचर्स दिखेंगे।

### इंजन कितना पावरफुल

रॉयल एनफील्ड की आगामी मोटरसाइकल गुरिल्ला 450 में 452 सीसी की लिक्विड कूल्ड सिंगस सिलिंडर इंजन लगा होगा, जो कि 39.47 बीएचपी की मैक्सिमम पावर और 40 न्यूटन मीटर का पिक टॉर्क जेनरेट करेगा। रॉयल एनफील्ड हिमालयन 450 में भी यही इंजन लगा है। बाद बाकी इसमें 6 स्पीड गियरबॉक्स मिलेगा। माइलेज और स्पीड के साथ ही परफॉर्मेंस के मामले में यह मोटरसाइकल अपने प्रतिद्वंदियों के लिए चिंता का सबब बन सकती है।

### कब होगा लॉन्च, क्या है संभावित कीमत

**रॉयल एनफील्ड गुरिल्ला 450 को अगले महीने की आखिर में या जुलाई के पहले हफ्ते में लॉन्च किया जा सकता है। रॉयल एनफील्ड की इस रोडस्टर बाइक का मुकाबला हालिया लॉन्च बजाज पल्सर एनएस400जी, ट्रायम्फ स्पीड 400, हीरो मैवरिक 440 और हार्ली डेविडसन एक्स440 समेत अन्य मोटरसाइकल से होगा और इसकी शुरूआती एक्स शोरूम प्राइस सवा दो लाख रुपये से ज्यादा हो सकती है।**

## सोने के भाव में आयी गिरावट

**एजेंसी। नई दिल्ली**

घरेलू सरार्फा बाजार में आज सप्ताह के पहले दिन ही सोने की कीमत में गिरावट नजर आ रही है। हालांकि चांदी में आज मजबूती नजर आ रही है। आज के काराबोर में सोना करीब 50 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हुआ है। इस गिरावट के कारण आज देश के ज्यादातर सरार्फा बाजारों में 24 कैरेट सोना 73,350 रुपये से लेकर 73,630 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 67,240 रुपये से लेकर 67,490 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। वहीं, चांदी के भाव में तेजी आने के कारण आज दिल्ली सरार्फा बाजार में चांदी 86,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 73,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 67,390 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 73,350 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 67,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## नोकिया 3210 4जी फोन स्नेक गेम के साथ लांच हुआ

**एजेंसी। नई दिल्ली**

नोकिया 3210 वापस आ गया है और इस बार आपको यह रंगीन स्क्रीन, 4जी सपोर्ट के साथ मिलेगा और यह यूट्यूब भी चलाता है। एचएमडी ग्लोबल ने क्लासिक नोकिया फोन को फिर से लॉन्च करने की आदत बना ली है और 3210 4जी इसके कैटलॉग में नवीनतम है। नोकिया 3210 4जी लोगों को डिजिटल डिटॉक्स में मदद करना चाहता है, लेकिन फिर भी उन्हें यूट्यूब सामग्री के माध्यम से इंटरनेट का कुछ अनुभव प्राप्त है। कंपनी ने कुछ हफ्ते पहले पहली बार नोकिया 3210 के लॉन्च का टीजर जारी किया था, जो कि मूल नोकिया 3210 फोन के आने के 25 साल पूरे हो गए हैं।




### नोकिया 3210 4जी फोन की कीमत

नोकिया 3210 4जी ने यूरोप में अपनी शुरूआत की है जहां इसके सिंगल वेरिएंट की कीमत एवफ 79.99 (लगभग 6,710 रुपये) है। एचएमडी ग्लोबल को इस साल के अंत में अन्य देशों में फोन लॉन्च करने की योजना बनानी चाहिए।

### नोकिया 3210 4जी फीचर

नए नोकिया फीचर फोन में 2.4-इंच QVGA डिस्प्ले मिलता है जो पुराना लग सकता है लेकिन इन कैंडी बार फोन के लिए यह सबसे अच्छा विकल्प है। यह 64जीबी रैम और 128जीबी ऑनबोर्ड स्टोरेज के साथ चिपसेट द्वारा संचालित है जिसे माइक्रोएसडी कार्ड स्लॉट के माध्यम से 32जीबी तक बढ़ाया जा सकता है।

**फोन में लोकप्रिय स्नेक गेम और क्लाउड-आधारित ब्राउजर के लिए समर्थन भी है जो आपको छोटी स्क्रीन पर शॉर्ट्स सामग्री देखने की सुविधा देता है। आप इन ऐप्स से समाचार भी पढ़ सकते हैं, या अन्य वीडियो देख सकते हैं।**

### शाहिद बेहिश्ती पोर्ट टर्मिनल, चाबहार के विकास के लिए

## इंडिया पोर्ट ग्लोबल लिमिटेड और ईरान के बंदरगाह समुद्री संगठन के बीच दीर्घकालिक हस्ताक्षर किए गए

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय और आयुष मंत्री, श्री सबानंद सोनोवाल ने शाहिद बेहिश्ती पोर्ट टर्मिनल, चाबहार के विकास के लिए दीर्घकालिक मुख्य अनुबंध के हस्ताक्षर समारोह का साक्षी बनने के लिए आज 13 मई 2024 को चाबहार, ईरान का दौरा किया। यह अनुबंध इंडिया पोर्ट ग्लोबल लिमिटेड (आईपीजीएल) और ईरान के बंदरगाह और समुद्री संगठन (पोर्ट्स एंड मैरीटाइम ऑर्गनाइजेशन-पीएमओ) के बीच हस्ताक्षरित किया गया।

केंद्रीय मंत्री ने अपने समकक्ष ईरान के सड़क और शहरी विकास मंत्री महामहिम मेहरदाद बज्रपाश, के साथ सार्थक द्विपक्षीय बैठक की। दोनों मंत्रियों ने सम्पर्क (कनेक्टिविटी) पहल में द्विपक्षीय सहयोग को और सुदृढ़ करने एवं चाबहार बंदरगाह को क्षेत्रीय सम्पर्क केंद्र (रीजनल कनेक्टिविटी हब) बनाने के लिए अपने नेताओं की साझा दूर दृष्टि को याद किया ।




इस मंत्रिस्तरीय यात्रा और दीर्घकालिक अनुबंध पर हस्ताक्षर से दोनों देशों के बीच संबंध और मजबूत होंगे तथा अफगानिस्तान और व्यापक मध्य एशियाई देशों के साथ व्यापार के प्रवेश द्वार के रूप में चाबहार का महत्व भी उजागर होता है। चाबहार बंदरगाह परियोजना का विकास भारत-ईरान की एक प्रमुख परियोजना है।

# चारों सीटों पर मतदान को लेकर दिखा भारी उत्साह

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि देश के चौथे व राज्य के पहले चरण के मतदान के दौरान मतदाताओं में भारी उत्साह देखने को मिला। इसके कई उदाहरण सामने आए।
खूंटी लोकसभा सीट के अनिगड़ा में विवाह की रस्में पूरी करने और विदाई से पहले नवविवाहिता प्रियंका सोयल अपने पति सुमित सोयल के साथ मतदान करने पहुंची। वहीं खूंटी, सिंहभूम और पलामू में भी सुबह से ही लंबी लाइन में वोटर अपनी बारी का इंतजार करते दिखे।
इधर पांचवे चरण के चुनाव के लिए अब तक कुल 36 उम्मीदवारों ने नामांकन का पर्चा भरा है। उसमें राजमहल (अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से सोमवार को 5 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इस निर्वाचन क्षेत्र से अब कुल 10 प्रत्याशी हो गये हैं। वहीं दुमका (अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से सोमवार को 7 नये नामांकन हुए। यहां भी अब तक कुल 10 लोग नामांकन कर चुके हैं। जबकि, गोड्डा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से सोमवार को 6 लोगों ने नामांकन किया। यहां अब तक कुल 16 लोगों ने नामांकन का पर्चा दाखिल कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक झारखंड में कुल 1 अरब,16 करोड़, 02 लाख, 8 हजार रुपये की अवैध सामग्री और नकदी जब्त किये गये हैं।






## वोट डालने डोली में पहुंचे लकवाग्रस्त पद्मश्री सिमोन उरांव

जल पुरुष पद्मश्री सिमोन उरांव ने रांची के बेड़ो प्रखंड के राजकीय मध्य विधालय बेड़ो बाजार टांड बूथ न 235 में मतदान किया। पिछले एक वर्ष से लकवाग्रस्त सिमोन को मतदान कराने निवार्ची पदाधिकारी सीओ प्रताप मिंज उनके घर से डोली में लेकर आये थे। फिर व्हीलचेयर में बैठाकर उन्हें बूथ तक लाया गया, जहां उन्होंने मतदान किया। मौके पर सिमोन बाबा ने सभी से शांतिपूर्ण मतदान करने की अपील की।

## झामुमो का चारों सीट पर जीत का दावा



**रांची।** झामुमो के महासचिव एवं प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने दावा किया है कि राज्य के चार लोकसभा क्षेत्र सिंहभूम, खूंटी , लोहरदगा और पलामू में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों कि जीत सुनिश्चित हो गई है। सोमवार को हुए मतदान के चार चुनावों से स्पष्ट हो गया कि आने वाले 10 लोकसभा क्षेत्रों का परिणाम क्या होगा। उन्होंने सोमवार को कहा कि भाजपा के प्रति जो क्रोध और असंतोष अपने मत से व्यक्त कर झारखंड राज्य के स्मिता, न्याय एवं लोकतंत्र को बचाने का जो संघर्ष शुरू हुआ वह निर्णायक होगा। आदिवासी-मूलवासी, दलित-पिछड़े एवं अल्पसंख्यक जन समूह के साथ हो रहे खिलवाड़ एवं अत्याचार पर रोक लग जाएगी। उन्होंने चारों लोकसभा क्षेत्रों के मतदाता को बहुत-बहुत बधाई, आभार एवं धन्यवाद् दिया है।

## बाबूलाल मरांडी ने मतदान के लिए जनता का जताया आभार



रांची। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सोमवार को राज्य के चार लोकसभा क्षेत्रों में संपन्न हुए शांतिपूर्ण मतदान केलिए जनता का आभार प्रकट किया। मरांडी ने कहा कि जनता ने मोदी की गारंटी पर विश्वास और भरोसा जताया है। मतदान प्रतिशत को देखते हुए यह स्पष्ट है कि जनता तीसरी बार मोदी सरकार केलिए संकल्पित है। मरांडी ने चुनाव आयोग, सुरक्षाबलों एवं मतदान कर्मियों का भी आभार प्रकट किया।

# दस साल से केंद्र सरकार जुमलेबाजी के साथ सर्कस और करतब दिखा रही : कल्पना सोरेन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने सोमवार को चतरा लोकसभा सीट से इंडी गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी के समर्थन में लातेहार में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि झारखण्ड समेत पूरे देश में चुनाव की हवा बदल चुकी है। गर्मी के इस मौसम में भी जनता का जोश अद्भुत है, क्यूंकि इस बार तानाशाही ताकतों के खिलाफ जनता ही लोकसभा का चुनाव लड़ रही है । देश में दस साल शासन करने वाली केंद्र सरकार की जुमलेबाजी, सर्कस और करतब को सभी ने देखा है। आप सभी के आशीर्वाद से 2019 में आपके बेटे और भाई हेमन्त ने राज्य में गठबंधन सरकार बनायी, लोगों को अधिकार देना शुरू किया। इनको लगा कि झारखण्ड को मदद नहीं देंगे, तो राज्य आगे नहीं बढ़ पायेगा। लेकिन हेमन्तजी ने रोटी, कपड़ा और मकान सुनिश्चित करने के साथ-साथ कई योजनाओं से लाखों लोगों को जोड़ने का काम किया। आज तानशाही ताकतों के षड्यंत्र के कारण हेमन्त जी जेल में हैं मगर उनके सिपाही इंडी गठबंधन के सिपाही आप सभी के बीच, दिल्ली में आपकी आवाज उठाने के लिए आपके बीच आये हैं। लोगों से अपील करते हुए कल्पना ने कहा कि चतरा लोकसभा क्षेत्र से हाथ छाप इंडी गठबंधन के प्रत्याशी के एन त्रिपाठी को अपना वोट देकर इंडी गठबंधन के हाथ मजबूत करें।



## झारखंड की अस्मिता और अपने हक-अधिकार की रक्षा के लिए जनता करेगी मतदान : कल्पना

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने कहा कि चार सीटों पर झारखंड में मतदान चल रहा है। राज्य के सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू लोकसभा क्षेत्र की जनता झारखंड की अस्मिता और अपने हक-अधिकार की रक्षा के लिए अपने जनप्रतिनिधि का चुनाव करेगी। जनता देश के लोकतंत्र की रक्षा के लिए अपने मतों का उपयोग करेगी। सोरेन ने सोमवार को इसे लेकर सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट किया है। उन्होंने लिखा है कि यह पहली बार होगा जब राज्य में इस महापर्व के अवसर पर झारखंड वासी हेमंत सोरेन के बगैर चुनाव में अपनी भूमिका निभायेंगे। हेमंत को जरूर अन्यायपूर्ण ढंग से जेल में बंद कर दिया गया है मगर उनकी सोच, उनका संघर्ष और उनकी शुभकामनाएं समस्त राज्य वासियों के साथ हैं। उन्होंने लिखा है कि इस महत्वपूर्ण दिन पर आप सभी से अपील है कि भारी से भारी संख्या में अपने बूथ केंद्रों में पहुंचकर अपने हक-अधिकार की आवाज को दिल्ली पहुंचाने के लिए अपने मतों का उपयोग अवश्य करें।



## चारों सीटों पर जनता ने पीएम मोदी पर भरोसा जताया : आदित्य

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू ने कहा कि झारखंड में पहले चरण में चार लोकसभा सीटों के लिए मतदान हुए। जिसमें झारखंड की जनता ने उत्साह के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आस्था और विश्वास व्यक्त करते हुए मतदान किया। जनता के रुझान से स्पष्ट हो गया है कि इन चारों लोकसभा सीटों से एनडीए प्रत्याशी रिकॉर्ड मतों से जीत दर्ज करेंगे।आदित्य साहू सोमवार को हरमू रोड स्थित मीडिया सेंटर में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड की गठबंधन सरकार ने जनता को धोखा दिया है। ठगने का काम किया है। साढ़े चार साल के कार्यकाल में ठगबंधन सरकार ने झारखंड को लूटने का काम किया है। विकास का काम अवरुद्ध करने का काम किया है। जनता इनसे त्रस्त हो चुकी है। इस ठगबंधन को जनता ने वोट के माध्यम से नकारने का काम किया है। चुनाव परिणाम आने पर यह स्पष्ट हो जाएगा।साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले 10 साल में सभी वर्ग की चिंता की है। प्रत्येक दरवाजे पर विकास करके माध्यम से दस्तक दिया है। देश की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की है। दुश्मनों को करारा जवाब दिया है। युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर काम किया है। इससे प्रभावित होकर बड़ी संख्या में युवाओं ने प्रधानमंत्री मोदी को पीएम बनने के लिए वोट किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने महिलाओं को धुएं से आजादी दिलाई। घर-घर शौचालय का निर्माण कराया। गैस कनेक्शन दिया। इससे प्रभावित होकर महिलाओं ने प्रधानमंत्री मोदी को वोट दिया है। गरीब वर्ग के लोगों ने उनकी योजनाओं से प्रभावित होकर भाजपा को वोट दिया है। शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न करने के लिए चुनाव आयोग के प्रति भी आभार प्रकट किया।

## न्यूज बॉक्स

### भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा ने पति मधु कोड़ा के साथ किया मतदान



**चाईबासा।** सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा और उनके पति पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा ने सोमवार को मतदान किया। गीता कोड़ा और मधु कोड़ा ने गृह क्षेत्र पताहातू में आम मतदाताओं की कतार में खड़े होकर मतदान किया। इससे पूर्व मतदान की प्रक्रिया पूरी की और अंगुली में स्याही लगवायी। इस दौरान उन्होंने लोगों से वोट देने की अपील की।

### चक्रधरपुर में झामुमो प्रत्याशी जोबा मांझी ने किया मतदान



**चक्रधरपुर ।** सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र से इंडी महागठबंधन की प्रत्याशी जोबा मांझी ने मतदान किया। जोबा मांझी ने चक्रधरपुर स्थित कारमेल बालिक मध्य विद्यालय के बूथ संख्या- 219 में पुत्र उदय मांझी के साथ मतदाताओं के साथ कतार में खड़े होकर मतदान किया। उन्होंने लोगों से लोकतंत्र के इस महापर्व में शामिल होने के लिए वोट जरूर देने की अपील की।

### राजद की बैठक में यशस्विनी सहाय को विजयी बनाने के लिए बनी रणनीति



**रांची ।** राष्ट्रीय जनता दल के चुनावी कार्यालय धुर्वा में सोमवार को पार्टी के जिला पदाधिकारियों और सक्रिय कार्यकताओं की संयुक्त बैठक हुई। बैठक में रांची लोकसभा क्षेत्र से गठबंधन की कांग्रेसी उम्मीदवार यशस्विनी सहाय को विजयी बनाने की रणनीति बनाई गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए राजद के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र महतो ने कहा कि रांची लोकसभा क्षेत्र के सभी नौ प्रखंडों में राजद कार्यकर्ता चुनाव प्रचार में जुट जाएं। हर बूथ पर पांच-पांच कार्यकताओं की मौजूदगी सुनिश्चित करें ताकि बूथ पर विपक्षी दलों के जरिये की जाने वाली साजिश को रोका जा सके और मतदाता भी शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके से मतदान कर सकें । महतो ने कहा कि जिला स्तर पर एक चुनाव समिति का गठन किया गया है, जिसमें जिला स्तर के सात पदाधिकारियों को शामिल किया गया है। यह चुनाव समिति हर दिन चुनाव प्रचार के कार्यों की समीक्षा करेगी और बेहतर से बेहतर ढंग से चुनाव प्रचार के लिए अपना सुझाव कार्यकताओं को देगी।

### लोहरदगा में भाजपा प्रत्याशी और कांग्रेस प्रत्याशी ने किया मतदान




**गुमला।** लोहरदगा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव ने सोमवार को बिशनपुर प्रखंड अंतर्गत बूथ संख्या 141 राज्यकीय मध्य विद्यालय में मतदान की। उन्होंने लोगों से मतदान की अपील की।



कांग्रेस के प्रत्याशी सुखदेव भगत ने नदिया हिंदू उच्च विद्यालय स्थित मतदान केंद्र में पूरे परिवार के साथ पहुंचकर वोट डाला। साथ ही उन्होंने जीत का दावा भी किया। सुखदेव भगत ने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा को लेकर इस बार मतदाता मताधिकार का उपयोग कर रहे हैं।

## भाजमो राजनीति में तीसरी धारा, धर्म निष्पेक्षिता का रखेंगे भाव : सरयू राय

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
भारतीय जनतंत्र मोर्चा के संरक्षक और जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने सोमवार को एक पार्टी का संकल्प पत्र जारी किया। संकल्प पत्र में 18 बिंदु हैं जो शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग, जनजातीय कल्याण से लेकर लोक संस्कृति बचाने की बातें करता है। संकल्प पत्र पार्टी के लालपुर कार्यालय में जारी किया गया। कहा, भाजमो तीसरी धारा के रूप में चुनाव लड़ेगा। हम लोग धर्म निष्पेक्षिता का भाव रखेंगे। हमारा चुनाव चिन्ह गैस सिलेंडर है। भाजमो प्रत्याशी धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि वह राष्ट्रीय विकास के मानचित्र पर रांची को अव्वल स्थान दिलाने के लिए सदैव तत्पर रहेंगे।



# राज्य के पहले चरण में ही जनता ने भाजपा को नकारा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि देश की जनता ने पहले तीन चरणों के चुनाव में दिखा दिया कि इस बार रोजगार और प्रगति वाली इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। वहीं आज चौथे चरण का मतदान भी इंडिया गठबंधन की ओर है क्योंकि मतदाता इस बात को समझ चुके हैं कि हमारा हर एक वोट संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए है और इसलिए झारखंड के प्रथम चरण के चुनाव में मतदाता का जोश, उमंग चार लोकसभा सीटों पर दिखी, उसे साफ प्रतीत हुआ कि मतदाता



का रुझान कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के पक्ष में और भाजपा को नकारने का काम किया। उन्होंने कहा कि भयंकर महंगाई, बेरोजगारी के विरूद्ध और प्रधानमंत्री के दस सालों का झूठ को नकारने का काम किया और राहुल गांधी जी पांच न्याय और 25 गारंटी पर भरोसा जताया।
प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि देश के चौथे चरण और राज्य का पहला चरण का चुनाव प्रधानमंत्री को हताश और निराश फिर एक बार कर दिया। झारखंड में हम चार का चारों सीट कांग्रेस और इंडिया गठबंधन जीतने का काम करेगी।

# विकास आधारित राजनीति एनडीए का सबसे मजबूत आधार : सुदेश महतो

*देश की जनता ने मोदी जी के विकास कार्यों पर अटूट विश्वास दिखाया है।*

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
आजसू के केंद्रीय अध्यक्ष व पूर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो ने सिल्ली स्थित आम बागान में एनडीए की महत्वपूर्ण बैठक में शामिल हुए। इस दौरान रांची लोकसभा क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी संजय सेठ समेत गठबंधन के कई पदाधिकारी भी उपस्थित रहें। बैठक में रांची लोकसभा सीट में पुनः एनडीए का परचम लहराने के लिए आपसी तालमेल और साझेदारी के साथ कार्य करने की साझा रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा हुई। आजसू प्रमुख ने कहा कि विकास आधारित राजनीति ही एनडीए की मजबूती का आधार



है। लोकसभा चुनाव में रांची संसदीय क्षेत्र से बड़ी जीत दर्ज करने के लिए सभी कार्यकर्ता समन्वय और जिम्मेदारी के साथ काम करें। उन्होंने कहा कि आज हर वर्ग के लोगों को उनका हक,अधिकार और जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ मिल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 55 साल तक देश में राज किया है। इन्होंने देश के अंदर ऐसी परिपाटी को जन्म दिया था जिसमें देश की एक बड़ी आबादी को उचित अवसर नहीं मिल पाता था। परिवार का विकास ही इनका मूल एजेंडा है। देश की जनता ने मोदी जी के विकास कार्यों पर अटूट विश्वास दिखाया है। उनके कुशल नेतृत्व में भारत ने विकास की नई ऊंचाइयों को छुआ है। वैश्विक पटल पर भारत की पहचान मजबूत हुई है। मौके पर उपस्थित सभी पदाधिकारियों और कार्यकताओं को संबोधित करते हुए रांची लोकसभा क्षेत्र से आजसू समर्थित बीजेपी प्रत्याशी संजय सेठ ने कहा कि आजसू और भाजपा का गठबंधन राज्य में ऐतिहासिक जीत दर्ज कर मोदी जी के 400 के पार के लक्ष्य को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगी। इस अवसर पर आजसू पार्टी से केंद्रीय सचिव सुनिल सिंह, सुशिल महतो, रांची जिप उपाध्यक्ष बीणा चौधरी, चितरंजन महतो, शंकर मुण्डा, सोमरा बेदिया, विजय उरांव, रंगबहादुर महतो, जलेश्वर महतो, चंचला भोगता, धरनी देवी, सुशेन प्रमाणिक, उज्जवला देवी, रमेश मुण्डा, सारथी देवी, अनिता देवी मुख्य रूप से उपस्थित थें। भाजपा से छत्तीसगढ़ के लुंड्रा विधानसभा विधायक प्रबोध मिंज, डॉ राकेश भास्कर, जितेंद्र सिंह पटेल, धीरज महतो, विनोद साहू, मनीष मेहता इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## प्रचार खत्म होने के बाद कांग्रेस विधायक को चुनावी सभा करना पड़ा महंगा

**रांची।** मांडर से कांग्रेस विधायक शिल्पी नेहा तिर्की के खिलाफ सोमवार को मांडर बीडीओ मनोरंजन कुमार के आवेदन पर नरकोपी थाने में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की प्राथमिकी दर्ज की गयी। मिली जानकारी के अनुसार शिल्पी नेहा तिर्की ने 12 मई को लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के मांडर के सरवा पंचायत स्थित भोबरो गांव में एक जनसभा की थी। उन्होंने इस सभा को संबोधित भी किया गया। इसे लेकर विधायक के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है। शिल्पी नेहा तिर्की पर आईपीसी की धारा 188 और 126 के तहत एफआईआर दर्ज किया गया है। डीएसपी अखिल नितीश कुजूर ने बताया कि मामले को लेकर बीडीओ के आवेदन पर एफआईआर दर्ज किया गया है। मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।उल्लेखनीय है कि झारखंड में होने वाले चौथे लोकसभा चुनाव का प्रचार 11 मई शाम पांच बजे ही थम गया था।

# संजय सेठ ने खटाल के लोगों का नहीं रखा कभी ख्याल : कैलाश यादव

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राजद की ओर से रांची लोकसभा चुनाव क्षेत्र से महागठबंधन प्रत्याशी यशस्विनी सहाय के पक्ष में जगरनाथपुर,बिरसा चौक, ऋषभ नगर में राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने साथियों संग जनसंपर्क अभियान चलाया गया। जनसंपर्क अभियान के बाद राजद प्रवक्ता ने कहा कि कार्यक्रम के दौरान जनता का जोरदार समर्थन मिल रहा है। इस दौरान आम लोगों में बीजेपी से जबर्दस्त नाराजगी है । सभी लोगों ने कहा कि 10 वर्षो के मोदी सरकार में हम लोगों को कुछ नहीं मिला, सिर्फ बड़ी बड़ी बातें कही गई । बेरोजगारी और महंगाई से जनता काफी त्रस्त है, स्वास्थ चिकत्सा और शिक्षा काफी महंगी हो गई है, इसलिए इस बार परिवर्तन होना जरूरी है। महासचिव कैलाश यादव ने लोगों से कहा कि रांची का सांसद संजय सेठ



का एक भी काम ऐतिहासिक नहीं रहा और न ही जनहित में कोई काम किया। अत्यंत अफसोस की बात है कि सांसद संजय सेठ आज तक रांची के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के किसी भी खटाल क्षेत्र में जाकर खटाल कर्मियों का खस्ताहाल और तकलीफों के विषय में जानकारी प्राप्त नहीं किया । यहां तक कि दुग्ध उत्पादकों के डेयरी फार्म में कोई भी समुचित व्यवस्था का जायजा नही ले सके। इस बार रांची लोकसभा सहित राज्य के सभी लोकसभा क्षेत्र से बीजेपी एनडीए के सभी प्रत्याशियों के खिलाफ वोट देकर महागठबंधन के सभी 14 प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित कर देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनानी । यादव के कहा कि रांची ग्रामीण एवं महानगर क्षेत्रों में राजद के तमाम नेतागण रांची लोकसभा क्षेत्र में प्रतिदिन नुक्कड़ सभा कर जनजागरण अभियान चलाएंगे । कार्यक्रम में सुधीर गोप नंदन यादव सुनील यादव प्रिंस ठाकुर चंदन यादव रामकुमार यादव उमेश राय मुखा राय राजदेव राय सर्जुन यादव दीपक राय राहुल यादव रोहित कुमार भरत राय राम इकबाल चौधरी मैनेजर राय चंद्रिका यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे ।






## चुनाव के रंग


केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने सोमवार को हमीरपुर लोकसभा से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।


बिहार के पाटलिपुत्र निर्वाचन क्षेत्र से राजद उम्मीदवार मीसा भारती ने को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।


कांग्रेस उम्मीदवार गुरजीत सिंह औजला ने अमृतसर में पार्टी के वरिष्ठ नेता हरीश चौधरी की उपस्थिति में अमृतसर लोकसभा सीट से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।




सोमवार को पुणे में लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में वोट डालने के बाद एक युवा मतदाता अपनी स्याही लगी उंगली की सेल्फी क्लिक करती।

# हैदराबाद से भाजपा उम्मीदवार माधवी लता के खिलाफ केस दर्ज



**हैदराबाद।** हैदराबाद पुलिस ने सोमवार को हैदराबाद लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार के. माधवी लता के खिलाफ मामला दर्ज किया है। दरअसल, उन्होंने बुर्का पहने कुछ मुस्लिम महिला मतदाताओं से अपनी पहचान सत्यापित करने के लिए एक मतदान केंद्र पर अपना चेहरा दिखाने के लिए कहा था। मलकपेट थाने में माधवी लता के खिलाफ आईपीसी की धारा 171सी, 186, 505(1)(सी) और लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 132 के तहत मामला दर्ज किया गया है। भाजपा उम्मीदवार माधवी लता का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह मुस्लिम महिलाओं के पहचान पत्र की जांच करने और उन्हें अपना चेहरा दिखाने के लिए कह रही हैं। वीडियो वायरल होने के बाद हैदराबाद जिला कलेक्टर और जिला मजिस्ट्रेट अनुदीप दुरीशेट्टी (जो हैदराबाद लोकसभा क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी भी हैं) ने कहा कि माधवी लता के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। माधवी लता का सीधा मुकाबला एआईएमआईएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी से है, जो लगातार पांचवीं बार हैदराबाद से चुनाव लड़ रहे हैं।


गढ़वा जिले के मेराल प्रखंड मुख्यालय की बूथ संख्या 60 पर दिव्यांग निजामुद्दीन अंसारी तीन किलोमीटर ट्राइसाइकिल चलाकर वोट डालने पहुंचे। यहां एक पुलिस अधिकारी ने गोद में उठा उन्हें बूथ के अंदर तक पहुंचाया।

## वोट डालकर कक्ष से बाहर निकले मतदाता की हार्ट अटैक से मौत

**हरदोई।** बालामऊ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत शेर बहादुरपुर के प्राथमिक विद्यालय में बने बूथ संख्या 74 में वोट डालकर बाहर निकले मतदाता राजू (48) अचानक गिर गया। जब तक उसे उठाया जाता, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। प्राथमिक जांच में हार्ट अटैक से मौत होने की बात सामने आई है। बेनीगंज कोतवाली क्षेत्र के दोबरा गांव निवासी राजू सोमवार दोपहर करीब दो बजे गांव से लगभग दो किलोमीटर दूर स्थित प्राइमरी पाठशाला में वोट डालने गया था। वोट डालकर बाहर निकलते ही हार्ट अटैक पड़ने से उसकी मौत हो गई।

# वाईएसआर कांग्रेस विधायक ने की मतदान करने आए व्यक्ति से मारपीट, वीडियो वायरल



**एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में मतदान के दौरान मतदाताओं के साथ दुर्व्यवहार और मारपीट की एक एक घटना सामने आई है। इससे संबधित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। यह घटना आंध्रप्रदेश के तेनाली मतदान केंद्र की है।

आंध्र प्रदेश के गुंटूर में मतदान के बीच आरोप है कि वाईएसआर कांग्रेस विधायक व प्रत्याशी ए शिवकुमार ने वोट देने आए एक व्यक्ति के साथ मारपीट की। वोट डालने के लिए कतार में खड़े एक मतदाता ने विधायक ए शिवकुमार को लाइन कूदने की कोशिश पर आपत्ति जताई। इससे क्रोधित विधायक ने उस मतदाता के साथ मारपीट की। वीडियो में सबसे पहले मतदाता को विधायक थप्पड़ मारते हुए देखे जा रहे हैं , इसके बाद उस विधायक को थप्पड़ मारते मतदाता दिख रहा है। तभी विधायक के कार्यकर्ताओं ने उस मतदाता घेर लिया। दूसरा वीडियो कांग्रेस नेता नागेश शेतकर जहीराबाद के कांग्रेस उम्मीदवार सुरेश शेतकर के भाई की है। इस वीडियो में कांग्रेस नेता नागेश शेतकर जो जहीराबाद के कांग्रेस उम्मीदवार सुरेश शेतकर के भाई हैं, तीखी बहस के बाद एक मतदाता को उसकी बाइक को लात मारते हुए नजर आ रहे हैं।

## अन्ना हजारे ने मतदाताओं से बेदाग उम्मीदवार चुनने की अपील की



**मुंबई।** वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे ने सोमवार को मतदाताओं से बेदाग उम्मीदवारों को ही अपना वोट देने की अपील की। अन्ना हजारे ने आरोपित उम्मीदवारों को मतदान न करने की भी अपील की है। अन्ना हजारे ने सोमवार को अहमदनगर में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मौके पर उन्होंने पत्रकारों को बताया कि देश की चाबी मतदाताओं के हाथ में है इसलिए इस चाबी का सही इस्तेमाल कर सही उम्मीदवार को चुना जाना चाहिए। अन्ना हजारे ने कहा आज लोकतंत्र का बहुत बड़ा उत्सव है और सभी को इस उत्सव में भाग लेना चाहिए और मतदान करते समय चरित्रवान और ईमानदार व्यक्ति को वोट देना चाहिए। चूंकि देश की चाबी मतदाताओं के हाथ में है इसलिए इस चाबी का इस्तेमाल सही तरीके से करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पैसे लेकर वोट देना देश का दुर्भाग्य है और शहीदों का अपमान है। इसलिए बेदाग उम्मीदवारों को चुनें। इस मौके पर अन्ना हजारे ने कथित शराब घोटाला मामले को लेकर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की भी कड़ी आलोचना की। अन्ना हजारे ने कहा कि शराब की लत में पैसा डूब जाने के कारण उन्होंने यह भ्रष्टाचार किया है। उन्होंने ऐसे लोगों को न चुनने का भी आग्रह किया है।


अधीर रंजन चौधरी बरहामपुर में लोस चुनाव के चौथे चरण के लिए वोट डालने के बाद अमिट स्याही लगी अपनी उंगली दिखाते हुए।


टीएमसी उम्मीदवार यूसुफ पठान मुर्शिदाबाद जिले के बेलडांगा में लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के मतदान के दौरान एक मतदान केंद्र का दौरा करते हुए।


के.चंद्रशेखर राव को सिद्दीपेट, तेलंगाना में लोस चुनाव के चौथे चरण के लिए वोट डालने के बाद अपनी स्याही लगी उंगली दिखाते हुए।


मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव उज्जैन में लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए वोट डालने के बाद अमिट स्याही लगी अपनी उंगली दिखाते हुए।




उमर अब्दुल्ला श्रीनगर में चौथे चरण के दौरान एक मतदान केंद्र पर वोट डालने के बाद अपनी स्याही लगी उंगली दिखाते हुए।

तेलुगु देशम पार्टी के प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू और पत्नी नारा भुवनेश्वरी सोमवार, को आंध्र प्रदेश के उंडावल्ली में लोस चुनाव के दौरान वोट डालने के बाद अपनी स्याही लगी उंगली दिखाते हुए।





## चिरंजीवी, जूनियर एनटीआर, अल्लू अर्जुन ने हैदराबाद में डाला वोट

**हैदराबाद।** लोकसभा चुनाव के चौथे चरण का मतदान हो रहा है, इस कड़ी में टॉलीवुड सितारे के. चिरंजीवी, जूनियर एनटीआर और अल्लू अर्जुन ने हैदराबाद में मतदान किया। चिरंजीवी ने अपनी पत्नी सुरेखा के साथ पॉश जुबली हिल्स के मतदान केंद्र पर वोट डाला। जूनियर एनटीआर ने अपनी पत्नी लक्ष्मी प्रणीति और मां शालिनी के साथ जुबली हिल्स के ओबुल रेड्डी स्कूल में मतदान केंद्र पर वोट डाला। वे सुबह 7 बजे मतदान प्रक्रिया शुरू होने से पहले ही केंद्र पर पहुंच गए और अपने वोट डालने के लिए कतार में खड़े रहे। अल्लू अर्जुन भी फिल्म नगर स्थित बीएसएनएल कार्यालय में वोट डालने के लिए कतार में खड़े दिखाई दिए। एक्टर नरेश ने नानकरामगुडा के एक मतदान केंद्र पर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। चिरंजीवी ने सभी लोगों, खासकर युवा मतदाताओं से वोट देने की अपील की।


KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More "

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com